सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-17 अंक-174 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, रविवार, 03 दिसम्बर 2023
17 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

सीएम योगी ने 50 बसों, 38 इंटरसेप्टर वाहनों व 12 प्रचार वैन को दिखाई हरी झंडी

परिवहन प्रदेश के अंदर ट्रांसपोर्ट का महत्वपूर्ण माध्यम है: योगी

- सीएम ने दिया 4100 इलेक्ट्रिक वाहन स्वामियों को अनुदान राशि

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शनिवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित कार्यक्रम में 50 बसों, 38 इंटरसेप्टर और 12 वैन हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही उन्होंने इस दौरान 4100 इलेक्ट्रिक वाहन स्वामियों को अनुदान राशि दी। इसके बाद उन्होंने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के साथ ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के ऑटोमेशन के लिए एमओयू भी किया गया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में महिलाओं को वाहनों का प्रशिक्षण देने के लिए मारुति सुजुकी कंपनी के साथ में उत्तर प्रदेश के परिवहन विभाग क़रार किया। 5 कालिदास मार्ग आवास पर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम की शुरुआत की। राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, परिवहन प्रदेश के अंदर ट्रास्पोर्ट का महत्वपूर्ण माध्यम है। परिवहन विभाग के पास अगर बसों का अपना बेड़ा न होता तो प्रयागराज में कुंभ के दौरान बेहतरीन सेवाएं न होती। उस समय परिवहन विभाग ने जो सेवाएं दी थी वह अवर्णीय है, हर एक व्यक्ति ने उसकी तारीफ की थी। इस खास मौके पर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, आज प्रदेश को परिवहन निगम काफी चीजें उपलब्ध करा रहा है।

फिलीपींस में भूकंप से कांपी धरती

मिंडानाओ। फिलीपींस में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि फिलीपींस के मिंडानाओ में 7.4 की तीव्रता के झटके लगे हैं। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, फिलीपींस के मिंडानाओ में शक्तिशाली भूकंप आज रात लगभग 8.07 बजे आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई है। समाचार एजेंसी एपी के अनुसार, दक्षिणी फिलीपींस में 7.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि भूकंप की तीव्रता को देखते हुए दक्षिणी फिलीपींस और इंडोनेशिया, पलाऊ और मलेशिया के कुछ हिस्सों में सुनामी की लहरें आने की आशंका है। फिलीपीन की एक सरकारी एजेंसी ने मिंडानाओ के पूर्वी तट सुरिगाओ डेल सुर और दावाओ ओरिएंटल प्रांतों के निवासियों को ऊंचे स्थानों पर जाने के निर्देश दिए हैं।

अयोध्या में निर्माणाधीन एयरपोर्ट का सीएम योगी ने किया निरीक्षण

- रामलला के विराजने से पहले शुरू होगी उड़ान

अयोध्या। अयोध्या का मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 15 दिसंबर तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसका लोकार्पण 22 जनवरी को रामलला के नए मंदिर में विराजने के पहले किया जाएगा। इसी के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उड़ान भी शुरू हो जाएंगी।

यह जानकारी शनिवार को एयरपोर्ट के निर्माण कार्य का निरीक्षण और समीक्षा करने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दी। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया तेजी के साथ समयबद्ध तरीके से कम कर रही है। राम मंदिर का लोकार्पण होने से पूर्व अयोध्या को हवाई सेवा से जोड़ दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि कोई भी देशी या विदेशी पर्यटक जब यहां के एयरपोर्ट पर प्रवेश करेगा तो अयोध्या की सांस्कृतिक विशेषता और क्षमता का एहसास करेगा। उन्होंने कहा कि अभी पहले चरण के काम को पूरा किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण के काम की स्वीकृति कैबिनेट से ली जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि अयोध्या अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर चमकते सितारे की तरह जगमगाए।

मप्र का सीएम हाईकमान तय करेगा

- 103 सीटों पर घूमा, भाजपा 150 सीटें जीत रही: कैलाश
- शिवराज से नाराज है आलाकमान ?

इंदौरा। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और इंदौर 1 सीट से भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि भाजपा मध्य प्रदेश के साथ-साथ राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी सरकार बनाएगी।

विजयवर्गीय ने शनिवार को इंदौर में एएनआई से बात करते हुए यह टिप्पणी की और रविवार को होने वाली वोटों की गिनती से पहले भाजपा सरकार बनने का विश्वास जताया। जब विजयवर्गीय से मध्य प्रदेश में बीजेपी और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर का दावा करने वाले कुछ एग्जिट पोल नतीजों के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, संभवतः उन्होंने चैंबर में बैठकर सर्वे किया होगा। जो सर्वे जमीन पर हुए हैं, उनमें साफ तौर पर कहा गया है कि बीजेपी सरकार बनाएंगे। सरकार सिर्फ मध्य प्रदेश में ही नहीं बल्कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी बननी है। बताया यह भी जा रहा है कि महासचिव कैलाश विजयवर्गीय बीते दिनों पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिले है। उनकी यह मुलाकात बंद कमरे में हुई थी। यही कारण है कि इसको लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि, विजयवर्गीय ने साफ तौर पर कहा कि चुनाव को लेकर कोई बात नहीं हुई है। उनसे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लेकर भी सवाल पूछा गया। पूछा गया कि क्या मुख्यमंत्री से आलाकमान नाराज है? इसको लेकर उन्होंने कहा कि आलाकमान शिवराज सिंह चौहान से नाराज नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इतनी फुरसत नहीं है आलाकमान को कि किसी से नाराज हों। मुख्यमंत्री से सवाल पर उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, यह दिल्ली में बैठे नेता तय करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा में इंटरनल डेमोक्रेसी है। वहां विधायक दल की बैठक होगी। नाम तय होगा। उसके बाद पार्लियामेंट्री बोर्ड उस पर मुहर लगाएगा।

देश की मध्यस्थता व्यवस्था पर रिटायर्ड जजों का कब्जा है: धनखड़

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि रिटायर्ड जजों ने देश की मध्यस्थता व्यवस्था को अपनी मुट्ठी में किया हुआ है। कहा कि अन्य योग्य लोगों को यहां मौके नहीं दिए जा रहे हैं। अब समय आ गया है, जब हमें आत्म अवलोकन करने की जरूरत है और जरूरी बदलाव करने की जरूरत है और अगर जरूरत पड़े तो कानून बनाकर ये बदलाव किए जाएं। इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ ऑर्बिट्रेशन में एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी देश में या किसी अन्य व्यवस्था में रिटायर्ड जजों की मध्यस्थता व्यवस्था पर इतनी मजबूत पकड़ नहीं है, जितनी हमारे देश में है। उपराष्ट्रपति ने कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की भी तारीफ की। एक व्यक्ति इस देश की न्यायपालिका में बड़े बदलाव कर रहा है और वो हैं देश के मुख्य न्यायाधीश।

आगरा में सड़क हादसा महिला सहित पांच की मौत

- गुरुद्वारा गुरु के ताल पर ट्रक ने ऑटो को रौंदा
- ट्रांसपोर्ट नगर की ओर से आ रहा था ट्रक

आगरा। आगरा में सिकंदरा हाईवे पर गुरुद्वारा गुरु का ताल के सामने शनिवार को भीषण हादसा हुआ। ट्रांसपोर्ट नगर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने लालबत्ती पर खड़े ऑटो को रौंद दिया। उसमें सवार पांच यात्रियों की मौत बताई जा रही है।

पुलिस ऑटो में फंसे शवों को बाहर निकालने का प्रयास कर रही है। ऑटो में आगे खड़े ट्रक और पीछे से आकर टक्कर मारने वाले ट्रक के बीच फंस गया। दुर्घटना को देख वहां मौजूद लोग कांप उठे। घटना दोपहर करीब सवा तीन बजे की है। सिकंदरा हाईवे स्थित गुरुद्वारा गुरु का ताल कट पर भगवान टाकीज चौराहे की ओर से आने वाले यातायात रुका हुआ था। सिकंदरा रेलव ओवर ब्रिज ओर गुरुद्वारा से आने वाले वाहन हाईवे क्रास कर रहे थे।इसी दौरान ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे की ओर से आते तेज रफ्तार राजस्थान नंबर के ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। ऑटो आगे खड़े ट्रक में फंस गया। सवारियों को चीखने का भी मौका नहीं मिल सका।

चक्रवात में बदल जाएगा तूफान

- तमिलनाडु और आंध्रा में भारी बारिश का अनुमान

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने शनिवार को कहा कि बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी के ऊपर दबाव का क्षेत्र रविवार को चक्रवाती तूफान में तब्दील हो जाएगा। जिससे तमिलनाडु के उत्तरी तटीय जिलों और आंतरिक इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश संभव है। आईएमडी ने अपने बुलेटिन में बताया कि तूफान 4 दिसंबर (सोमवार) की सुबह तक दक्षिण आंध्र प्रदेश और उत्तरी तमिलनाडु तटों से होते हुए पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी पहुंचेगा। इसके बाद 5 दिसंबर को नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच आंध्र प्रदेश तट को पार कर जाएगा। मौसम विभाग ने अपनी भविष्याणी में कहा कि चक्रवात के कारण 80 से 100 किमी प्रति घंटे की स्पीड से हवाएं चलेंगी। चेन्नई के मौसम विज्ञान के उप महानिदेशक एल बालचंद्रन ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर दबाव है। यह उत्तर पश्चिम की तरफ बढ़ रहा है। अगले 24 घंटों में चक्रवात के और अधिक केंद्रित होने की संभावना है।

संजय सिंह की बढ़ेंगी मुश्किलें

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली शराब नीति मामले में आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह और अन्य आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। जांच एजेंसी ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के राउज एवेन्यू कोर्ट में 60 पन्नों की चार्जशीट दायर की। संजय सिंह को ईडी ने उत्पाद नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। इस साल अक्टूबर में दिल्ली में उनके आवास पर नौ घंटे की तलाशी के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, जो कि आप के लिए एक और झटका था। अभियोजन की शिकायत धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत एक स्थानीय अदालत के समक्ष दायर की गई है। यह इस मामले में एक पूरक आरोपपत्र है क्योंकि एजेंसी ने पहले ऐसी लगभग पांच शिकायतें दर्ज की थीं। दिल्ली पर शासन करने वाली आप ने गिरफ्तारियों और मामले को राजनीतिक जादू-टोना कहा है।

सफेद रंग की ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के पीआर स्टंट में व्यस्त हैं पीएम: खड़गे

- आम लोगों के लिए स्लीपर क्लास से रेल यात्रा करना हुआ बहुत महंगा हुआ

आम लोगों के लिए स्लीपर क्लास से रेल यात्रा करना हुआ बहुत महंगा हुआ है और स्लीपर कोच की भी संख्या घटा दिए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि इस साल 10 प्रतिशत से ज्यादा ट्रेनें लेट हुई हैं। उन्होंने कहा कि रेल बजट ख़त्म कर के मोदी सरकार ने जवाबदेही से छुटकारा पा लिया है। उन्होंने वार करते हुए कहा कि मोदी जी केवल वाहवाही बटोरने के लिए, सफ़ेद रंग दी गई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के पीआर स्टंट में व्यस्त हैं पर आम जनता की सुरक्षा, सुविधा, सहूलियत और राहत पर रत्ती भर भी ध्यान नहीं दे रहें हैं।

नई दिल्ली। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को भारतीय रेलवे की स्थिति को लेकर केंद्र पर हमला किया और आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने रेलवे को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर पीआर स्टंट करने और आम लोगों की सुरक्षा, सुविधा और राहत पर ध्यान नहीं देने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस प्रमुख ने यह भी आरोप लगाया कि इस साल 10 प्रतिशत से अधिक ट्रेनें निर्धारित समय से देरी से चलीं। खड़गे ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि मोदी सरकार ने रेलवे को तहस-नहस करने में कोई कसर नहीं छोड़ी उन्होंने आगे लिखा कि बालासोर जैसे बड़े हादसे होने के बाद, बहुप्रचारित कवच सुरक्षा का एक भी किलोमीटर नहीं जोड़ा। वहीं, इससे पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेल यात्रियों की संख्या में कोई कमी नहीं आई है और चालू वित्त वर्ष के अंत तक भारतीय रेलवे कोविड से पहले के दौर की यात्री संख्या 650 से 700 करोड़ के स्तर को छू लेगा। मंत्री ने कुछ खबरों और सोशल मीडिया पर आई टिप्पणियों का जोरदार खंडन किया कि रेल यात्रियों की संख्या 2010 की तुलना में आधी हो गई है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' 1,500 किलोमीटर रेल मार्ग पर पूरी तरह स्थापित कर दी गई है।

विधानसभा चुनाव राजस्थान, तेलंगाना, मप्र और छत्तीसगढ़ के नतीजे

चार राज्यों में मतगणना आज

- मिजोरम के नतीजे 4 दिसंबर को आएंगे
- मप्र के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा की है कड़ी टक्कर

नई दिल्ली। अगले दो दिनों में यानि कि 3 और 4 दिसंबर, 2023 - पांच राज्यों में राजनीतिक दलों के भाग्य का फैसला होगा। पांच राज्यों - राजस्थान, तेलंगाना, मिजोरम, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 2023 के नतीजे घोषित किए जाएंगे। मिजोरम के नतीजे 4 दिसंबर को आएंगे जबकि अन्य चार राज्यों में वोटों की अंतिम गिनती और नतीजों की घोषणा 3 दिसंबर को होगी।

पार्टिया और उसके कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर है। इन विधानसभा चुनाव में अपनी ताकत लगाने वाले नेताओं और उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला रविवार को हो जाएगा। कुछ उम्मीदवारों को जीत मिलेगी तो कुछ को अगले 5 सालों के लिए और इंतजार करना पड़ सकता है। हालांकि, राजनीतिक दलों की बात करें तो सभी अपने-अपने जीत के दावे कर रहे हैं। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर है, जिसके नतीजे रविवार को घोषित किए जाएंगे। कांग्रेस ने लगभग दो दशकों तक भाजपा के शासन के दौरान सामने आए घोटालों के मुद्दे पर अभियान चलाया। कांग्रेस नेताओं को उम्मीद है कि लोगों ने बदलाव के लिए मतदान किया है और स्थिर सरकार के लिए सबसे पुरानी पार्टी को स्पष्ट बहुमत देंगे। वहीं, बीजेपी का मानना है कि जनता ने डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों के लिए वोट किया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा महिलाओं के लिए शुरू की गई नकद योजना लाडली बहना योजना के कारण भाजपा की उम्मीदें अधिक हैं। प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीट के लिए वोटों की गिनती कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार सुबह आठ बजे 52 जिला मुख्यालयों पर शुरू होगी।

योगी का कद और लोकप्रियता बढ़ेगी

राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में यदि लोकसभा चुनाव के नतीजे भाजपा के पक्ष में रहते हैं तो इससे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का राष्ट्रीय राजनीति में कद और बढ़ेगा। साथ ही उनकी लोकप्रियता भी पहले से ज्यादा होगी। राजस्थान में 200 में से 182 विधानसभा क्षेत्रों में योगी की सभा, रैली और रोड शो की मांग हुई थी। योगी ने सबसे अधिक समय भी राजस्थान में ही दिया है।

डीएम-एसपी ने ग्राम प्रधानों का किया उत्साहवर्धन, प्रदान किया प्रमाण पत्र

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। शनिवार का दिन खीरी जिले के लिए बेहद खास

रहा। आईएसओ द्वारा निर्धारित 36 मानकों पर खरा उतरने वाली जिले की प्रथम 03 ग्राम पंचायत (गोला देहात, जंगल नंबर 11 और जलालपुर) को क्वालिटी मैनेजमेंट के लिए आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदान किया।संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत तहसील सभागार मितौली में प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने डीपीआरओ सौम्यशील सिंह की मौजूदगी में तीनों ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों क्रमशः गोला देहात के ग्राम प्रधान राजेश गिरी (एडवोकेट), जलालपुर की ग्राम प्रधान नजमा और जंगल नंबर 11 की ग्राम प्रधान श्रीमती उमा देवी का उत्साहवर्धन कर आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदान किया।इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम अनिल कुमार सिंह ने कहा कि आईएसओ प्रमाणन से विभिन्न विकास कार्यों की गुणवत्ता में बेहतरी आएगी। ग्राम पंचायतें एक तय मानक के तहत गुणवत्तापूर्ण कार्य कराएंगी। इससे केंद्र व राज्य सरकार की पुरस्कार योजना में शामिल होने व पाने का मौका भी मिलेगा।शासन स्मार्ट शहरों की तर्ज पर गांवों को भी स्मार्ट बनाने की दिशा में कृत संकल्पित होकर काम कर रही है। खीरी जिले की ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को स्मार्ट सुविधाएं प्रदान कराने और मानक पूरे करने वाली ग्राम पंचायतों को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर प्रथम चरण में (प्रत्येक ब्लॉक से पांच ग्राम पंचायत) 75 ग्राम पंचायत को आईएसओ प्रमाणित कराया जाएगा। जिससे अन्य पंचायतों के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत होगा और गांवों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन सकेगी। उसी के क्रम में ब्लॉक फूलबेहड़ की ग्राम पंचायत जंगल नंबर 11, ब्लॉक कुंभी की ग्राम पंचायत गोला देहात और ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत जलालपुर को आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है।डीपीआरओ सौम्यशील ने कहा कि जिले में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर 75 ग्राम पंचायत को आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस प्रमाण पत्र के लिए संबंधित ग्राम पंचायत में योजनाओं का बेहतर संचालन, गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य व सेवाएं,आपदा प्रबंधन, जन शिकायतों का निस्तारण, गांव में जन सुविधा केंद्र का संचालन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, अभिलेखों का रख-रखाव समेत ग्राम पंचायत की अपने स्रोतों से आय अनिवार्य पैरामीटर हैं। प्रथम चरण के पश्चात बेहतर कार्य वाली जनपद की अन्य ग्राम पंचायतों का चयन किया जाएगा। गौरतलब है कि आज पुरस्कृत/प्रमाणित तीनों ग्राम पंचायतों का भारतीय मानक ब्यूरो की टीम द्वारा गत 29 नवंबर को स्थलीय एवं भौतिक सत्यापन किया गया था।

हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त बलविन्दर सिंह को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना तिकुनियां के हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त बलविन्दर सिंह पुत्र सुरजीत सिंह नि0 ग्राम कडिया थाना तिकुनिया जनपद खीरी को बहद नानकपुर मजरापूरब रेलवे स्टेशन तिराहा से सुबह 5.00 बजे गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाईकिलें अपाचे ऋक्षक मोटर साइकिल रंग ग्रे काली पट्टी रजि0 नं0 UP31BR4636 व मोटर साइकिल स्पेलण्डर प्लस रंग GBK रजि0 नं0 UP 31 BC 5017 बरामद तथा एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। जिसके फलस्वरुप थाना पढुआ के तीन अभियोगो का सफल अनावरण किया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त अभियुक्त थाना तिकोनियां के मु0अ0सं0 242/2023 धारा 2b(i)/3 UP गुण्डा एक्ट थाना तिकोनियां जनपद खीरी के तहत भी वांछित था। उक्त बरादमगी के आधार पर थाना पढुआ पर मु0अ0सं0 207/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया।

उपजिलाधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को किया रवाना

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी खीरी। केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता पूनिरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसी क्रम में आज तहसील परिसर से मतदाता जागरूकता रैली निकली गई ,इस रैली को उप जिलाधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा नगर के प्रमुख मार्गो पर रैली के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयो के आए बच्चों और बच्चियों का उत्साह वर्धन भी करते रहे, रैली तहसील परिसर से होती हुई बर्बर चौराहा से बाजार गंज ,पानी वाली टंकी होते हुए नतथू चौराहा से पीडीइंटर कॉलेज से तालिब अली चौराहा से हनुमान मंदिर होते हुए तहसील मे समाप्त हुई ,जहां उपजिलाधिकारी ने रैली को संबोधित किया, रैली में सभी डिग्री कॉलेज और इंटर कॉलेज के बालक और बालिकाएं सम्मिलित हुई रैली में लगभग 2000 छात्र छात्राओं ने भाग लिया, रैली लगभग 1 किलोमीटर लंबी रही ,रैली को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार ने कहा की युवा हमारे देश का भविष्य है सभी लोग

9 दिसंबर तक अपने-अपने बछ्थो पर जाकर मतदाता जरूर बने, और आगे चलकर आने वाले चुनाव में अपने मतदान का प्रयोग करें ,उन्होंने सभी विद्यालयों के आए हुए बच्चों और बच्चियों सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य को बधाई दी, इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पसगवां खंड शिक्षा अधिकारी जेपी गौतम ,जेपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज खरे, पीडी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्याम नारायण वर्मा ,ज्ञानेंद्र सिंह ,हरिनारायण उपाध्याय, तहसील पुनीत अवस्थी ,सहित अन्य रैली के साथ साथ रहे, कार्यक्रम का संचालन गाना डिग्री कॉलेज के डॉक्टर धर्मेश्वर मिश्रा ने किया सुरक्षा के दृष्टिकोण प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह के निर्देश पर सी देशराज सिंह सहित नगर के सभी आरक्षी रैली के साथ साथ रहे, रैली समापन पर सभी बच्चों के जलपान की व्यवस्था उप जिलाधिकारी के माध्यम से की गई।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में 31 शिकायतें आयी मात्र 3 शिकायत का मौके पर निस्तारण हुआ

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ प्रभारी डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 31 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 03 शिकायत का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 14, पुलिस 08, विकास 03, आपूर्ति 02, विद्युत 04 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर, एसडीएम विनीत उपाध्याय, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, पीडी एसएन चौरसिया, सीओ सुबोध जायसवाल, तहसीलदार प्रीति सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ संपन्न

अवधनामा संवाददाता

गौतम बुद्ध नगर। डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 127 शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष 11 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जेवर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। जेवर तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिला अधिकारी द्वारा जन सामान्य की शिकायतों का अनुश्रवण किया गया एवं जन सामान्य के द्वारा कुल 46 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 05 शिकायतों का

निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर डीएम मनीष कुमार वर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए की तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधित शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करायें। इस अवसर पर एसीपी पुलिस रुद्र कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, जिला विकास अधिकारी सुधा कुमारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे। इसी प्रकार सदर तहसील में अपर जिला अधिकारी प्रशासन डा0 नितिन मदान की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 04 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई। दादरी तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां पर जनता के द्वारा कुल 77 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 06 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही कराया गया। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

विशेष सफाई अभियान चलाया गया

धौरहरा/खीरी। स्वच्छ भारत मिशन (Clean Toilets Campaign) के अन्तर्गत नगर पंचायत धौरहरा के सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ ने फंदे से लटककर दी जान

डलमऊ, रायबरेली। संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ ने फांसी के फंदे से लटक कर जान दे दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अल्हौरा गांव निवासी सत्येंद्र प्रताप सिंह (50) ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी के फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। अधेड़ का शव फांसी से लटकता हुआ पाए जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर लोगों का मजमा लग गया। परिजनों के मुताबिक शाम तक सब कुछ ठीक-ठाक था खाना खाने के बाद शाम को वह अपने कमरे में सोने के लिए चला गया, प्रातः काल जब वह देर तक नहीं उठे और कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था तो छत के रास्ते कमरे में उतर कर देखा गया तो युवक का शव छत की कुंडी में रस्सी के सहारे लटकता हुआ पाया गया। घटना की सूचना कोतवाली डलमऊ को दी गई। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि फांसी लगाने के मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

35 शिकायतो में सिर्फ 2 का निस्तारण सर्वाधिक पुलिस विभाग 16 शिकायते

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस एडीएम की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपन्न हुआ जिसमें कुल 35 शिकायती पत्र आए जिनमें से 2 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो पाया।सबसे अधिक शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित रही।

बता दे की राजस्व विभाग से संबंधित 9 शिकायतें पुलिस से संबंधित 16 विकास से 1 वहीं अन्य 2 शिकायतें आई जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया अन्य के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की नेतृत्व वाली टीम एडीएम द्वारा गठित की गई हैं। एडीएम ने अधिकारियों कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि फरियादियों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए कहीं भी किसी मामले में कोताही ना बरती जाए इस मौके पर एसडीएम एसडीएम राजित राम गुप्ता, क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र सिंह पाल तहसीलदार जीपी सिह , राजस्व निरीक्षक चन्द्र प्रकाश दीक्षित लेखपाल राजीव मिश्र, राहुल त्रिवेदी, शैलेंद्र कुमार सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

116 शिकायतों में से तीन का मौके पर निस्तारण

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में लोगों की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए उन्हें संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए कहा कि शीघ्र समस्याओं का निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी के सामने ज्यादातर राजस्व के मामले आए। जिनके संबंध में उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व से संबंधित मामलों का अति शीघ्र निस्तारण किया जाए। इसके लिए राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौका मुआयना करने के उपरांत ही कोई निर्णय लिया जाए। मौका मुआयना करते समय दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए। जिलाधिकारी ने पेंशन से संबंधित समस्याएं सुनते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि लोगों को पेंशन समय से मिले। जिलाधिकारी के सामने बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा और राजस्व से संबंधित मामले आये। कुल 116 शिकायतें आई जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने कार्यालय में समय से बैठे और लोगों की समस्याएं सुनकर उनका तत्काल निस्तारण करने का प्रयास करें जिससे कि मामले लंबित न हो। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,सीओ सिटी,उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व वन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

37 में 7 शिकायते निस्तारित

डलमऊ, रायबरेली। जनता की शिकायतों का निस्तारण करने के लिए तहसील में आयोजित किए जाने वाला संपूर्ण समाधान दिवस महज औपचारिकता बनकर रह गया है। समाधान दिवस में शिकायत लेकर आने वालों फरियादियों को सिर्फ आश्वासन देकर वापस कर दिया जाता है। डलमऊ तहसील परिसर के सभागार में उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 37 फरियादियों ने अपनी शिकायत सुनाई जिनमें से मात्र पांच का मौके पर निस्तारण हो सका, अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए हमेशा की तरह टीम बनाकर जांच करने की बात कही गई। संपूर्ण समाधान दिवस में प्रेम शंकर पुत्र शिवराम निवासी पुरे दुबे ने विपक्षी नरेंद्र व अनीता के खिलाफ अपने पिता की मृत्यु के बाद फर्जी तरीके से जेवरात हुआ अन्य संपत्ति हड़पने संबंधी शिकायत की।

अतिक्रमण व प्रतिबंधित पॉलीथिन पर कार्रवाई, 12 हजार जुर्माना वसूला

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। नगर निगम ने आईजीआरएस पर आई शिकायत पर कार्रवाई करते हुए बोमनजी रोड़ पर एक दर्जन से अधिक दुकानों का अतिक्रमण हटाया और तीन दुकानों पर जुर्माना लगाया। इसके अलावा चिलकाना रोड व कक्कड़ गंज में प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद करते हुए पांच हजार रुपये जुर्माना वसूला।

नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देश पर आज नगर निगम ने बोमनजी रोड व चिलकाना रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। बोमनजी रोड स्थित एक दुकान के अतिक्रमण की आईजीआरएस पर शिकायत का संज्ञान लेते हुए दो अन्य दुकानदारों का भी चालान किया और तीन दुकानदारों पर दो-दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अलावा चिलकाना रोड पर भी एक दुकानदार पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। कुल मिलाकर करीब एक दर्जन दुकानों का अतिक्रमण हटाया और चार दुकानों पर सात हजार रुपये जुर्माना लगाया गया।

कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग

सहारनपुर। मौहल्ला जनक नगर तकिया स्थित कब्रिस्तान में कुछ लोगों द्वारा कॉलोनी काटे जाने के मामले को लेकर क्षेत्रवासियों ने आज जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंप कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जिला मुख्यालय पहुंचे मौ.जनक नगर खानआलमपुरा तकिया के क्षेत्रवासियों ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा कब्रिस्तान की भूमि पर अवैधानिक तरीके से प्लाटिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि कब्रिस्तान व शमशान की भूमि के नाम से आज भी खसरा नं.-180 रकबा-39 बिघे खेवट 14 गैर दाईयान के नाम से खतौनी मे दर्ज है, जिसमे पिछले 40 सालो से रामलीला व दशहरा महोत्सव का आयोजन हर वर्ष होता आ रहा है, जिसकी प्रमिशन भी हर वर्ष सिटी मजिस्ट्रेट के यहां से होती है। इस कालोनी की आबादी 60 प्रतिशत हिन्दू व 40 प्रतिशत मुस्लिम लोगो की है। भू-माफ्यिाओं द्वारा मुस्लिम आबादी को दुकानें व प्लाट देकर परेशान करने की साजिश की जा रही है, जिसमे सबसे पहले उस जगह को चिन्हित किया गया, जिस जगह 40 वर्षो से रामलीला का मंचन व दशहरा महोत्सव मनाया जाता है। उस जगह पर कब्जा करने की फ्राक में है। जिसमे निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। यदि ऐसा होता है तो लोगो को यहां से पलायन करने को मजबूर होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। पत्र देने वालो मे शुभम कश्यप, मनोज मोघा, डा.राजेश, मुकुल मोघा, पंकज कश्यप, लवी धीमान, अभिषक आदि मौजूद रहे।

अबेकस प्रतियोगिता में आयांश ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। गॉड फील्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय अबेकस प्रतियोगिता में बच्चों ने संबंधित प्रश्नों का दक्षता से जवाब दिया, जिसमें 50 से अधिक बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में दून हिल्स के आयांश को प्रथम स्थान मिला। विद्यालय परिसर में ब्रेन बूस्टेबल संस्था के संचालक अरिहंत जैन तथा गॉड फिल्ड पब्लिक स्कूल के संयोजन से अबेकस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नायाब तहसीलदर मोनिका चौहान, संग्रहकर्ता नीरज रोहिला द्वारा किया गया। नायाब तहसीलदार मोनिका चौहान ने सभी बच्चो को बताया कि आगे बढ़ने के लिए हेल्थी भोजन, अच्छी आदतें, मेहनत करके अच्छी पढ़ाई करना आवश्यक है। सभी बच्चो से अबेकस से सम्बंधित प्रश्न पूछे। प्रतियोगिता में 4 से 12 वर्ष के बच्चो ने प्रतिभाग किया, जिसमें जिले के पाँच विद्यालयों से 230 छात्र-छात्राएँ प्रतिभागी रहे। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले विद्यालयों दून हिल एकेडमी देवबंद, रूपराम इंटरनेशनल एकेडमी छुटमलपुर, हाइलैंड हाल कॉन्वेंट स्कूल जनता रोड ग्लोबल डिस्कवरी स्कूल लिंक रोड सहारनपुर व गॉड फिल्ड पब्लिक स्कूल सहारनपुर शामिल रहें। प्रतियोगिता को 2 राउंड में बाटा गया था। पहला राउंड में 100 प्रश्न लिखित में हुए। द्वितीय राउंड मे 50 प्रश्न मौखिक में पूछे गए।

भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र में शीर्ष स्थान पर: मुख्यमंत्री

एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग द्वारा उद्यमी महासम्मेलन 2023 का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग द्वारा आयोजित एमएसएमई उद्यमी महासम्मेमन 2023 में उद्यमियों को हर संभव सहयोग दिये जाने के साथ-साथ निर्यात प्रोत्साहन में भी पूर्ण सहयोग दिये जाने का सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया। वहीं विभिन्न जनपदों से पहुंचे उद्यमियों ने जीएसटी सहित अन्य करो में राहत दिये जाने की मांग प्रमुखता से उठायी।

लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान सभागार में आयोजित उद्यमी महासम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। मुख्यमंत्री ने उद्यमी महासम्मेलन में उद्यमियों को बताया कि एक समय उप्र की रैकिंग ईज ऑफ डूईंग बिजनेस में 14 वें स्थान पर थी जो आज शीर्ष पर है। निवेश मित्र पोर्टल, निवेश सारथी पोर्टल और

ऑनलाइन इन्सेटिंव प्लेटफार्म की चर्चा करते हुए कहा कि आज दुनिया के निवेशक प्रदेश की ओर देख रहे है। सरकार उद्यमियों के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है इसके अलावा उप्र परचेज पॉलिसी में 25 प्रतिशत मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर से एवं 25 प्रतिशत सर्विस सेक्टर से करने का आश्वासन दिया तथा दिल्ली एनसीआर में वायु गुणवत्ता प्रबन्धक आयोग के आदेशो के अन्तर्गत जेनसेट बन्दी के सम्बन्ध में प्रदेश में कॉर्मशियल एवं औद्योगिक इकाईयों के लिए सोलर पॉलिसी में सुधार शीघ्र ही किया जायेगा। आईआईए के चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा 'टांसफार्मिंग एमएसएमई टुवर्ड्स इडस्ट्री 4.0 एण्ड स्किल 48' से सम्बन्धित प्रर्दशनी का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि उद्यमी महासम्मेलन में मुख्यमंत्री के समक्ष कई मांगो को रखा गया जैसे कि प्रदेश में लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री-होल्ड करने, उप्र परचेज पॉलिसी में बदलाव हो 25 प्रतिशत मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर से एवं 25 प्रतिशत सर्विस सेक्टर से कर दी जाए, एनसीआर में उद्योगो में जेनसेट की बंदी के कारण उद्योगो की समस्या, एसजीएसटी द्वारा दिए जा रहे नोटिसों, कुछ विभागो के द्वारा पुनः इंस्पेक्टर राज की तरफ बढ़ने के बारे में बताया एवं इन्हे समाप्त किए जाने के लिए अनुरोध किया। साथ ही उप्र नियंत्रण बोर्ड की ओटीएस योजना को फिर से लागू कराया जाए, सोलर पॉलिसी में एमएसएमई उद्योगो को पूर्व की भॉति नेट-मीटरिंग की सुविधा लागू की जाए और जिला प्राधिकरण द्वारा विकास शुल्क को कम किया जाए ताकि प्रदेश में उद्योग और अधिक विकसित हो सकें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव प्रमोद सडाना, आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण सडाना, प्रमोद मिगलानी, संजीव अरोडा, प्रमोद सडाना, आरके धवन,कृष्ण राजीव सिंघल, मंडलीय सचिव गौरव चोपड़ा, आईआईए एफएफएसआई वकिंग ग्रुप चेयरमैन संजय बजाज, उपाध्यक्ष हरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

किसानों ने डीएम को पगड़ी पहनाकर किया सम्मान

सहारनपुर। दया शुगर मिल क्षेत्र के किसानों ने 10 करोड़ रूपये के भुगतान की प्रथम किस्त 30 नवम्बर तक बैंक खाते में पहुंचने पर जिलाधिकारी के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। गौरतलब रहे कि दया शुगर मिल के किसानों ने बकाया गन्ना मूल्य भुगतान दिलाये जाने की जिलाधिकारी से गुहार लगायी थी, जिस पर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शासन को अवगत कराया एवं मुख्य सचिव वीना मीना से वार्ता की, जिस पर उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए 40 करोड़ रूपये का गन्ना भुगतान की प्रथम किस्त के रूप में 10 करोड रूपये 30 नवम्बर तक किसानों के खातों में भेजे। जिस पर किसानों ने जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने दया शुगर मिल प्रबंधन तन्त्र को चेताया कि अगर 30 दिसम्बर तक 30 करोड का बकाया मूल्य भुगतान नहीं किया, तो इस मिल का गन्ना दूसरे मिल क्षेत्र को आवंटन कर दिया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के बुजुर्ग किसान अमर सिंह को शाल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया, जिससे सभी किसान गदगद और प्रफुल्लित हो गए।

हरि भक्ति ही जीव को भव सागर से पार लगाती है: दीदी राधिका

सहारनपुर। महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में दीदी राधिका श्रीजी ने कहा कि हरि भक्ति ही जीव को भव सागर से पार लगाती है। राधा विहार स्थित मंदिर में श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में मुख्य यजमान कुलदीप भारद्वाज ज्ञानेंद्र धीमान ने व्यास पीठ का परिवार सहित पूजन किया। दीदी राधिका का तिलक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री धाम वृंदावन से पधारी दीदी राधिका श्रीजी ने प्रवचन करते हुए कहा कि हरि को निश्चल भक्ति ही प्रसन्न कर सकती है, जो जीव अपने जीवन को हरि की शरण में निष्काम भाव से अर्पण करते हैं हरि उनको अवश्य ही भव सागर से पार लगाते है। दीदी ने कहा कि श्री कृष्ण को पाने के लिए गोपियों ने निष्काम भाव से भक्ति की और श्री कृष्ण को प्राप्त कर 84 बैकुंठ ब्रज को प्राप्त किया।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवा मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं: डीएम

अवधनामा ब्यूरो

- डीएम ने मतदाता पुनरीक्षण कार्य का किया औचक निरीक्षण
- समस्त मतदेय स्थलों पर बीएलओ उपस्थित रह कर करें प्रभावी कार्रवाई

कुशीनगर। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा तहसील तमकुहीराज अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर खास सेवरही में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान फार्म 6, फॉर्म 7 और फॉर्म 8 भरे हुए फॉर्म के विषय में उपस्थित बीएलओ से पूछताछ कर जानकारी ली एवं ज्यादा से ज्यादा फॉर्म भरवाने हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर बताया कि 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी युवक/युवतियां का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा रहा है, उन्होंने ऐसे अन्य सभी जनपदवासियों से अपील किया है कि जो अर्हता पूरी करते हों और उनका नाम मतदाता सूची नही है वे सभी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। नए मतदाताओं को फॉर्म 06 भरना होगा।

यदि किसी मतदाता की मृत्यु हो गई हो अथवा अन्य क्षेत्र का मतदाता बन गया हो वो अपना फॉर्म 07 भर कर नाम विलोपित करा सकता है। इसी प्रकार यदि किसी मतदाता के नाम मे कोई त्रुटि हो वो फॉर्म 08 भर कर अपना नाम सही करा सकता है। जिलाधिकारी ने विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान बताया कि इसके एंड्रॉयड मतदाता स्मार्टफोन धारक गूगल प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करके अथवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट www.voters.eci.gov.in पर भी आवेदन कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में युवक युवतियां अपना नाम अवश्य जुड़वाएं जिससे कि मतदाता सूची अपनी शुद्धतम रूप में आ सके और लोकतंत्र को मजबूती मिल सके।

समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर होगी कठोर कार्रवाई: डीएम

अवधनामा संवाददाता

- डीएम की अध्यक्षता में तहसील बरहज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

देवरिया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में आज बरहज तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सख्त तेवर अख्तियार करते हुए सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की अनदेखी करने वाले लेखपाल को तहसील दिवस के दौरान ही प्रतिकूल प्रविष्टि का आदेश थमा दिया। साथ ही उन्होंने समस्त लेखपालों को सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की अनदेखी करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

विशुनपुरा ग्राम निवासी रामप्रवेश ने जिलाधिकारी से शिकायत की कि गांव के दबंग चकरोड और खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा कर जोत-बो रहे हैं। इस संबन्ध में गत तहसील दिवस में शिकायत की गई थी, लेकिन मौके पर गए लेखपाल रामप्रवेश मधुकर ने अपेक्षित कार्रवाई नहीं की। जिलाधिकारी ने प्रकरण का संज्ञान लेते हुए संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान ही लेखपाल रामप्रवेश मधुकर को प्रतिकूल प्रविष्टि का आदेश पत्र दिया। साथ ही एसडीएम को मौके पर जाकर सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस पर आने वाली अधिकांश शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित होती है। यदि कोई लेखपाल किसी प्रकरण के निस्तारण के संबन्ध में सतही एवं भविष्यवाचक आख्या देगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भूमि पैमाइश से जुड़े प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शासन की मंशानुरूप निस्तारण किया जाए। यदि कोई राजस्वकर्मी किसी विवाद के लिए समाधान करने मौके पर गया है तो समाधान दिखना चाहिए। प्रकरण को बेवजह उलझाने वाले कार्मिकों को चिन्हित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपाल अपने हलके में नियमित रूप से भ्रमणशील रहें। भूमि विवादों का समाधान कराएं। खलिहान की भूमि, चकरोड अथवा नाला सहित सार्वजनिक भूमि पर किसी भी तरह के अतिक्रमण को हटवाए तथा उसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली अधिकांश शिकायतें पैमाइश, पारिवारिक संपत्ति विवाद, खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जे से जुड़ी होती है यदि लेखपाल अपने क्षेत्र में सक्रिय रहेंगे तो शिकायतों की संख्या में भी कमी आएगी । उन्होंने कहा कि यदि किसी लेखपाल के द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही मिली तो सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रयास यह हो कि कोई भी फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर कही न भटके।

चुनाव परिणाम पर लगी लोगों की निगाहें

अमेठी। देश के 5 राज्यों का चुनाव परिणाम कल आने वाला है। इसे लेकर जनपद वासियों में भी उत्सुकता देखी जा रही है। अगले वर्ष लोकसभा चुनाव को देखते हुए इन पांच राज्यों के चुनाव को लोग सेमीफाइनल के रूप में देख रहे हैं। एग्जिट पोल आने के बाद जिले में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थी। विभिन्न दलों के लोग अपनी अपनी बात मजबूती से रख रहे थे। जहां जिसके पक्ष में एग्जिट पोल नहीं था वह उसे नकार रहे थे और जहां उनके पक्ष में एग्जिट पोल था उसको स्वीकार करते नजर आ रहे थे। संसदीय क्षेत्र अमेठी राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी अहम माना जाता है यहां के लोग बढ़-चढ़कर राजनीति में दिलचस्पी रखते हैं।

इस लिहाज से शुक्रवार को यहां एग्जिट पोल पर जगह-जगह चर्चा होती रही। वही शनिवार को लोग मध्यप्रदेश राजस्थान छत्तीसगढ़ सहित 5 राज्यों के चुनाव परिणाम को लेकर कयास लगाते हुए गहन मंथन करते नजर आ रहे थे। रविवार को इन पांच राज्यों के चुनाव परिणाम आने हैं इसके लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

जल निकासी को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

गोरखपुर। नगर पंचायत सहजनवा के वार्ड 3 गहासाड में पुराने पोखरे की भूमि पर अवैध कब्जा होने से दलित बस्ती के लोगो का जल निकासी नहीं हो पा रहा है। जिससे सड़क पर जल जमाव हो रहा है। शनिवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सभासद रविंद्र कुमार ने कहा कि वार्ड के पंचायत भवन के पास सड़क उत्तर दलित बस्ती के पास पूर्वजों के समय से पोखरा है। जिस पर कुछ लोगो ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। जिससे ग्रामीणों के करीब 200 लोगो का जल निकासी बंद हो चुका है। पानी सड़क पर बहने से जल जमाव हो रहा है और गंदगी का अंबार होने से अनेक तरह के बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। इस दौरान जितेंद्र कुमार, संतराम, राकेश, विंजन सिंह, सिकंदर, किरन, जितेंद्र, प्रेमचंद, रूमाली, हरिकेश, हरि नारायण, ऊषा, श्रीमती, सारधा, लालचंद, सरिता, संजू, श्रवण कुमार, अभिनाश, वीरेंद्र सिंह मौजूद थे।

पुनरीक्षण अभियान की प्रगति को लेकर डीएम ने की बैठक

अमेठी अवधनामा संवाददाता। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विगत 27 अक्टूबर से चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त उपजिलाधिकारियों तहसीलदारों एवं खंड विकास अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में उन्होंने अभियान के दौरान अब तक बूथवार प्राप्त फॉर्मों की जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को बीएलओ के माध्यम से अधिक से अधिक फार्म भरवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे सभी युवाओं का फार्म भरवाया जाए इसके लिए ग्राम पंचायत के साथ-साथ विद्यालयों में भी अभियान चलाकर फॉर्म भरवाने की कार्यवाही की जाए साथ ही जो मृतक या शिफ्टेड हैं उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जाए। उन्होंने सभी एबीएसए को निर्देश दिए की इंटर कॉलेज व डिग्री कॉलेज में जाकर 18 से 19 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं के फॉर्म भरवाएं एवं पूर्ति निरीक्षकों को कोटेदारों के माध्यम से नए मतदाताओं एवं मृतक या शिफ्टेड मतदाताओं के फार्म भरवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम तहसीलदार व बीडीओ स्वयं गांवों का भ्रमण करें एवं बूथों पर जाकर पुनरीक्षण कार्य की स्थिति को देखे। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह समस्त उपजिलाधिकारी तहसीलदार एवं खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

सपा की मासिक बैठक में हुई कई मुद्दों पर चर्चा

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। समाजवादी पार्टी जनपद इकाई की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसका संचालन महेश सर द्विवेदी ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से बूथों पर वोटो का बढ़ाने, गलत अवैध वोटो को हटाने पर बिचार किया गया। वहीं 3 दिसंबर और 9 दिसंबर तक, बूथ कमेटियों का पुनः निरीक्षण, ग्रामीण, शहरों में रह रहे पुराने बरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करना, किसानों की मूलभूत समस्याओं को लेकर ज्ञापन देने पर विचार,सेक्टर और बूथ अध्यक्षों का सम्मान करने पर भी विचार व्यक्त किए गए।

जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने कहा कि जिन नेताओं, पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओ को जो जिम्मेदारी सौंपी जाए उसे बखूबी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने उपस्थित सभी पार्टी के नेताओं से सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूर्व नेताओं को भी ब्लाक स्तर पर समायोजित कर सहयोग लेकर संगठन को मजबूत करने की रणनीति तैयार की है।

10 दिसंबर 2023 से जिसमें पूर्व जिला, विधान- सभा, ब्लाक ,नगर के जिम्मेदार पदों पर रहे हैं उनकी एक समिति बनाकर गांव गांव जाकर लोगों से जनसंपर्क करके लोगों को पार्टी में जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पुराने और अनुभवी पदाधिका-रियों के नगर शहर में जनसंपर्क करने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।अंत में पार्टी के दिवंगत नेताओं राहुल डेंगरे, इरशाद खान कालपी,तारबाबू विश्वकर्मा सिरसा कलार, अजीत पाथरे जालौन, मनोज दीक्षित धनौरा, आदि के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर पूर्व विधायक शिवराम कुशवाहा, पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री नारायण दास अहिरवार, पूर्व जिला महासचिव जैनुलाबदीन, जिला महासचिव जमालुद्दीन, जिला उपाध्यक्ष दीपू त्रिपाठी, बीरेंद्र सिंह यादव,महेश सर द्विवेदी, अशोक महाबली, अतर सिंह राठौर, शिव बालक धमना, गुड्डू महेवा, संदीप यादव, मान सिंह पाल,अजहर बेग माता प्रसाद पाल,प्रवल प्रताप सिंह राजावत, महेश चंद्र विश्वकर्मा अजीत सिंह यादव, अकील अंसारी, जीतू यादव, अनिल यादव, सहित सैकड़ों पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

नए महाप्रबंधक जलकल मनोज आर्या ने कार्यभार ग्रहण किया

सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ सम्पन्न

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। नमो नमो सनातन हिन्दू महासभा के तत्वावधान में शनिवार 2 दिसम्बर को श्री पंचमुखी हनुमान गढ़ी नाना महाराज मन्दिर जालौन में महंत विजयराम दास जी महाराज के सरंक्षण में सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम हनुमान जी महाराज का पूजन पुजारी जी द्वारा किया गया।हनुमान जी महाराज के पूजन के उपरांत सामूहिक सुंदर कांड व हनुमान चालीसा पाठ किया गया। हनुमानजी महाराज की आरती के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। सुंदर कांड पाठ में नमो नमो हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष वाचस्पति मिश्रा, राष्ट्रीय महामंत्री त्रिलोकी नाथ गुप्ता, बुंदेलखंड अध्यक्ष दिनेश लोहिया, सुशील कुमार बाजपेयी, अतुल द्विवेदी, गोविन्द शरण मिश्रा, संजय सिंह भदौरिया, रामकृपाल पांचाल, सोहनलाल गुप्ता, रविशंकर पाटकार, शशिकांत वर्मा, राहुल यादव, अंजनी पोरवाल सहित संगठन के पदाधिकारी व क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

श्रीनेत ग्लोबल स्कूल में हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

रूद्रपुर देवरिया। श्रीनेत ग्लोबल स्कूल कन्हौली में हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पहले भाग में कक्षा यूकेजी, दूसरे भाग में कक्षा एक व दो, तीसरे भाग में कक्षा तीन व चार के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन 3 भागों में किया गया। यूकेजी और एलकेजी के बच्चों के साथ साथ कक्षा 2, 3, 4 के बच्चों ने भाग लिया। छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने तोतली आवाज में बहुत ही मार्मिक अंदाज में सामाजिक संदेश देने वाली कविताओं का पाठ किया। जिसमें प्रथम भाग के विजेता सानवी त्रिपाठी, द्वितीय के अयांश पांडेय, तीसरे में मोहम्द रेहान प्रथम स्थान पर रहे। पहले भाग में प्रथम स्थान पर सानवी त्रिपाठी रही, जिसकी कविता का उद्देश्य शीत ऋतु के बारे में बताने को था। द्वितीय स्थान पर नमस्वी सिंह रही, जिसकी कविता का उद्देश्य वनोरोपण पर था तथा तृतीय स्थान पर दिव्यांशी पटेल रही, जिसकी कविता देश पर आधारित थी। दूसरे भाग में प्रथम स्थान पर अयांश पाण्डेय (1) रहे, जिनकी कविता का शीर्षक पुष्प की अभिलाषा थी। द्वितीय स्थान पर सौम्या त्रिपाठी (2) रही, जिसकी कविता का उद्देश्य समय का महत्व बताना था। तृतीय स्थान पर अलिशा त्रिपाठी (1) रही, जिसकी कविता का उद्देश्य स्वच्छता के महत्व पर था। तीसरे भाग में प्रथम स्थान पर मो. रेहान (4) रहे, जिसकी कविता का उद्देश्य गुरु के महत्व को बताना था। द्वितीय स्थान पर हिमांशु सिंह (3) रहे, जिनकी कविता का उद्देश्य जीवन में कभी हार ना मानने पर आधारित थी। तृतीय स्थान पर आर्यन शर्मा (4) रहे, जिनकी कविता का उद्देश्य परीक्षा के समय शिक्षा को लेकर कड़ी मेहनत पर आधारित थी।

शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता संबंधित अधिकारी स्वयं देखें: डीएम

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील करहल में जन-शिकायतें सुनने के दौरान गत संपूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की हकीकत 05 अधिकारियों से शिकायतकर्ता के मोबाइल नंबर पर वार्ता कराकर परखी, राजस्व, पुलिस, चकबंदी विभाग के 15 शिकायती प्रार्थना पत्रों का रेंडम चयन कर फीडबैक लेने पर 05 शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापरक नहीं पाया, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बार-बार निर्देशों के बाद भी शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, कुछ शिकायतकर्ताओं द्वारा जबरन समझौता करने की बात कही, जो निराशाजनक है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को पुनः सचेत करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का स्वयं संज्ञान लेकर शिकायतकर्ता से वार्ता कर उसके संतुष्ट होने पर ही निस्तारण आख्या अपलोड कराई जाए।उन्होंने राजस्व कर्मियों, थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर अनाधिकृत कब्जों को गंभीरता से लें, तत्काल पुलिस, राजस्व की टीम मौके पर जाकर शिकायत की जांच करें, किसी के द्वारा सरकारी भूमि पर अनाधिकृत कब्जा किया गया हो तो तत्काल कब्जा हटवाकर कब्जा करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करें, कहीं भी मरघट, कब्रिस्तान, विद्यालय की भूमि, चकरोड, खाद के गड्ढे आदि की भूमि पर अनाधिकृत कब्जा न रहे। जन-सुनवाई के दौरान श्री सिंह के सम्मुख जब हिंदूपुर नि. दफेदार सिंह ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि गांव के दयाराम ने पूर्व लेखपाल रमेश चंद्र से सांठ-गांठ कर अपनी पत्नी फूलवती व पुत्र सुरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह के नाम खाता संख्या-1795 के गाटा संख्या 591, 916, 607 में गलत ढंग से पट्टा कर लिया।

एमडब्ल्यूओ ने गोल्ड मेडलिस्ट छात्रा को किया सम्मानित

अमेठी अवधनामा संवाददाता। डा राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की टॉपर गोल्ड मेडलिस्ट छात्रा करिश्मा सेन को सामाजिक संगठन महापद्मनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ने शनिवार को सम्मानित किया। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा अपने पदाधिकारियों के साथ करिश्मा सेन के गांव पूरे कनपुरियन मुसाफिरखाना पहुंचकर समाज को गौरवान्वित करने वाली बेटी को प्रशस्ति-पत्र स्मृति-चिन्ह व मिठाई देकर सम्मानित किया। छात्रा की मां बिंद्रा देवी व पिता धर्मराज सेन को बधाई दी। करिश्मा सेन ने डॉक्टर कलाम के शब्दों से प्रेरणा लेते हुए अपने सपने को हकीकत में बदलने के लिए दिन-रात पढ़ाई की और यह मुकाम हासिल किया। संगठन के जिलाध्यक्ष श्रीकांत शर्मा ने बुके देकर करिश्मा सेन का अभिनंदन करते हुए कहा कि आपकी इस उपलब्धि से आपके गांव के साथ-साथ पूरा अमेठी जनपद गौरवान्वित हुआ है। करिश्मा सेन से पूछने पर उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा करना ही हमारा लक्ष्य है।

सपाइयों ने बैठक कर बनाई रणनीति

गौरीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता। समाजवादी पार्टी की बैठक जिला कार्यालय पर शनिवार को पार्टी जिलाध्यक्ष राम उदित यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन जिला महासचिव अरशद वारसी ने किया। बैठक में पार्टी नेताओं ने सपा सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए इसे जनमानस के बीच पहुंचाने की बात कही।चौधरी सुखराम यादव ने कहा आज हम भले ही सरकार में नहीं हैं लेकिन मजबूत विपक्ष होने के साथ हमारी पूरी जिम्मेदारी बनती है कि गरीबों किसानों मजदूरों के साथ साथ युवाओ की लड़ाई लड़े। वर्तमान सरकार को पड़ोसी राज्य बिहार से सीख लेने की जरूरत है बिहार में लाखों की संख्या में भर्तियां आ रहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार को यह चाहिए कि युवाओं का सपना पूरा करने के लिए पुलिस शिक्षक सहित अन्य भर्तियां करावे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को केन्द्र में रखते हुए हमे वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने की जरूरत है। जिससे एक भी वोट न कटने पावे और एक भी वोट न घटने पावे।

पत्नी से विवाद होने पर युवक ने फांसी लगा दी जान

खड्डा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सिरसिया बुजुर्ग गांव में शनिवार को घर में फंदे से लटकती मिली 33 वर्षीय युवक की लाश। नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के सिरसिया निवासी प्रभु पुत्र रामप्यारे की अपने ही घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार प्रभु की शादी आठ साल पहले बिहार के धनहा थाना क्षेत्र के खलवा पट्टी हुई थी, पत्नी गुनिया देवी से अभी कोई संतान नहीं थी। पत्नी अक्सर मायके ही रहती थी और प्रभु मेहनत मजदूरी कर गुजारा करता था। शुक्रवार की रात्रि प्रभु अपने घर आया और खाना खाने के बाद अपने घर में अंदर मोबाइल से पत्नी से बात करने लगा बातचीत के दौरान फोन पर ही दोनो में देर रात्रि तक झगड़ा हुआ। सुबह जब प्रभु देर तक नहीं दिखा तो दोपहर बारह बजे के लगभग उसका भाई जब उसे जगाने गया तो देखा प्रभु की लाश फंदे से लटक रही थी। प्रभु की पत्नी गुनिया अपने मायके थी तो सूचना मिलने पर आई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक नेबुआ नौरंगिया हर्षवर्धन सिंह का कहना है की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। रिपोर्ट आने पर ही मौत की वजह की जानकारी हो पाएगी।

आवास योजना का लाभ पाने से वंचित पात्रों को प्राथमिकता पर लाभान्वित कराया जाए

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। जन-सुनवाई के दौरान जब पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के सम्मुख अहलादपुर निवासिनी प्रेमलता, अमामई निवासिनी मिथिलेश, शिवनगर नि. हरिओम, खरगजीत नगर निवासिनी रत्नेश कुमारी, ग्राम जफरपुर नि. नेहा देवी ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभान्वित किए जाने की मांग की, शिकायतकर्ताओं ने बताया कि वह कच्चे मकान में निवास कर जीवन-यापन कर रहे हैं, उन्हें अभी तक आवास योजना में लाभान्वित नहीं किया गया है, जिस पर उन्होंने परियोजना निदेशक को शिकायती पत्र पृष्ठांकित करते हुए कहा कि यदि शिकायतकर्ता पात्र हो तो उनका नाम आवास पात्रता सूची में शामिल किया जाए और लक्ष्य उपलब्ध होने पर उन्हें तत्काल योजना का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि जन-सुनवाई के दौरान निरंतर आवास योजना का लाभ पाने के लिए शिकायती प्रार्थना पत्र शिकायतकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे है, जिससे प्रतीत होता है कि अभी जनपद में तमाम पात्र लोग आवास योजना का लाभ पाने से वंचित है, पूर्व में प्रत्येक विकास खंड पर आवास पात्रता सूची प्रदर्शित कराए जाने हेतु भी निर्देशित किया जा चुका है ताकि पात्र लाभार्थियों को जानकारी हो सके लेकिन तमाम शिकायतकर्ता जानकारी के अभाव में भी शिकायत कर रहे हैं जबकि उनका नाम पात्रता सूची में शामिल है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विकास खंडो पर आवास पात्रता सूची प्रदर्शित रहे, पात्रता सूची में शामिल पात्र लाभार्थियों को इसकी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए और उन्हें बताया जाए कि लक्ष्य प्राप्त होते ही उन्हें योजना में लाभान्वित किया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने सार्वजनिक, निजी भूमि पर अनाधिकृत कब्जों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी सार्वजनिक, निजी भूमि पर कोई दबंग व्यक्ति का कब्जा न रहे, गुण्डई, दबंगई के बल पर भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उन्हें भू-माफिया घोषित कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए लेकिन भूमि पर अनाधिकृत कब्जे की भी शिकायतें निरंतर मिल रही है, राजस्व, पुलिस विभाग के अधिकारी अनधिकृत कब्जों के प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही करें, तत्काल अनाधिकृत कब्जे हटवाकर पात्र को कब्जा दिलायें, एक बार कब्जा दिलाने के बाद यदि किसी के द्वारा पुनः कब्जा किया जाए तो उसके विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई जाए। उन्होने कहा कि अधिकारी जन-शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए प्रभावी कार्यवाही करें, किसी भी शिकायतकर्ता को अपनी समस्या के निदान के लिए भटकना न पड़े, उसे तुरंत राहत प्रदान की जाये।

नवाचार महोत्सव

बांदा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में कला संस्कृति एवं नवाचार महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें प्राचार्य तथा उपशिक्षा निदेशक अरुणकुमार शुक्ला ने सरस्वती चित्र में माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजित कार्यक्रम में माध्यमिक और परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों व सहायक शिक्षिकाओं ने हिस्सेदारी कर कलाकृतियां प्रस्तुत की

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल प्रमाणपत्र वर्ष 2005, अनुक्रमांक1890647 जो संसोधन हेतु परिषद कार्यालय को मूल रूप में भेज गया था। वह मिल नहीं रह है। इसलिए द्वितीय प्रमाण पत्र एवं अंकपत्र प्राप्त करने के लिए यह विज्ञापन द्वितीय प्रतिलिपि हेतु (संसोधन बाद) निकाला जा रहा है।

ARBAZ MALIK
S/O NAZEER AHMAD MALIK
बेलसड, तेतरीबाज़ार, सिद्धार्थनगर
मो.न. 9415357860

अदालती नोटिस

सम्मन बगरज इनफिसाल मुकदमा

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाब्त दीवानी सन 1980 ई0)

न्यायालय- श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय बांसी, सि. नगर। वाद सं0 4386/2023

T 202317630204386

बच्चूलाल उम्र 74 पुत्र भगौती सा0पूरनजोत त0गोसियारी प0मगहर पं0त0बांसी जि0सि0नगर

1-विनोद वालिग पुत्र रामदेव

2-श्रीमती प्रेमा उम्र लगभग50 पत्नी गंगाराम

3-पंचूराम उम्र लगभग 48 पुत्र राम अजोर

4-रामचन्द्र उम्र 35 पुत्र गंगाराम सा0पूरनजोत तप्पा गोसियारी पर0 मगहर प0 त0बांसी जिला सि0नगर

5- चानमती उम्र50 पत्नी रामप्रसाद सा0चवरही त0पटना त0 मेहदावल जनपद संतकबीरनगर

6-राजाराम उम्र70पुत्र राम अजोर सा0पूरनजोत

(प्रतिवादीगण प्रथम पक्ष)

9- सरकार उत्तर प्रदेश जारिए जिलाधिकारी सि0 नगर

(प्रतिवादी द्वितीय पक्ष)

दावा अंतर्गत धारा 116 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता बावत गाटा संख्या 323 स्थित ग्राम पूरनजोत तप्पा गोसियारी परगना मगर पश्चिम तहसील बांसी जनपद सिद्धार्थनगर। वाजेह हो कि बिनोदआदि ने आपके नाम एक नालिस बावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारिख 06-12-2023 ई0 हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल अमूर मुतअतिल्का मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो कि ऐसे सवालात को दे सके, हाजिर होवे और जवाबदेही दावा कीजिए और हरगाह वही तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है। वास्ते इस इनफिसाल कत्तई मुकदमा तजबीज हुई है पर आपको लाजिम हो कि उस रोज उसके जुमला गवाहों की जिसकी सह देने पर निजी जुमला दस्तावेज को जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों उसे पेश कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिरी न होंगे तो आपको मुकदमा बगैर हाजिरी आपको मसमूअ और फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज तारीख 20-12-2023 ई0 को जारी किया गया।

द. हाकिम
असिस्टेंट कलेक्टर दर्जा अव्वल दोयम

ग्राम पंचायत सूपाराजा वि. खं. बांसी-सिद्धार्थनगर अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त / वित्त आयोग / मनरेगा / स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूडेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोडा, सीमेंट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हेण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.12.2023 से 05.12.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 05.12.2023 को सुबह 10 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्ते एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

महमूद अली सचिव,
ग्रा. पं. सूपाराजा

कुलदीप
प्रधान, ग्रा.पं. सूपाराजा

15 दिसंबर तक बनकर तैयार हो जाएगा अयोध्या का इंटरनेशनल एयरपोर्ट

मुख्यमंत्री योगी ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के साथ किया एयरपोर्ट का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां निर्माणाधीन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। उनके साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ वीके सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों ने एयरपोर्ट के निर्माण से जुड़े प्रेजेंटेशन को भी देखा और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने मीडिया को बताया कि अयोध्या में बन रहे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का निर्माण कार्य 15 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप प्रभु श्रीराम की पावन अयोध्या नये भारत की नई अयोध्या बन रही है। अयोध्या की देश और दुनिया के साथ कैसी कनेक्टिविटी होनी चाहिए, इसी के निरीक्षण के लिए यहां केंद्रीय मंत्रियों के साथ आना हुआ है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में पहले मात्र 178 एकड़ में बहुत छोटी सी एयरस्ट्रिप थी। इसे एक बड़े इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में तैयार किया गया है। 821 एकड़ लैंड राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराने के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी इंडिया द्वारा नये एयरपोर्ट का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि अयोध्या के विकास के लिए जो इन्फ्रास्ट्रक्चर आवश्यक है वो अयोध्यावासियों को प्राप्त होगा। अयोध्या को उसका गौरव पुनः प्रदान करने के लिए सरकार पूरी गंभीरता के साथ प्रयास कर रही है।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि अयोध्या के हवाईअड्डे में यहां की सांस्कृतिक क्षमता को परिलक्षित करने की कोशिश हुई है। पहले चरण में 65 हजार वर्ग फुट का हवाईतल बनने जा रहा है। इसकी क्षमता प्रतिघंटे 2 से 3 फ्लाइट की होगी। यहां 2200 मीटर के रनवे का क्रियान्वयन होने जा रहा है, जिसपर छोटे विमानों के साथ ही बोइंग 737, एयरबस 319 और एयरबस 320 जैसे बड़े विमान भी लैंड कर सकेंगे। शुरुआत में यहां 8 एप्रन बनाए गये हैं।

रामपथ चौड़ीकरण में प्रशासनिक वक्रदृष्टि सिर्फ हिंदू स्थलों पर ही क्यों?

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। रामपथ निर्माण में वर्ग विशेष को फायदा पहुंचाने का कार्य प्रशासनिक स्तर पर किया जा रहा है जहां एक और मंदिरों को तोड़ा जा रहा है वही मस्जिदों को बचाया जा रहा है, यह आरोप शिव सेवा प्रमुख पूर्वी क्षेत्र एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष दूबे एवं हिंदू महासभा के प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनीष पांडेय द्वारा एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद द्विवेदी को सौंप कर कही गई है, सेवा प्रमुख संतोष दूबे की ओर से सौंपे पर गए उक्त ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि चौड़ीकरण में सहादतगंज हनुमान मंदिर, रकाबगंज हनुमान मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर रानोपली क्रॉसिंग, पौराणिक शिरेश्वर मंदिर सहित सैकड़ो मंदिरों को या तो आंशिक रूप से अथवा पूर्ण रूप से तोड़ दिया गया है और राम पथ से हटा दिया गया है किंतु देखने में यह आया है कि मंदिरों पर तो प्रशासनिक चाबुक चला किंतु मंदिरों को छोड़ दिया गया ऐसा क्यों? वही हिंदू महासभा के प्रवक्ता एवं सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा है कि रामपत चौड़ीकरण में प्रशासनिक वक्रदृष्टि सिर्फ मंदिरों पर ही क्यों मस्जिदों पर क्यों नहीं? श्री पांडेय ने यह भी कहा है कि हिंदू हितों और हिंदू स्थलों की बलि चढ़ाकर घोर मुस्लिम तुष्टिकरण की पराकाष्ठा लाघंना शासन और प्रशासन दोनों को आने वाले समय में महंगा पड़ेगा, संतोष दूबे ने यह भी कहा कि राम पथ के उपरांत अन्य स्थलों का भी चौड़ीकरण की प्रक्रिया चल रही है ऐसे में प्रशासन किसी भी पक्ष के लिए दोहरा मापदंड अथवा दोहरा रवैया ना अपनाए, सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद मिश्र को सौंप गए ज्ञापन में यह अनुरोध किया गया है कि तत्काल प्रभाव से राम पथ चौड़ीकरण में बाधा बन रही गुदड़ी बाजार स्थित खजूर वाली मस्जिद को तोड़कर रामपथ में आ रही बाधा को दूर करें, ज्ञापन देने वाले प्रमुख लोगों में अधिवक्ता आर एस मिश्रा, विवेकानंद तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने किया

अयोध्या। दो दिवसीय सांसद खेल प्रतियोगिता विकासखंड मसौधा का आयोजन डॉ भीमराव अंबेडकर अंर्तराष्ट्रीय स्टेडियम डाभा सेमर में किया गया। प्रतियोगिता की शुरूवात कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर मल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के कर किया। प्रतियोगिता में 100 ,200, 800 व 1500 मी. की दौड़, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल का अयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न ग्राम सभा व विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया।

मिल्कीपुर समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी फरियाद

मिल्कीपुर अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस सीडीओ अयोध्या की अध्यक्षता में होना था। लेकिन समाधान दिवस में सीडीओ अनीता यादव नहीं पहुंच सकी। जिसके चलते तहसील क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं को एसडीएम और नायब तहसीलदार ने सुनकर उनके निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश मातहतों को दिए। समाधान दिवस में 76 मामले पेश हुए किंतु एक भी मामले का त्वरित निस्तारण नहीं हो सका। तहसील क्षेत्र के ईट गांव निवासिनी तारावती ने समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया कि एसडीएम न्यायालय में तारावती बनाम शिव बहादुर का मुकदमा दायर किया गया था। पैमाइश के बाद पत्थर नसब की कार्यवाही 3 वर्ष बाद बीत जाने के बाद भी नहीं हुई तथा आज तक पत्रावली का ही पता नहीं चल पा रहा है।

मुख्यमंत्री ने रामलला के दरबार में नवाया शीश, हनुमानगढ़ी में टेका मत्था

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। राम कथा पार्क हेलीपैड से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे? हनुमानगढ़ी पहुंचे। वहां पहुंचकर हनुमानजी की आरती उतारी और दर्शन पूजन किया। उसके बाद श्रीराम लला के दर्शन-पूजन कर देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। रामलला के दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर निर्माण की प्रगति का हाल जाना। यहां श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को मंदिर निर्माण से जुड़ी जानकारी दी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन राम मंदिर का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह और अपर मुख्य सचिव एस पी गोयल ने भी रामलला एवं हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया। बता दें कि मुख्यमंत्री का दिसंबर माह का पहला दौरा है। पिछले महीने मुख्यमंत्री ने तीन बार रामलला एवं हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया था।

कांग्रेस का इतिहास धोखेबाजी का, भरोसा करना सबसे बड़ी भूलः वसीम

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। पंजा छाप पार्टी की नासमझी बेकदरी और मतलबपरस्ती ने 85 फीसदी पसमांदा मुसलमान को अंधेरी कोठरी में धकेल दिया। उसने उसी को धोखा दिया जिसने बिना किसी शर्त के उसका साथ दिया और दशकों सत्ता में बने रहने का मौका दिया। आर्टिकल 341 के तहत धार्मिक प्रतिबन्ध लगाकर तरक्की की राह रोक दी, कांग्रेस को इस कलंक के साथ ही रहना होगा। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने एक बयान में कही। उन्होंने कहा कि अपने वजूद के लिए संघर्ष कर रही कांग्रेस ने अपने अलावा किसी के बारे में सोचा होता तो वह सत्ता से बाहर न होती। खासकर 85 फीसदी पसमांदा आबादी जिसे वोटबैंक बनाकर सिर्फ इस्तेमाल किया जब इस आबादी की बुनियादी तरक्की की बात आई तो उस पर आर्टिकल 341 के जरिये धार्मिक प्रतिबन्ध लागू कर दिए, कांग्रेस की इस चाल को पसमांदा मुसलमान समझ नही सके और बराबर साथ देते रहे, कांग्रेस ने भी इस समाज का जमकर फायदा उठाया। उन्होंने कहा कि धार्मिक प्रतिबन्ध लगाकर कांग्रेस ने दोहरी चाल चली, एक तरफ इस समाज की तरक्की रोकी दूसरी ओर मनमाने कानून के मकड़जाल में फंसा दिया। अंजाम यह हुआ कि 85 फीसदी पसमांदा मुसलमान अपने पैरों में पड़ी जंजीर आज तक नही छुड़ा सका है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस का नाम धोखेबाजी के लिए हमेशा लिया जाएगा। पसमांदा समाज का भरसक इस्तेमाल करने के बाद भी सत्ता तो दूर संगठन व सदन में बैठने का मौका तक नही दिया। आज जब यह समाज जागरूक होने की राह पर है वह तय कर चुका है कि बिना हिस्सेदारी आगे कोई बात नही होगी। जो भी दल हिस्सेदारी की बात करेगा और समाज को राजनीतिक पहचान दिलाने की पहल करेगा।

सौर ऊर्जा संचालित सीसीटीवी कैमरे से लैस हुआ बड़ागांव

मसौली बाराबंकी। कानून व्यवस्था को चाक चौबंद करने तथा अपराध पर प्रभावी रोकथाम के लिए शनिवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव मे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सौर ऊर्जा संचालित सीसीटीवी कैमरे से लैस कर दिया गया है गांव मे लगे सीसीटीवी कैमरे की मॉनिटरिंग पंचायत भवन एव थाना मसौली से होगी। सुरक्षा के मद्देनजर मुख्य चौराहा लिंक मार्गो को जोड़ने वाले मोड़ो, प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए गये कैमरों से गांव की मॉनिटरिंग भी की जा रही है ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद के मुताबिक कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर गांव में कैमरे लगवाए जा रहे हैं. खासकर इससे महिलाओं की सुरक्षा में काफी मदद मिलेगी. साथ ही बताया कि गांव में सुरक्षा के मद्देनजर और कैमरों की संख्या बढ़ाई जाएगी. गांव के चारों तरफ सुरक्षा के मद्देनजर कैमरे से निगरानी की जा रही है. वहीं, अभी गांव में अंदर लगवाए जाएंगे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 109 शिकायते 9 का मौके पर निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। सम्पूर्ण समाधान दिवस सिरौलीगौसपुर पारिजात सभागार में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता एंव तहसीलदार वैशाली अहलावत के संयोजन में हुआ। जिसमे कुल 106 प्रार्थना पत्र आए। 9 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शनिवार को पारिजात सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह एवं उपजिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को मनोयोग पूर्वक सुनकर सम्बंधित पटलों के अधिकारी कर्मचारियों को दिवस में आंयी शिकायतों का गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। दिवस में मेहौरा गांव के आधा दर्जन से अधिक दलितों ने गांव के ही शिवकैलास पर आरोप लगाया है कि उन्हें कृषि कार्य हेतु पटटे पर दी गई भूमि पर राजस्व प्रशासन द्वारा कई बार पैमाइश करने के बावजूद अवैध रूप से कब्जा नहीं छोड रहा है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह एस एच ओ राम सनेहीघाट को कार्यवाही कर कब्जा दिलवाने का आदेश दिया है।

प्रधानमंत्री का संदेश सुना, सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता

मसौली बाराबंकी। ग्राम पंचायत गौड़ारी मे विकसित भारत संकल्प यात्रा में विधान परिषद सदस्य व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने जनता के साथ बैठकर प्रधानमंत्री का संदेश सुना तथा सरकार की योजनाओं के विषय मे लोगों को जानकारी दी। मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम मे एम एल सी इंजीनियर अवनीश सिंह ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि केंद्र एव प्रदेश की डबल इंजन की सरकार से सभी वर्गो को लाभ प्राप्त हो रहा है। डिजिटल इंडिया मे सभी योजनाओं के अंतर्गत पूरा पैसा खाते में मिल रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास की योजना से गरीबो को उनकी पक्की छत का सपना साकार हो रहा है और आवास पाने वाले लोग आज खुशहाल है। ग्रामीणों से रूबरू होते हुए विधान परिषद सदस्य इंजीनियर अवनीश सिंह ने समस्याओं की जानकारी लेते हुए सम्बन्धित योजनाओं से अवगत कराया। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गांव के हर व्यक्ति तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचाना ही संकल्प यात्रा का लक्ष्य है। कार्यक्रम मे विकसित संकल्प यात्रा वाहन का पुष्प वर्षा से स्वयं सहायता समुह की महिलाओं ने स्वागत किया तथा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा स्वागत गीत हुआ। प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने धरती कहे पुकार के सहित कई रंगा रंग प्रस्तुतियां दीं। छोटे स्कूली बच्चों के उत्साह की सभी ने सराहना की। पोषण कृषि ग्राम्य विकास की योजना सम्बन्धी स्टाल का भी एम एल सी के द्वारा निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक सुझाव दिये सब्जियों की प्राकृतिक खेती कर रहे उन्नतिशील कृषकों ने अपना अनुभव साझा किया। इस अवसर पर जिला मंत्री संदीप गुप्ता, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार जिला कृषि अधिकारी राजित राम वर्मा, खंड विकास अधिकारी डा0 संस्कृता मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, जिला किसान मोर्चा महामन्त्री आशीष वर्मा, एड़ीओ पंचायत जानकी राम एड़ीओ आईएसबी मदन गोपाल कनौजिया, जे ई एमआई तथा ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी तथा भारी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित रहे।

देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही कांग्रेसः पुनिया

बाराबंकी। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है, ऐसे समय में प्रदेश की कार्यकारिणी में आपका मनोनयन पद नही दायित्व है, चुनौती हैं काटों भरा ताज है जिस पर खरा उतरने की जिम्मेदारी आपकी है आप बिना किसी पद के कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा करके देश की आवाम की हकीकत, मजबूरियो को काफी करीब से जानने वाले भारत के भविष्य राहुल गांधी की सेना के जिम्मेदार सिपाही हो। उक्त उद्गार पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने आज कांग्रेस पार्टी के कार्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में नवमनोनीत उपाध्यक्ष जनपद के प्रभारी सुशील पासी, महासचिव तनुज पुनिया, सचिव आदर्श पटेल, फरहान वारसी के स्वागत समारोह में स्वागत के पश्चात् व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन ने किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में 33 मामले में से 3 का निपटारा

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सदर तहसील सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें कुल 33 मामले पेश आये, जिसमें 03 मामलों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। अवशेष मामलों के लिए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सम्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्रतापूर्वक और नियमानुसार वादों को निस्तारित किया करें। जिलाधिकारी द्वारा हरखपुरा निवासी इरफान द्वारा सीमांकन हेतु उपजिलाधिकारी सदर के 21 जुलाई 2023 के आदेश का अनुपालन अबतक न किए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी महोदय ने संबंधित लेखपाल का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्राम पड़वनिया, ब्लॉक मिठौरा निवासी पन्नालाल के चौदहवें और पंद्रहवें राज्यवित्त में जांच अधिकारी के जांच आख्या पर कोई कार्यवाही न किए जाने की शिकायत के संदर्भ में डीपीआरओ को चेतावनी जारी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाले मामलों को यथासंभव उसी दिन निस्तारित करने का निर्देश दिया और कहा कि निस्तारण पारदर्शी तरीके से और नियमानुसार होना चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ, एसडीएम पंकज कुमार, एसडीएम सुधीर कुमार, डीसी मनरेगा, तहसीलदार सदर राजेश कुमार, नायब तहसीलदार देश दीपक त्रिपाठी व अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

निशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र खुलने से महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर

अयोध्या मिल्कीपुर। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एवं उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ काफी सराहनीय है। उक्त बातें मिल्कीपुर खंड के शेखनापुर हतवा के शुभारंभ के मौके पर आरोग्य भारती के सह मंत्री डॉक्टर उपेंद्रमणि त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा कि शेखनापुर में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र निशुल्क खुलने से यहां के छात्राओं तथा महिलाओं को स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा।वहीं जिला सेवा प्रमुख पुष्कर दत्त तिवारी ने कहा कि सेवा विभाग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में निशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र खेला गया है।उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबन के दृष्टिकोण से सिलाई के माध्यम से रोजगार प्रदान करने के लिए इस निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की गई है। सिलाई प्रशिक्षण केंद्र से महिलाओं को स्वावलंबन आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलेगा।

दहेज उत्पीड़न के मामले में चार के खिलाफ केस दर्ज

अवधनामा संवाददाता

सिसवाबाजार(महराजगंज)। कोठीभार थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कटहरी कला निवासी एक महिला ने पुलिस को लिखित पत्र देकर पति व उसके परिजनों के खिलाफ दहेज के लिये प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुये कार्रवाई की मांग किया है। पुलिस को दिए पत्र में प्रेमशिला देवी ने कहा है कि हमारी शादी कटहरी कला निवासी जितेन्द्र सैनी के साथ 2 जून 2017 को हुई थी। मेरे पिता ने दहेज मे घर् गृहस्थी में इस्तेमाल करने के लिए सभी सामान दहेज मे दे कर विदा किया था। शादी के चार साल तक हम दोनों पति पत्नी के बीच में ब्यवहार अच्छा रहा। इसके बाद कम दहेज देने की बात को लेकर पति और उनके परिजन मुझे मारने पीटने व प्रताणित करने लगे। उसके बाद मुझे डेढ़ साल बाद मार पीट कर घर से बाहर निकाल दिया और कहा कि अपने पिता से पांच लाख नकद व मोटर साइकिल व सोने की चैन लेकर आओ तभी घर में रहने दिया जाएगा। मै अपने पांच साल के एक बच्चे को लेकर इधर-उधर भटक रही हूं। इस संदर्भ मे प्रभारी निरीक्षक कोठीभार सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति जितेन्द्र सैनी, ससुर शत्रुधन सैनी, सास गुलैची देवी, ननद लीला देवी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित संबंधित धाराओ में केस दर्ज कर मामले की जांच की जा की जा रही है।

पुरानी रंजिश में हुई मारपीट में मुकदमा दर्ज

सिसवा बाजार(महराजगंज)। कोठीभार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा शीतलापुर निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही एक व्यक्ति के खिलाफ पुरानी रंजिश मे मारने पीटने का आरोप लगा पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दिए पत्र में राजकुमार शर्मा ने कहा है कि की रात नौ बजे के करीब सिसवा से घर् जाते समय गांव के ही निवासी आमोध पटेल ने पुरानी रंजीश को लेकर रास्ते में ही रोक लिया और मुझे मारने पिटने लगे। जिसमें मुझे काफी चोटें आयी हैं। इस संदर्भ मे प्रभारी निरीक्षक कोठीभार सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है उक्त मामले में आमोध पटेल के विरुद्ध संबंधित धाराओं मे केस दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोप सिद्ध हो जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

विवाद के बाद दोस्तों ने युवती को वाहन से मारी टक्कर, मौत

बाराबंकी। आजमगढ़ की रहने वाली एक युवती को उसके ही दोस्तों ने वाहन से ठोकर मारकर घायल कर दिया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर बाराबंकी आये पिता की तहरीर पर दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार कटरा नेवादा रोड़ थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ के रहने वाले श्यामचन्द्र जायसवाल ने बताया कि उसकी पुत्री दिव्या जायसवाल 23 बैंकिग की तैयारी कपूरथला लखनऊ में रहकर कर रही थी। उसका दोस्त तुषार जायसवाल पुत्र नन्दलाल जायसवाल अजमतगढ थाना जियनपुर आजमगढ जो जनपद बाराबंकी स्थित गोलटावर के जी ब्लाक के चतुर्थ तल पर अपने दोस्त अतुल मिश्रा के साथ रहता है। जानकारी मे आया कि 24 नवम्बर को तुषार का जन्मदिन था जिसमें मेरी पुत्री भी सम्मिलत हुई।

पांच दिवसीय बौद्ध धम्म जागरण का हुआ शुभारंभ

बुद्ध कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

अवधनामा संवाददाता

बृजमनगंज (महराजगंज)। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के ग्रामसभा फुलमनहां के नव निर्मित अम्बेडकर पार्क में शनिवार को अम्बेडकर जन कल्याण समिति के द्वारा पांच दिवसीय बुद्ध कथा का आगाज हुआ। जो दिन में 2 बजे से शाम 4 बजे तक और रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक चलेगी। बौद्ध धम्म जागरण के मुख्य अतिथि राज्य विधि अधिकारी एडवोकेट रामअवध मौर्य ने भगवान बुद्ध और डा भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके बुद्ध कथा का शुभारंभ किया। कथा में पहुंचे एडवोकेट रामअवध मौर्य ने कहा बुद्ध कथा से क्षेत्र के लोग प्रभावित होकर बुद्ध के बताए हुए मार्ग पर चलेंगे और एक नया इतिहास रचेंगे। देश की काफी आबादी ने बुद्ध के बताए हुए मार्ग पर चलकर उन्नति हासिल की है एवं तमाम तरह की वर्ण व्यवस्थाओं एवं पाखंडो कुरीतियों एवं ऊंच-नीच की भावना से मुक्त हुए है। कथा में कथावाचक संघमित्र बौद्ध द्वारा आए समस्त कथा श्रोताओं का अपने संगीत के माध्यम से भगवान बुद्ध के जीवन बृतांत व डा. भीमराव अंबेडकर के संपूर्ण जीवन परिचय को सुनाया। उन्होंने अहिंसा को लेकर भगवान बुद्ध के लिए कार्य और संदेशों को बौद्ध श्रोताओं को बताया। साथ ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवन वृतांत व संघर्षो का भी बखान किया। जहां पर हजारों की संख्या में आए लोगों ने बुद्ध कथा सुन कर आनंद लिया। इस दौरान विनोद भारती, गोपाल, दिलीप कुमार बौद्ध, श्रवण कुमार, चंद्र कुमार, अनील कुमार, विंदा प्रसाद, रामदवान यादव, संदीप भारती, जोगमन भारती, राम सावर, राममिलन पटवा, बबलू वर्मा आदि मौजूद रहे।

पति अज्ञा के विमुख स्त्री को नहीं जाना चाहिएः मिश्र

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सेमरा बनकसिया में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को कथा वाचक पंडित छेदी प्रसाद मिश्र ने सती चरित्र का वाचन करते हुए बताया कि किसी भी स्थान पर स्त्री को पति से बिमुख होकर नही जाना चाहिए। कथा को आगे बढ़ाते हुए पंडित छेदी प्रसाद मिश्र ने बताया कि कहीं जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों हो। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा। इस दौरान कलाकारों द्वारा निकाली गई भगवान शंकर व पार्वती की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा, लोगों ने जमकर जयकारे लगाए। इस दौरान बालकृष्ण शुक्ला, गंगेश दुबे, सुनील शुक्ला, प्रहलाद, मुरली, नन्हू, अशोक, डबलू, केसरी नंदन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

सरकार ने अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का किया है कार्यः कन्हैया पासवान

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। हम सब देशवासी सौभाग्यशाली हैं, जो आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश पूरी दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। हम सब को संकल्प लेना चाहिए की विकसित देश बनाएं। केंद्र व प्रदेश की सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा है। सरकार ने अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उक्त बातें भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहीं। वह शनिवार को नौगढ़ ब्लॉक के ग्राम सभा सरौता में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां और महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बताया गया, तो वही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी नौगढ़, भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी, भाजपा नेता मंगल चौरसिया आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

क्षेत्र पंचायत सदस्यों का धरना तीसरे दिन रहा जारी

बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। पंचायत बांसी के कर्मचारियों व खंड विकास अधिकारी की मनमानी से नाराज क्षेत्र पंचायत सदस्यों का धरना शनिवार को तीसरे दिन जारी रहा। धरने की अगुवाई कर रहे क्षेत्र पंचायत सदस्य दिग्विजय सिंह ने कहा कि विकास खंड बांसी के अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी के विरोध में तथा क्षेत्र पंचायत की समस्याओं के समाधान के लिए धरने पर बृहस्पतिवार से बैठे पर है परंतु कोई जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान के लिए नही आया। इनका कहना है कि सात माह बीत गया अभी तक बैठक नही बुलाई गयी है जबकि बैठक बुलाए जाने की मांग लिखित रूप से किया गया।उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत स्वीकृत परियोजनाओं में सिर्फ दो प्रतिशत परियोजनाओं पर काम हुआ है बाकी बची परियोजनाओं को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। जिन पर काम हुआ है वहां शासन के निर्देश के बावजूद साइन बोर्ड नही लगाया गया है।इनका कहना है कि आगणन में साइन बोर्ड का धन आवंटित होता है और इसे निकाल भी लिया गया है। दिग्विजय सिंह का कहना है कि यहां के कर्मचारी व अधिकारी नियमों का अनदेखा कर मनमर्जी से काम कर रहे है।

समाधान दिवस इटवाः डीएम और एसपी ने सुनी समस्याएं, समाधान का दिलाया भरोसा

एजाज़ सिद्दीक़ी

- शिकायतों का अधिकारी गुणवत्ता के आधार पर समयबद्ध तरीके से करें निस्तारणः जिलाधिकारी

इटवा सिद्धार्थनगर। डीएम पवन अग्रवाल ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का अधिकारी गुणवत्ता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निस्तारण में देरी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शनिवार को इटवा तहसील के सभागार में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनीं। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। एसपी अभिषेक अग्रवाल कहा कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेकर उसमें तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। तहसील इटवा में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, उपजिलाधिकारी इटवा कर्मेन्द्र द्वारा किया गया तथा पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल द्वारा किया गया। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी द्वारा पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस इटवा में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

घर-घर सर्वे करके मतदाता फार्म भरवायें

बस्ती। मण्डलायुक्त/रोल प्रेक्षक, भारत निर्वाचन आयोग अखिलेश सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जेण्डर रेसियों बढाने के लिए घर-घर सर्वे करके मतदाता फार्म भरवायें। एईआरओ के रूप में तैनात बीडीओ एवं एबीएसए प्रत्येक दिन सबसे कम महिला मतदाता वाले बूथ की समीक्षा करें। कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि जेण्डर रेसियों 870 से बढकर 873 हुआ है, महादेवा विधानसभा में यह रेसियों सबसे कम है तथा रूधौली में घट गया है। प्रत्येक विधानसभा में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सर्वाधिक कम महिला मतदाता वाले 50-50 बूथ चिन्हित करके विशेष प्रयास सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देश दिया है कि आनलाइन भरे गये फार्म 6 की हार्डकापी भी बूथ पर सुरक्षित रखी जाये। मृतक या शिफ्टेड मतदाता का नाम सूची से हटाने के लिए परिवार से फार्म 7 अवश्य भरवाया जाये। सुनिश्चित करे कि प्रत्येक बूथ पर कम से कम पॉच 18 से 19 वर्ष तथा महिला मतदाता बनाने के लिए फार्म 6 अवश्य भरवाया जाये।

मंडल व पत्रकार एकादश के बीच खेला गया क्रिकेट मैच

कुदरहा अवधनामा संवाददाता। कुदरहा कस्बे में स्थापित राघव राम बचन शिवा सरस्वती विद्या पीठ के परिसर में शनिवार को सांसद खेल महाकुंभ के प्रमोशन उद्घाटन मैच आयोजक मंडल व पत्रकार एकादश के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। आयोजक मंडल टीम ने रोमांचक खेल में 7 रन से विजयी रही। पत्रकार एकादश टीम के कप्तान जावेद अहमद ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। आयोजन मंडल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में तीन विकेट खो कर 91 रन बनाएं वही जवाब में पत्रकार एकादश टीम ने रोमांचक मुकाबले में 6 विकेट खेकर 84 रन ही बना सकी। और 7 रन से मैच हार गए। आयोजन समिति की टीम के खिलाड़ी अमृत वर्मा ने ओपनर बल्लेबाजी करते हुए करते हुए नाबाद पारी खेली। जवाब में पत्रकार टीम के कप्तान जावेद अहमद ने लगातार तीन छक्का लगाया। आयोजक मंडल टीम के कप्तान ब्लॉक प्रमुख अनिल दुबे ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर हौसला अफजाई करते हुए कहा कि असफलता ही सफलता की कुंजी है। इससे निराश नही होना चाहिए। प्रभारी अमृत कुमार वर्मा ने कहा कि सांसद खेल महाकुम्भ पिछली बार से अधिक रोचक होगी। संयोजक बाल कृष्ण त्रिपाठी ने कहा खेल को लेकर पूरी तैयारी हो चुकी है। उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक द्वारा रविवार को होगा। इस मौके पर नगर पंचायत गायघाट अध्यक्ष सुनील कुमार, दीपक श्रीवास्तव, बृजेश दुबे, शिबलू त्रिपाठी, ओमकार चौधरी, सच्चिदानंद यादव, संतोष दुबे, बंटी दुबे, दीपक दुबे, रजनीश गोस्वामी, निखिल गिरी, आलोक त्रिपाठी, सुगन, रमेश चौधरी, विजय शंकर मिश्र, अखिलेश यादव, रामफूल, लालचंद गुप्ता, सचिन, राहुल कुमार, इबरार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

पाठशाला में स्वेटर वितरण से बच्चों में खुशी की लहर

अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। सामाजिक दायित्व के निर्वहन जैसे लक्ष्यों के ध्यान में रखते हुए ठंड के बढ़ते हुए प्रकोप से राहत हुए परम पाठशाला में स्वेटर वितरण से बच्चे काफी उत्साहित दिखे बच्चों और उनके अभिभावक ने स्वेटर वितरण के हेतु प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डा आलोक पाण्डेय और श्री ब्रह्म प्रकाश पाण्डेय जी के साथ साथ संस्था के द्वारा सफल वितरण हेतु विशेष आभार व्यक्त किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष धीरेन्द्र पाण्डेय ने समय-समय में होने वाली असुविधा एवं कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश कर रही जिससे जिससे उन बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। स्वेटर वितरण को सफल बनाने में परम फाउंडेशन से सपना इंद्र अंकन अंकित आलोक उत्तम विक्रांत अफरोज राजकुमार जी मौजूद रहे।

राष्ट्र निर्माण के लिये महिला सशक्तिकरण समय की मांग

अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। किसी भी राष्ट्र की उन्नति न तो उसके हथियारों से और न ही तकनीकी ज्ञान से अपितु इस बात पर निर्भर करती है कि वहाँ की स्त्रियां कितनी जागरूक, शिक्षित और सशक्त हैं।अतएव राष्ट्र निर्माण हेतु महिलाओं का सशक्तिकरण प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिए।ये उद्गार गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, राजेसुल्तानपुर के प्रधानाचार्य कप्तानसिंह ने व्यक्त किये। श्री सिंह रासेयो के विशेष शिविर के पांचवें दिन आज आयोजित बौद्धिक संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रबन्धक सर्वेंद्रवीर विक्रम सिंह ने किया। ज्ञातव्य है जिले के सुदूर पूर्वांचल में स्थित उक्त कॉलेज न केवल शिक्षण अधिगम अपितु पाठ्येत्तर क्रियाकलापों और जनजागरूकता की गतिविधियों में सदैव अग्रणी रहा है। इसी क्रम में रासेयो की दो इकाइयों का सप्त दिवसीय विशेष शिविर गांधी स्मारक संस्कृत पाठशाला में विगत 28 नवम्बर से अनवरत चल रहा है। इस अवसर पर बौद्धिकी संगोष्ठी से पूर्व प्रबन्धक सर्वेंद्रवीर विक्रम सिंह तथा प्रधानाचार्य कप्तानसिंह व वरिष्ठ शिक्षक प्रतिनिधि उदयराज मिश्र एवं राजेश मिश्रा के नेतृत्व में तरौना बांसगांव अंतर्गत कुटी पर व्यापक सफाई आंदोलन चलाया गया। ध्यातव्य है कि आज आयोजित बौद्धिक संगोष्ठी का संचालन मानसी पांडेय व सच्चिदानंद मौर्य ने किया।

कबड्डी चैम्पियन हाजी चमन शाह सिपुरदे ख़ाक

किछौछा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के सरदार नगर (पश्चिम तरफ) में कबड्डी खिलाडी चमन शाह का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। किछौछा कबड्डी क्लब के तले 20 साल पहले होने वाली प्रांतीय प्रतियोगिता में कई जनपदों से खिलाड़ी आते थे। कबड्डी के उत्थान मे अहम भूमिका निभाने वाले निजामुद्दीन नगर निवासी कबड्डी चैम्पियन चमन शाह लंम्बी बीमारी से जूझ रहे थे। जिनका शुक्रवार को निधन हो गया। के एस सी किछौछा टीम के खिलाड़ियों के प्रशिक्षक चमन शाह नए नए पैंतरे सिखाते थे। शुक्रवार को चमन शाह के निधन के बाद उनके शव को कब्रिस्तान में सुपुर्दा ए खाक किया गया। उनके जनाजे में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। वही सैयद आलेमुस्तफा छोटे बाबू, सैय्यद अज़ीज़ अशरफ, सभासद दस्तगीर, एडवोकेट कमरुज़्मा, लल्लू साह, सरफराज खान, मोबीन साह, एडवोकेट फुरकान, मक्की शुभहानी, सानू खान ने शोक व्यक्त किया।

केमिकलयुक्त मीठा बनाने वाले कारखाने से निकलने दुर्गंध से आस पास के लोग परेशान

अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा बसखारी टांडा रोड स्थित नहर के पास बड़े पैमाने पर कैमिकल युक्त मीठे का कारखाना चल रहा है। मीठे से निकला कैमिकल युक्त गंदा पानी एक गड्ढा बनाकर उस गड्ढे से पाइप लगाकर गंदे पानी को गिराया जा रहा है एवं नहर में भी मोटी सी पाइप लगाई गई है जो कि वह दिखाई पड़ रहा है उसमें भी गंदा पानी गिराया जाता है गंदे पानी से उत्पन्न डेंगू जैसे कई बीमारियां फैल रही हैं नहर के आसपास रहने वाले डेंगू ग्रसित भी हैं आए दिन मरीज बढ़ भी रहे हैं। जिससे वहां के लोगों में डेंगू जैसे अन्य बीमारियों फैलने का भय प्राप्त है। लोगों ने कारखाना के मालिकों से जब शिकायत की तो अरविंद मोदनवाल, बंगाली (सोनू), मीनाक्षी मिष्ठान भंडार उर्फ बंगाली उन लोगों को धमकी देकर मारपीट फौजदारी पर आमादा हो जाते हैं और यह कहा जो कुछ करना है कर लो यह बात लोगों द्वारा बताया जा रहा है और जो कैमिकल युक्त मीठे तैयार करके बसखारी स्थित कई बड़े दुकानों पर सप्लाई किए जाते हैं त्योहारों के दिन और दुकान पर जो मीठे बेचे जा रहे हैं वह किसी जहर से काम नहीं आखिर विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की नजर से दूर अभी तक क्यों रह गया।

ट्रैक्टर ट्राली के चपेट मे आने से वृद्ध महिला की मौत

लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के पटखौली एकडेगवा रमवापुर मार्ग पर बालू से लदी ट्रैक्टर ट्राली से कैलाशी (60) पत्नी चैतू की चपेट मे आने से मौत हो गई । वह क्षेत्र के ग्राम तरघौना की रहने वाली थी। घटना शनिवार लगभग 11 बजे की है। मृतका कैलाशी अपने नाती विशाल के साथ साईकील पर बैठ कर घर से लोटन कस्बे में जा रही थी कि पिछे से आ रही ट्रैक्टर ट्राली की चपेट मे आ गयी जिससे ट्राली का पहिया उसके सिर पर चढ गया मौके पर ही महिला की तुरन्त मृत्यु हो गई घटना की खबर सुनते ही परिवार के लोगो ग्रामीण के साथ मौके पर पहुंच गये।

प्रधान सहायक कलेक्ट्रेट अंगद शर्मा सेवानिवृत्त, विदाई समारोह का आयोजन

जिलाधिकारी ने दी विदाई, कहा विदाई देना होता है दुखदाई

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। प्रधान सहायक कलेक्ट्रेट अंगद शर्मा अपनी सेवा का कार्यकाल पूर्ण करके सेवानिवृत्त हो गये है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को विदाई समारोह का कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। सेवा निवृत्त अंगद शर्मा को फूलमाला पहनाकर एवं बुद्ध प्रतिमा, स्मृति चिन्ह, सूटकेश, अंगवस्त्र, रामचरित मानस देकर विदाई दी गयी। कार्यक्रम का संचालन नाजिर सदर गिरीश मिश्रा द्वारा किया गया।

प्रधान सहायक कलेक्ट्रेट अंगद शर्मा की विदाई के अवसर पर जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने सेवा निवृत्त कर्मचारी को बधाई दी। जिलाधिकारी ने कहा कि विदाई देना दुखदाई होता है। अंगद शर्मा को विभिन्न पटलो का कार्य दिया गया श्री शर्मा द्वारा अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया गया। जिलाधिकारी ने श्री शर्मा के देयको का भुगतान कराने का निर्देश दिया। आप सभी कर्मचारीगण आपस में समन्वय बनाकर कार्य करे। सबकी सहायता करे। जिलाधिकारी ने श्री अंगद शर्मा को बधाई और शुभकामनाएं दी। कहा कि अपने जीवन में खुशहाल रहे तथा अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखे। इस अवसर पर जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु कुमार, जिलाध्यक्ष कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ प्रेमसागर चौधरी, मंत्री दिलीप कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिरूद्ध कुमार मिश्र, ओमप्रकाश पाण्डेय, ज्येष्ठ प्रशासनिक अधिकारी इन्दुबाला, उमाकान्त मिश्रा, रामकेवल तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य शिविर का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

समाधान दिवस में अधिक से अधिक लोग कैम्प में आने के लिए करें जागरूक

अवधनामा संवाददाता

इटवा सिद्धार्थनगर। इटवा में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांग लाभार्थियों का प्रमाण पत्र बनाने हेतु लगाये गये स्वास्थ्य शिविर का जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल द्वारा निरीक्षण किया गया।

तहसील समाधान दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये कैम्प के माध्यम से 03 लाभार्थियों अजय कुमार पुत्र गंगाराम उम्र 25 वर्ष, रामवृक्ष पुत्र शिवकरन उम्र 59 वर्ष, सारिक नवल पुत्र अंजुम जमाल उम्र 16 वर्ष का दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाया गया। जिलाधिकारी ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील समाधान दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोग कैम्प में आने के लिए लोगो को जागरूक करे। अधिक से अधिक लोग इसका लाभ प्राप्त करे। कोई भी दिव्यांग छूटने न पाये। सभी को शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओ का लाभ मिल सके इसके लिए सभी अधिकारी/कर्मचारी पूरी तन्मयता के साथ काम करे। तहसील समाधान दिवस के अवसर पर अजय कुमार पुत्र गंगाराम उम्र 25 वर्ष को जिलाधिकारी द्वारा दिव्यांग प्रमाण-पत्र दिया गया। दिव्यांग शिविर में सीएचसी अधीक्षक इटवा महेंद्र चौधरी, डा0 ए.के.वर्मा हड्डी रोग विशेषज्ञ, डा0 शमीम खान नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ की टीम उपस्थित थी।

योजनाओं की दी गयी जानकारी

लोटन सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड लोटन अन्तर्गत ग्राम पंचायत फुटुक व हरिवंशपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी रामप्रवेश ने हरिवंशपुर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाया जा रहा है विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से अति पिछड़े वंचित व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं से जोड़ा जाए और लाभार्थियों को लाभ दिलाया जा रहा ।सचिव विनोद कुमार चौधरी द्वारा बताया गया की जो भी पात्र लाभार्थियों हो योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है।और सरकार के योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया जा रहा है। देश के सभी प्रदेशों में निवास करने वाले लोग है जिनको सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी नहीं हो पाती है और लाभ से वंचित रह जाते थे इस लिए यह संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत सावन पाकर उर्फ मदरहिया प्राथमिक विद्यालय में सम्पन्न

बढ़नी, सिद्धार्थनगर। बढ़नी ब्लाक के ग्राम पंचायत मदरहिया में शनिवार 02 दिसम्बर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्टाल लगाए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों द्वारा सहभागिता कर हासिल कर सुविधाओं की जानकारी ली गई। स्वास्थ्य सेवाएं, केवाईसी, उज्ज्वला गैस, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका, कन्या सुमंगला योजना, पेंशन, बाल विकास, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि योजनाओं का स्टाल लगाया गया। कार्यक्रम में रविशंकर वर्मा जेई ने योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि जिनका पीएम किसान निधि रुका हो वो केवाईसी कराएं। जिनको नये पेंशन की आवश्यकता हो वो तुरंत बैठे हुए अधिकारियों से संपर्क करें। स्टालों पर बड़ी संख्या पर ग्रामीणों की उपस्थिति रही। साथ ही स्कूल के बच्चों द्वारा संगीत और नृत्य एवं कृष्ण और सुदामा के मित्रता के सन्दर्भ में दिखाया गया। साथ ही महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। संबंधित विभागों द्वारा सरकार के तरफ से दी जा रही योजनाओं के बारे में बतलाया गया ब्लाक के तरफ से सचिव अवधेश कुमार यादव, ग्राम प्रधान खुशबून निशा, प्रधानाचार्य शमशेर अली, मंडल अध्यक्ष भाजपा योगेंद्र तिवारी,राज कुमार मौर्य,अनिल अग्रहरी, सचिव रवि कांत यादव, राधेश्याम तिवारी महामंत्री भाजपा, पंचायत सहायक कृति मौर्य, कृषि विभाग के टीम राम सेवक, टी ए राजेश, अंकित पाठक एसबीआई से एवं आंगनबड़ी की टीम, एनआरएलएम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम, डॉक्टर तैयबा गुलफाम एवं अन्य ग्रामीण के लोग भी उपस्थित रहे।

महीनों से पंचायत भवन पर लटक रहा ताला

नंदलाल आजाद

- सरकार की गांवों को हाईटेक बनाने की योजना हो रही फेल
- लाखों रुपये खर्च कर पंचायत भवन में रखे कम्प्यूटर सिस्टम फांक रहे धूल

बढ़नी सिद्धार्थनगर। लाखों रुपये खर्च कर गांव में रहने के लिए सचिवों के लिए आवास व कार्यालय बनाए गए हैं इन आवासों व कार्यालय पर हमेशा ताले लटकते रहते हैं। इससे पंचायती राज व्यवस्था की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। भारत सरकार द्वारा गांव के लोगों का जीवन स्तर उठाने के लिए विभिन्न तरीकों से प्रयास जारी है लेकिन इसके लिए इस व्यवस्था को संचालित करने के लिए तैनात अधिकारी व कर्मचारी इसे नजर अंदाज कर खुले तौर पर मखौल उड़ा रहे हैं। मामला विकास खंड बढ़नी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामनगर का बताया जा रहा है जहां लगभग 24 लाख की लागत से बना पंचायत भवन अधिकारियों की उदासीनता लापरवाही की वजह से खिड़कियों मे दरवाजा आज तक नही लग पाया। रामनगर मे चर्चित सचिव की लापरवाही से सरकार द्वारा हाईटेक करने की योजना फेल होती नजर आ रही है। लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद पंचायत भवन में रखे कम्प्यूटर सिस्टम धूल खा रहे हैं तो वही पंचायत भवन में ऑनलाइन की प्रक्रिया का बुरा हाल है जिसका जिम्मेदारो द्वारा सुधि नही लिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन कार्यालय हमेशा बन्द रहता है न तो सचिव ही आते हैं और न ही पंचायत सहायक आते है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जिस तरह से हर अधिकारी और कर्मचारी अपने दफ्तर में 10 बजे बजे तक उपलब्ध रह कर जनता की समस्याएं सुनते हैं उसी प्रकार सचिव भी पंचायत भवन में ग्रामीणों की समस्याएं सुनें।

पारम्परिक लोक उत्सव का हुआ आयोजन

बांसी सिद्धार्थनगर। स्वर्गीय हरिश्चन्द्र दूबे सेवा ट्रस्ट सिद्धार्थनगर के तत्वाधान में विकास खंड मिठवल के नरही गाँव में पारम्परिक लोक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नौटंकी, विरहा, चैती, लोक संगीत आदि प्राचीन परम्पराओं के विविध रूपों ने दर्शको का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रितेश दूबे द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन से कार्यक्रम का आरम्भ हुआ। मुख्य अतिथि ने कहा कि पारम्परिक लोक उत्सव कार्यक्रम से भारतीय संस्कृति की समृद्ध परम्पराओं को सहेजने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान पीढी को प्राचीन परम्पराओं को परिचित कराने के लिए इस तरह के आयोजन निरन्तर किए जाने चाहिए। कहा कि हम अपने लोक संस्कृति की थाती को सहेजे रखना होगा। विशिष्ठ अथिति दिनमणि उपाध्याय ने कहा की लुप्त हो रही प्राचीन परम्पराएं, संस्कृति व सभ्यता पर विस्तार से जानकारी दिया। कहा हमें अपने प्राचीन परम्पराओं को सहेजने की जरूरत है।

डीएम व एसपी की अध्यक्षता में समाधान दिवस, उमड़ी फरियादियों की भीड़

अवधनामा संवाददाता

आलापुर (अम्बेडकरनगर)। तहसील आलापुर तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी की उपस्थिति में फरियादियों की समस्यायें सुनी गई कुल प्राप्त 98 शिकायतो में से मौके पर 8 शिकायत पत्र का निस्तारण कर दिया गया। मालूम हो जिलाधिकारी अविनाश कुमार सिंह ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया। डीएम अविनाश कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा द्वारा तहसील दिवस में तहसील समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई की गयी। इस दौरान फरियादियों से उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया जिसके क्रम में उनकी समस्याओं के समाधान हेतु वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित करते हुये मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी सभी शिकायतों पत्रो का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर किया जाये। किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े। पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने जनता की समस्याओं को सुना तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराग जैन, उपजिलाधिकारी आलापुर सौरभ शुक्ला, तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव, आलापुर क्षेत्राधिकारी आर बी सिंह, बी सर्किल के सभी थानाध्यक्ष थाना जहांगीरगंज प्रभारी प्रदीप सिंह थाना राजेसुल्तानपुर प्रभारी सन्तकुमार सिंह नगर पंचायत जहांगीरगंज अधिशासी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी खण्ड विकास अधिकारी अनिल कुमार कुशवाहा पंचायत योगेंद्रनाथ सिंह लेखपाल अमित कुमार, विवेक, रजत सिंह, विपिन तिवारी, कम्प्यूटर आपरेटर प्रवेश सहित आला-अधिकारी मौजूद रहे।

उप्र का अनुपूरक बजट

योगी सरकार ने 28 हजार 760 करोड़ 67 लाख रूपये का अनुपूरक बजट पेश किया। बजट में इनफ्राडेवलमेन्ट और इनर्जी पर ज्यादा ध्यान दिया गया है। राजस्व लेखा के लिये और 971428.27 लाख राजस्व लेखा व्यय के लिये रक्खा गया है। बजट में राजस्व लेखा का खर्च 4639 करोड़ और पूजी लेख का व्यय 9714 करोड़ बताया गया है। बजट किसानों के लिये उदारता दिखाते हुये उनको मुफ्त बिजली देने के लिये 900 करोड़ का प्रावधान रक्खा है। किसानों में गन्ना बकाया को लेकर बहुत असन्तोष रहता है। इसे दूर करने के लिये गन्ना बकाया मद में 400 करोड़ रूपये का प्रावधान रक्खा गया है। बिजली व्यवस्था जिसमें बहुत गड़बडियां पाई जाती है उसे सुधारने के लिये 9193 करोड़ की व्यवस्था की गई है। योगी जी और प्रधानमंत्री दोनो धर्म और संस्कृति के हिमायती है। योगी जी और प्रधानमंत्री दोनो धर्म और संस्कृति के उत्थान पर तमाम व्यस्ततावों के बीच समय निकल ध्यान देते रहते है। उनमें केवल कर्तव्य पालन ही नहीं रहता श्रद्धा रहती है। अनुपूरक बजट में धार्मिक स्थलों के विकास के लिये भी ध्यान रक्खा गया। इसी आस्था से उद्धेलित हो आयोंध्या में राममोत्सव के लिये 100 करोड़ रूपये का प्रावधान रक्खा गया है।

बजट में नयी योजनाओं के लिये 7421 करोड़ 21 लाख रूपये आवन्टित है। चालू योजनाओं के लिये 21 हजार 339 करोड़ का प्रावधान मांगा गया है। धार्मिक पर्यटन में को राज्य बढ़ाने के लिये योगी सरकार काफी ध्यान दे रही है। अयोध्या में जबसे राम मन्दिर का कार्य चला है और बनारस में धार्मिक उत्सवों का आयोजन बढ़ा है पर्यटकों की संख्या दिनोदिन बढ़ती जा रही है। इसे ध्यान में रखते हुये नयी योजनाओं में इसका ध्यान रक्खा गया है। इसीलिये 7421 करोड़ की मांग रक्खी गयी है।

खाद और बीज विवरण को लेकर किसानों में काफी असन्तोष देखा जाता है इसे दूर करने के लिये तथा उन्हें राहत देने के लिये सहकारी समितियों को दस दस लाख रूपये का कर्ज ब्याज मुक्त दिये जाने का प्रावधान रखा गया है। सहकारिता मिलों और गन्ना किसानों पर इसे उद्देश्य से ध्यान दिया गया है। महिलाओं पर ध्यान देने के लिये भाजपा सरकार और भाजपा शासित राज्य उनके लिये कई कदम उठाये है जिससे समाजिक और धार्मिक गतिविधियों में उनका सहयोग बढ़े। योगी सरकार ने 60 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा का तोहफा दिया है। महिलायें हर्षित है। अयोध्या में मुफ्त यात्रा करने की योजना अभी से बनाने लगी है। अयोध्या में मुफ्त यात्रा करने की योजना अभी से बनाने लगी है। लगता है प्राणप्रतिष्ठा के पहले ही पूरा प्रदेश राममय हो जायेगा।

बिजली वितरण व्यवस्था प्रदेश में काफी लचर चल रही है। उसे सुधारने के लिये 9193 करोड़ की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। इसके अन्तरगत तार से लेकर ट्रान्सफार्मर व्यवस्था में सुधार किया जायेगा। बिजली पर पड़ने वाले भार का आकलन इस आंकड़े द्वारा की जा सकती है। इस साल बिजली की खपत 28 हजार मेगावाट से भी ऊपर चली गयी। गर्मियों में बिजली की खपत बढ़ जाती है। अनुमान है इस गर्मी में 30 हजार मेगावाट से ज्यादे की खपत हो सकती है। सभी जिली में बिजली व्यवस्था सुधारने पर ध्यान दिया गया है। खासकर वितरण प्रणाली को ठीक करने के लिये 1500 करोड़ और प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों नोएडा और मऊ में वितरण प्रणाली सुधारने के लिये 1028 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है।

प्रदेश के 16 शहरों में संस्कृत स्कूल खोले जायेगे शिक्षा क्षेत्र के लिये 1551 करोड़ का प्रावधान रक्खा गया है। कुछ क्षेत्रों में धन की जरूरत दिखायी गयी है जैसे प्रधानमंत्री पोषण योजना के रहत रसोइयों का मानदेय, अलीगढ़ और गोरखपुर में सरकारी होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, जल जीवन मिशन की तहत ग्रामीण में पाइप पेयजल योजना पर प्राथमिकता और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधा के लिये अतिरिक्त धन की जरूरत बतायी गयी है। कुल मिलाकर सभी लोगों के लिये बजट में कुछ न कुछ है। अगर सभी लक्ष प्राप्त कर लिये गये तो प्रदेश की तस्वीर बेहतर बन कर उभरेगी। श्रेय डबल इंजन सरकार को जायेगा।

बजट एक नज़र में : 28760 करोड़ का बजट है नये प्रोजेक्ट के लिये लगभग 7000 करोड़, चालू प्रोजेक्ट के लिये लगभग 10000 करोड़ धार्मिक स्थलों के विकास के लिये प्रावधान रक्खा गया है। स्टेट कैपिटल रीजन के लिये भी धन की व्यवस्था है। बजट में इनफ्राडेवलपमेन्ट और इनर्जी पर ज्यादा ध्यान केन्द्रित किया गया है।

पुरुषार्थ साथ हो तो विकलांगता कार्य सिद्धि में बाधक नहीं

सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'

यदि पुरुषार्थ है तो विकलांगता कार्य सिद्धि में बाधा नहीं बन सकती है. किसी भी राष्ट्र की वास्तविक पूंजी उसके स्वस्थ और सुखी स्त्री, पुरुष तथा बच्चे होते हैं। समाज के कुछ व्यक्ति या समूह अपनी शारीरिक निर्बलता तथा सामाजिक एवं आर्थिक विवशताओं व समाज के अन्य घटकों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने में असमर्थ होते हैं। ये वे व्यक्ति हैं, जो अज्ञानता तथा पर्याप्त चिकित्सा के अभाव में विकलांग (दिव्यांग) हो जाते हैं। आधुनिक मशीनी जीवन के भागमभाग भरे माहौल ने भी कुछ व्यक्तियों को शारीरिक तथा मानिसक रूप से विकलांग बनाया है। ऐसे विकलांगों में दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित, अस्थिबाधित, मानसिक पक्षाघात से पीड़ित, मानसिक विकलांग तथा कुष्ठ रोग से पीडित विकलांग सम्मिलित हैं।

आज दुनिया में विकलांगों की संख्या करोड़ों में है। एक आंकलन के अनुसार अकेले भारत में ही लगभग छह प्रतिशत आबादी विकलांगों की है। जिसमें से आधी आर्थात् तीन प्रतिशत आबादी विकलांग महिलाओं की है। देश में कार्य कर रही कुल आठ हजार संस्थाओं में सरकारी संस्थाएं मात्र सौ से कुछ अधिक हैं। अतः अधिकांश कार्य स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा ही कियां जा रहा है। एक सर्वेक्षण के अनुसार विकलांगों के लिये काम कर रही अस्सी प्रतिशत संस्थाएं केवल नौ राज्यों में है। ये राज्य है, आंध्रप्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, और दिल्ली, किन्तु बिहार उड़ीसा जैसे गरीब राज्यों जहां गरीबी के कारण विकलांगों का प्रतिशत और विकलांगता के कारण होने वाला कष्ट ज्यादा है, वहां इस प्रकार की संस्थाओं की संख्या बहुत कम है।

राष्ट्रीय नमूनी सर्वेक्षण संगठन द्वारा किये गये सर्वेक्षण के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में सत्तर प्रतिशत विकलांग निरक्षर है। शहरी क्षेत्रों में पैंतालीस प्रतिशत व्यक्ति निरक्षर हैं। अर्थात 1996-97 की जनसंख्या के अनुसार कुल आबादी का अड़तालीस प्रतिशत निरक्षर है। इस तथ्य से ही पता चल जाता है कि सामान्य व्यक्तियों के मुकाबले विकलांग शिक्षा के क्षेत्र में कितने पिछड़े हैं। आजादी के बाद केन्द्र सरकार ने (1953) केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड की स्थापना की इसका मूल उदेश्य महिलाओं, बच्चों और विकलांगों के लिये स्वयंसेवी संस्थाओं के जरिये कल्याण कार्यक्रम चलाना था, यही नहीं विकलांगों के लिये कार्य कर रही स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा चलाये जा रहे विशेष विद्यालयों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई है। इस समय देश में लगभग एक लाख पंच्चीस हजार के आसपास दृष्टिहीन है, जिसके लिये ढ़ाई सौ से अधिक विद्यालय और बधिरों के लिये लगभग पांच सौ विद्यालय चल रहे हैं। जिनमें सौ से अधिक माध्यमिक स्तर के हैं। विकलांगों की दशा सुधारने के लिए सरकारी प्रयास तो हुए है, लेकिन उन्हें संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। सरकार और हमारे बीच विचौलिया संस्थाओं के चलते विकलांगों का भला नही हो पा रहा हैं। इसलिये यह आवश्यक है कि सरकार इससे संबंधित पूरे क्रियाकलापों की देखभाल स्वयं करें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

विकलांगता एक ऐसा शब्द है, जो किसी को भी शारीरिक, मानसिक और उसके बौद्धिक विकास में अवरोध पैदा करता है। ऐसे व्यक्तियों को समाज में अलग ही नजर से देखा जाता है। यह शर्म की बात है कि हम जब भी समाज के विषय में विचार करते हैं, तो सामान्य नागरिकों के बारे में ही सोचते हैं। उनकी ही जिंदगी को हमारी जिंदगी का हिस्सा मानते हैं। इसमें हम विकलांगों को छोड़ देते हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है? ऐसा किस संविधान में लिखा है कि ये दुनिया केवल पूर्ण मनुष्यों के लिए ही बनी है? बाकी वे लोग जो एक साधारण इंसान की तरह व्यवहार नहीं कर सकते, उन्हें अलग क्यों रखा जाता है।

दिव्यांगों को नया आयाम एवं जीवन-मुस्कान दें

हर वर्ष 3 दिसंबर का दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकलांग व्यक्तियों को समर्पित है। विकलांग भी किसी से कम नहीं, उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए थोड़े से सहयोग एवं समतामूलक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वभर में विकलांगता और विकलांग लोगों के साथ सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक भागीदारी को बढ़ावा देना है और उनके अधिकारों, समर्थन, और समाज में उनके साथ सौहार्द्र बनाए रखना है। वर्ष 2023 की विकलांग दिवस की थीम है एक समावेशी समाज का निर्माण और समान अवसरों का सृजन है। वर्ष 1976 में संयुक्त राष्ट्र आम सभा के द्वारा विकलांगजनों के अंतरराष्ट्रीय वर्ष के रूप में मनाया गया और वर्ष 1981 से अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाने की विधिवत शुरुआत हुई। विकलांगों के प्रति सामाजिक सोच को बदलने और उनके जीवन के तौर-तरीकों को और बेहतर बनाने के लिये एवं उनके कल्याण की योजनाओं को लागू करने के लिये इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है।

ललित गर्ग

पूरी दुनिया में एक अरब लोग विकलांगता के शिकार हैं। जिनमें से 80 प्रतिशत विकासशील देशों में हैं। अधिकांश देशों में हर दस व्यक्तियों में से एक व्यक्ति शारीरिक या मानसिक रूप से विकलांग हैं। इनमें कुछ संवेदनाविहीन व्यक्ति भी हैं। विकलांगता एक ऐसा शब्द है, जो किसी को भी शारीरिक, मानसिक और उसके बौद्धिक विकास में अवरोध पैदा करता है। ऐसे व्यक्तियों को समाज में अलग ही नजर से देखा जाता है। यह शर्म की बात है कि हम जब भी समाज के विषय में विचार करते हैं, तो सामान्य नागरिकों के बारे में ही सोचते हैं। उनकी ही जिंदगी को हमारी जिंदगी का हिस्सा मानते हैं। इसमें हम विकलांगों को छोड़ देते हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है? ऐसा किस संविधान में लिखा है कि ये दुनिया केवल पूर्ण मनुष्यों के लिए ही बनी है? बाकी वे लोग जो एक साधारण इंसान की तरह व्यवहार नहीं कर सकते, उन्हें अलग क्यों रखा जाता है। क्या इन लोगों के लिए यह दुनिया नहीं है? इन विकलांगों में सबसे बड़ी बात यही होती है कि ये स्वयं को कभी लाचार नहीं मानते। वे यही चाहते हैं कि उन्हें अक्षम न माना जाए। उनसे सामान्य तरह से व्यवहार किया जाए। पर क्या यह संभव है?

पिछले कुछ वर्षों में, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों से, विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करने और दुनिया भर में एक बाधा-मुक्त, समतामूलक समाज की स्थापना करने में कुछ प्रगति हासिल हुई है। लेकिन विकलांग लोगों को हाशिये पर धकेलने वाली पर्यावरणीय, सामाजिक, पारिवारिक और कानूनी बाधाएं फिर भी मौजूद हैं, इसलिए रोज़गार, शिक्षा और चिकित्सा देखभाल में विकलांग लोगों के अधिकार अभी भी अलग-अलग स्तर के प्रतिबंधों के अधीन हैं। लेकिन विकलांग दिवस की बदौलत न केवल सरकारें बल्कि आम जनता में भी विकलांगों के

प्रति जागरूकता एवं सौहार्द का माहौल बना है। समाज में उनके आत्मसम्मान, प्रतिभा विकास, शिक्षा, सेहत और अधिकारों को सुधारने के लिये और उनकी सहायता के लिये एक साथ होने की जरूरत है। विकलांगता के मुद्दे पर पूरे विश्व की समझ को नया आयाम देने एवं इनके प्रति संकीर्ण दृष्टिकोण को दूर करने के लिये इस दिन का महत्वपूर्ण योगदान है।

यह दिवस विकलांग लोगों के अलग-अलग मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करता है और जीवन के हर क्षेत्र में चाहे वह राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कोई भी हो, सभी विकलांग लोगों को शामिल करने और उन्हें अपने प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकलांगों को विकलांग नहीं कहकर दिव्यांग कहने का प्रचलन शुरू कर न केवल उनके आत्म-विश्वास को जगाया है बल्कि एक नयी सोच को जन्म दिया है। हमें इस बिरादरी को जीवन की मुस्कुराहट देनी है, न कि हेय समझना है। विकलांगता एक ऐसी परिस्थिति है जिससे हम चाह कर भी पीछा नहीं छुड़ा सकते। एक आम आदमी छोटी-छोटी बातों पर झुंझला उठता है तो जरा सोचिये उन बदकिस्मत लोगों का जिनका खुद का शरीर उनका साथ छोड़ देता है, फिर भी जीना कैसे है, कोई इनसे सीखे। कई लोग ऐसे हैं जिन्होंने विकलांगता को अपनी कमजोरी नहीं, बल्कि अपनी ताकत बनाया है। ऐसे लोगों ने विकलांगता को अभिशाप नहीं, वरदान साबित किया है।

प्रश्न यह भी है कि विकलांग लोगों को बेसहारा और अछूत क्यों समझा जाता है? उनकी भी दो आँखें, दो कान, दो हाथ और दो पैर हैं और अगर इनमें से अगर कोई अंग काम नहीं करता तो इसमें इनकी क्या गलती? यह तो नसीब का खेल है। इंसान तो फिर भी कहलायेंगे, जानवर नहीं। फिर इनके साथ जानवरों जैसा बर्ताव कहां तक उचित है? किसी के पास पैसे की कमी है, किसी के पास खुशियों की, किसी के पास काम की तो अगर वैसे ही इनके शारीरिक, मानसिक, ऐन्द्रिक या बौद्धिक विकास में किसी तरह की कमी है तो क्या हुआ है? कमी तो सबमें कुछ-न-कुछ है ही, तो इन्हें अलग नजरों से क्यों देखा जाए? परिपूर्ण यानी सामान्य मनुष्य समाज की यह विडम्बना है कि वे अपंग एवं विकलांग लोगों को हेय की दृष्टि से देखते हैं। लेकिन विकलांग लोगों से हम मुंह नहीं चुरा सकते क्योंकि आज भी कहीं-न-कहीं हम जैसे इन्हें हीन भावना का शिकार बना रहे हैं, उनकी कमजोरी का मजाक उड़ा कर उन्हें और कमजोर बना रहे हैं। उन्हें दया से देखने के बजाय उनकी मदद करें, आखिर उन्हें भी जीने का पूरा हक है और यह तभी मुमकिन है जब आम आदमी इन्हें आम बनने दें। जीवन में सदा अनुकूलता ही रहेगी, यह मानकर नहीं चलना चाहिए। परिस्थितियां भिन्न-भिन्न होती हैं और आदमी को भिन्न-भिन्न परिस्थितियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

मनुष्य के मजबूत इरादे दृष्टि दोष, मूक तथा बधिरता को भी परास्त कर देते हैं। अनगिनत लोगों की प्रेरणास्रोत, नारी जाति का गौरव मिस हेलेन केलर शरीर से अपंग थी, पर मन से समर्थ महिला थीं। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति ने दृष्टिबाधिता, मूक तथा बधिरता को पराजित कर नई प्रेरणा शक्ति को जन्म दिया। सुलिवान उनकी शिक्षिका ही नही, वरन् जीवन संगिनी जैसे थीं। उनकी सहायता से ही हेलेन केलर ने टालस्टाय, कार्लमार्क्स, नीत्शे, रविन्द्रनाथ टैगोर, महात्मा गाँधी और अरस्तू जैसे विचारकों के साहित्य को पढ़ा। हेलेन केलर ने ब्रेल लिपि में कई पुस्तकों का अनुवाद किया और मौलिक ग्रंथ भी लिखे। उनके द्वारा लिखित आत्मकथा 'मेरी जीवन कहानी' संसार की 50 भाषाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। अल्प आयु में ही पिता की मृत्यु हो जाने पर प्रसिद्ध विचारक मार्कट्वेन ने कहा कि, केलर मेरी इच्छा है कि तुम्हारी पढ़ाई के लिए अपने मित्रों से कुछ धन एकत्रित करूँ। केलर के स्वाभिमान को धक्का लगा। सहज होते हुए मृदुल स्वर में उन्होंने मार्कट्वेन से कहा कि यदि आप चन्दा करना चाहते हैं तो मुझ जैसे विकलांग बच्चों के लिए कीजिए, मेरे लिए नहीं। सचमुच विकलांग एवं अंध होकर भी हेलेन केलर 19वीं शताब्दी की सबसे दिलचस्प महिला हैं।

जवाबदेह औरत ही क्यों बने?

90 प्रतिशत लड़कियां आर्थिक रूप से बेहद पिछड़े परिवार से होती हैं। जिसकी वजह से वह प्रतिदिन 7 किमी पैदल चलकर आती हैं। यह शिक्षा के प्रति इनके लगन और मेहनत को दर्शाता है। लेकिन लड़कियों के प्रति मानसिक रूप से पिछड़े समाज की सोच और कमेंट्स उनके मनोबल को तोड़ देती हैं। एक अन्य किशोरी बताती है कि अपने खिलाफ होने वाली इस हिंसा को हम लड़कियां व्यक्त भी नहीं कर पाती हैं।

समाज में औरतों को हमेशा से ही बंधनों में बांधकर रखा गया है. जिससे कि अगर उसके साथ किसी भी प्रकार की कोई हिंसा होती है तो वह अपने लिए न्याय के लिए लड़ने से भी डरती है क्योंकि अगर वह कुछ कहती है तो समाज ही उसे गलत ठहरा कर चुप करा देता है। ऐसे में यदि किसी लड़की के साथ किसी प्रकार की हिंसा होती है तो वह इसके खिलाफ आवाज़ भी नहीं उठा पाती है। यहां तक कि वह इसे किसी के सामने रखने से भी डरती है। बात चाहे शहर की हो या गांव की, सभी जगह महिलाएं स्वयं को शत प्रतिशत सुरक्षित नहीं मानती हैं। शहरों में जहां महिला हिंसा का अलग रूप देखने को मिलता है तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक मान्यताओं के नाम पर महिलाओं के साथ सबसे अधिक हिंसा होती है। कभी उसे शारीरिक तो कभी मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। लेकिन किशोरियों के साथ होने वाली हिंसा सबसे अधिक चिंता का विषय बनती जा रही है। जिन्हें स्कूल या कॉलेज आते जाते समय कभी लड़कों तो कभी अन्य पुरुषों द्वारा फब्तियां और गंदे कमेंट्स का सामना करना पड़ता है।

पूजा गोस्वामी

अफ़सोस की बात यह है कि इस प्रकार का कृत्य जहां किशोरियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है वहीं दूसरी ओर यह समाज के नैतिक पतन की ओर इशारा भी करता है। शहरों में लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के कई अवसर मिल जाते हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरियों के लिए यह आज भी अपेक्षाकृत काफी मुश्किल होता है। ऐसा ही एक ग्रामीण क्षेत्र है पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के बागेश्वर जिला अंतर्गत रौलियाना गांव। जहां लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए कई प्रकार की बाधाओं से गुज़रना पड़ता है। इनमें सबसे बड़ी बाधा लड़कों और पुरुषों द्वारा फब्तियां और गंदे कमेंट्स कर उन्हें मानसिक रूप से परेशान करना है। यह एक ऐसी हिंसा है जो किशोरियों को मानसिक रूप से तोड़ देती है। इस संबंध में नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर गांव की एक किशोरी बताती है कि 10वीं पास करने के बाद आगे की शिक्षा के लिए किशोरियां राजकीय इंटर कॉलेज, मेगडी स्टेट में अपना नामांकन कराती हैं, जो रौलियाना से करीब 7 किमी दूर है। यह इस गांव से सबसे करीब इंटर कॉलेज है। इतना ही नहीं यह इंटर कॉलेज अन्य गांव जैसे जोड़ा स्टेट और पिंगलो से भी सबसे नज़दीक है, जिसके कारण इन सभी गांवों की लड़कियां यहीं पढ़ने आती हैं।

वह बताती है कि यहां पढ़ने वाली 90 प्रतिशत लड़कियां आर्थिक रूप से बेहद पिछड़े परिवार से होती हैं। जिसकी वजह से वह प्रतिदिन 7 किमी पैदल चलकर आती हैं। यह शिक्षा के प्रति इनके लगन और मेहनत को दर्शाता है। लेकिन लड़कियों के प्रति मानसिक रूप से पिछड़े समाज की सोच और कमेंट्स उनके मनोबल को तोड़ देती हैं। एक अन्य किशोरी बताती है कि अपने खिलाफ होने

वाली इस हिंसा को हम लड़कियां व्यक्त भी नहीं कर पाती हैं। न तो हम इस संबंध में अपनी शिक्षिका से कह पाती हैं और न ही हम घर में इसकी शिकायत कर पाती हैं क्योंकि हमें ऐसा लगता है कि इससे हमारे ही परिवार की बदनामी होगी और सकता है कि हमारी पढाई रुकवा दी जाए क्योंकि हमने देखा है कि यदि कुछ लड़कियां हिम्मत करके इसके खिलाफ आवाज़ उठाती भी हैं स्वयं परिवार भी उनका साथ देने की जगह इसका दोष उन्हीं लड़कियों पर डाल दिया जाता है। कई परिवारों ने इस प्रकार की घटना के बाद लड़की का इंटर कॉलेज जाना ही बंद करवा दिया। वह सवाल करती है कि आखिर इसमें उस लड़की का क्या दोष होता है? क्यों परिवार उसका साथ देने की जगह उसे ही शिक्षा से वंचित कर देता है? एक अन्य लड़की बताती है कि उसे पढ़ने, आगे बढ़ने और अपने पैरों पर खड़ा होने का ख्वाब था। यही कारण है कि दसवीं के बाद उसने बड़े उत्साह से राजकीय इंटर कॉलेज, मेगड़ी स्टेट में नामांकन करवाया था। लेकिन जब वह कॉलेज आने जाने लगी तो आये दिन लड़के और लोग अश्लील टिपण्णी तो कभी भद्दे कमेंट्स करने लगे। जिसकी शिकायत जब उसने कॉलेज में की तो उल्टा उसे ही दोषी ठहराया जाने लगा। उसे संभल कर आने जाने की नसीहत दी जाने लगी। उसने जब घर में इसकी शिकायत की तो उसे उम्मीद थी कि परिवार उसका साथ देगा, लेकिन यहां भी उसे ही इन सबके लिए दोषी माना जाने लगा और घर की इज़्ज़त की खातिर चुप रहने की हिदायत दी जाने लगी। वह किशोरी बताती है कि वह इन सब घटनाओं से पूरी तरह से टूट गई और मानसिक रूप से परेशान रहने लगी। जिसका उसकी शिक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने लगा। वह बताती है कि यदि शिक्षक और परिवार उसका साथ देते और कमेंट्स करने वालों के विरुद्ध कदम उठाते तो आज वह इस स्थिति में नहीं होती। वह सवाल करती है कि आखिर लड़कियां ही चुप क्यों रहे? परिवार और समाज की इज़्ज़त का बोझ उसे ही क्यों उठानी है? अगर कोई लड़का भद्दे कमेंट्स करता है यह उसके और उसके परिवार के नैतिक पतन को दर्शाता है फिर इसमें लड़की का क्या दोष? इससे उसके परिवार की इज़्ज़त कैसे चली जायेगी?

एक अन्य किशोरी 19 वर्षीय रूपा कहती है कि केवल कॉलेज ही नहीं, ससुराल में भी लड़कियों को ही घर की इज़्ज़त बचाने की ज़िम्मेदारी उठानी पड़ती है। उसे ससुराल में शारीरिक और मानसिक हिंसा को चुपचाप सहना पड़ता है। यदि वह इसके खिलाफ परिवार में शिकायत भी करती है तो माता-पिता उसे एडजस्ट करने की नसीहत देकर चुपचाप हिंसा सहने की सलाह देते हैं। इस प्रकार लड़कियों को ही हर जगह चुप रहने के लिए मजबूर किया जाता है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रैंडी कहती हैं कि महिलाओं के खिलाफ गांव में हिंसा कोई नई बात नहीं है। हर स्तर पर उसे ही ज़िम्मेदार ठहराया जाता है। जो समाज में जागरूकता की कमी को दर्शाता है। वर्तमान में जिस तरह कॉलेज आती जाती किशोरियों के खिलाफ छींटाकशी और कमेंट्स होते हैं वह किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इसके खिलाफ स्वयं लड़कियों को आवाज़ उठानी होगी। उन्हें आगे बढ़कर इस प्रकार की हिंसा के खिलाफ लिखना और बोलना होगा।

नीलम कहती हैं कि आज प्रशासन के स्तर पर इस प्रकार की हिंसा के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाता है, जिससे कि समाज में कड़ा संदेश जाए और किशोरियां भयमुक्त होकर अपनी शिक्षा को जारी रख सकें। लेकिन इसमें सबसे अहम रोल परिवार का होता है। जिसके सपोर्ट के बिना किशोरियों के लिए भयमुक्त वातावरण तैयार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में ज़रूरी है कि परिवार बिना किसी डर के लड़कियों का हौसला बढ़ाये और कमेंट्स या छींटाकशी करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाये। वह कहती हैं कि अब समय आ गया है कि हर बात के लिए लड़कियों और महिलाओं को ज़िम्मेदार और जवाबदेह ठहराना बंद किया जाए। (चरखा फीचर)

विधानसभा चुनाव प्रचार में फिर गिरा भाषा का स्तर

मिजोरम छोड़कर हिन्दी पट्टी के राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और दक्षिण के राज्य तेलंगाना के नतीजों पर सारे देश की नजरें टिकी हैं। चूंकि इन राज्यों के चुनाव नतीजे अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में इन चार राज्यों में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस आमने सामने खड़ी दिखाई दी। दोनों दलों ने अपने स्टार प्रचारकों के माध्यम से माहौल अपने पक्ष में बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

वर्तमान राजनीतिक माहौल में आए दिन नेताओं द्वारा अमर्यादित और स्तरहीन भाषा का प्रयोग किया जा रहा है जिसे हमारे लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता है। आजकल नेतागण विकास की बातें करने के बजाय एक दूसरे पर कीचड़ उछालते हैं और इस क्रम में अमर्यादित भाषा का उपयोग ज़्यादा करने में विश्वास रखते हैं। हाल के दशकों में जैसे-जैसे सत्ताकांक्षी नेता व दल लोकतंत्र के उद्देश्यों, मूल्यों व परंपराओं को लेकर अगंभीर होते गए, अपने विपक्ष को प्रतिद्वंद्वी के बजाय दुश्मन की तरह लेने और वास्तविक मुद्दों को दरकिनार व मतदाताओं पर इमोशनल अत्याचार करके वोट मांगने लग गए हैं, उनकी भाषा राजनीतिक शिष्टाचार की सारी सीमाएं तोड़कर दुर्भावनापूर्ण, असभ्य और फूहड़ होती गई है।

राजेश माहेश्वरी

राजनेताओं की भाषा और विचार के गिरते स्तर का अनुभव पिछले दिनों पांच राज्यों के चुनाव प्रचार के दौरान देश की जनता ने किया। राजनीतिक विरोधियों पर कटुवचनों के प्रहार से लेकर व्यक्तिगत आक्षेप लगाने में किसी को कोई हिचक नहीं है। चुनावों के दौरान प्रतिस्पर्धा चरम पर होने से नीतिगत के साथ ही व्यक्तिगत आलोचना भी स्वाभाविक तौर देखने मिलती है। लेकिन वह शालीनता के मापदंडों के अंतर्गत न हो शत्रुता कही जाएगी। ये बात प्रधानमंत्री से लेकर स्थानीय नेताओं तक पर बराबरी से लागू होती है।

जिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हो रहे हैं उनमें मिजोरम छोड़कर हिन्दी पट्टी के राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और दक्षिण के राज्य तेलंगाना के नतीजों पर सारे देश की नजरें टिकी हैं। चूंकि इन राज्यों के चुनाव नतीजे अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में इन चार राज्यों में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस आमने सामने खड़ी दिखाई दी। दोनों दलों ने अपने स्टार प्रचारकों के माध्यम से माहौल अपने पक्ष में बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन जिस प्रकार की शब्दावली कतिपय दिग्गज नेताओं द्वारा उपयोग की गई वह इनके राजनीतिक कद के अनुरूप कतई नहीं है। इस मामले में किसी विशेष नेता को कठघरे में खड़ा करना तो अन्याय होगा क्योंकि शब्दों की लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन सभी की ओर से किया गया। कुछ अपवाद अवश्य होंगे लेकिन ज्यादातर ने आलोचना करते समय लोकतांत्रिक सौजन्यता की खुलकर उपेक्षा की।

ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या राजनेताओं को अपने भाषण में संयम और शालीनता का परिचय नहीं देना चाहिए? क्या लोकतंत्र में शब्दों की मर्यादा अनिवार्य नहीं होना चाहिए? आखिर इनसे हमारी जनता क्या प्रेरणा ले सकती है? क्या जनता को ऐसे नेताओं को वोट देना चाहिए? क्या ऐसे नेताओं को सामाजिक बहिष्कार नहीं कर देना चाहिए? क्या इसके लिए चुनाव आयोग को कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं करना चाहिए? क्या इसे

चुनावी आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में नहीं रखना चाहिए?

राजस्थान विधानसभा चुनाव में प्रचार के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी के लिए भाजपा की शिकायत पर चुनाव आयोग द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नोटिस दिया गया है। हालांकि इसका कोई असर नहीं होने वाला क्योंकि ऐसी टिप्पणियां हर चुनाव में सुनाई देती हैं जिन पर आयोग कार्रवाई की औपचारिकता का निर्वहन भी करता है। कुछ नेताओं को प्रचार करने से प्रतिबंधित भी किया जाता है। लेकिन मतदान होते ही किसी को इस तरफ ध्यान देने की फुरसत नहीं रहती। लेकिन चिंता का विषय ये है कि चुनाव प्रचार का स्तर चुनाव दर चुनाव गिरता ही जा रहा है। बात केवल प्रधानमंत्री के मान-अपमान तक ही सीमित न रहे बल्कि सभी राजनीतिक नेताओं को चाहिए एक दूसरे के सम्मान का ध्यान रखें। सही बात तो ये है कि जब कोई नेता किसी अन्य के बारे में आपत्तिजनक बातें सार्वजनिक मंच से बोलता है तो उससे उसकी विकृत मानसिकता ही उजागर होती है।

राजनीति में वैचारिक मतभेद होना तो स्वाभाविक है और वही लोकतंत्र की खूबसूरती भी है। विरोधी को शत्रु मानने की प्रवृत्ति साम्यवादी शासन और तानाशाहों के राज में तो देखने मिलती है किंतु भारत में जो संसदीय लोकतंत्र है उसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों का समान महत्व है और इस दृष्टि से सौजन्यता और सामान्य शिष्टाचार का पालन नितांत आवश्यक है। दुख का विषय है कि इस कसौटी पर दोनों पक्ष खरे साबित नहीं हो रहे। इससे पहले ऐसी भाषा का इस्तेमाल तीसरी-चौथी पांत के छुटभैये नेता किया करते थे या फिर चर्चा में आने को आतुर कुछ हताश विपक्षी नेता, जिनके बारे में माना जाता था कि वे सार्थक मुद्दों के आधार पर सत्तापक्ष को चुनौती नहीं दे पा रहे, इसलिए गिरावट के इस स्तर पर उतर आए हैं। सत्ताधीश करते तो उसे लेकर लानत-मलामत के डर से रक्षात्मक होकर भी देते थे। तब विपक्ष ही नहीं, सत्तापक्ष भी ऐसी भाषा को लेकर शिकायती हुआ करता और कहता था कि आखिर राजनीतिक शिष्टाचार भी कोई चीज होती है। लेकिन पिछले कुछ सालों में चुनावों के समय राजनेताओं के षब्द कड़वे हो जाते हैं। धार्मिक और जातिगत मुद्दों पर किसी आपत्तिजनक बयान के लिए तो राजनीतिक दल बिना देर लगाए संबंधित नेता पर कार्रवाई करते हैं किंतु विरोधी नेता पर की जाने वाली स्तरहीन टिप्पणी पर न सिर्फ मौन साधा जाता है अपितु उसका बचाव भी किया जाता है। यही कारण है कि इस तरह के लोगों का हौसला बुलंद होता जा रहा है। भाषा का यह स्तर बताता है कि हमारे नेता मुद्दों की बात करने के बजाय आरोप-प्रत्यारोप में ही अपनी उर्जा नष्ट कर रहे है। इसके लिए एक हद तक टीवी चैनल पर होने वाले शो भी जिम्मेदार है। जहां एक-दूसरे के खिलाफ बोलने की लिए एंकर उकसाते रहते है।

लोकतंत्र केवल शासन प्रणाली ही नहीं बल्कि जीवन शैली भी है, जिसको बनाए रखने का सबसे ज्यादा जिम्मा सत्ता एवं राजनीति में संलग्न लोगों का होता है. यह जिम्मा सौहार्द एवं समन्वयपूर्ण वातावरण में ही निभाया जा सकता है, जिसे बनाने की शुरुआत शालीन एवं संयमित भाषा से ही होती है- व्यवहार की बारी तो बाद में आती है। अगर हमें अपने लोकतंत्र की उम्र लंबी करनी है और लंबे समय तक उसकी व्यवस्था में जीना है तो विधायिकाओं में बैठे या वहां तक पहुंचने के इच्छुक अपने प्रतिनिधियों को विवश करना होगा कि वे अपनी भाषा सुधारें। अगर अपने पसंदीदा दल के नेताओं द्वारा ऐसी भाषा का प्रयोग हमें मुदित करता है, तो मानना होगा कि हम लोकतंत्रिक प्रणाली के लायक विकसित ही नहीं हुए हैं। क्योंकि दुनिया का कोई भी सभ्य व लोकतांत्रिक राष्ट्र ऐसी भाषा को स्वीकार नहीं कर सकता है, जो समाज में नफ़रत और हिंसा के उत्प्रेरक के तौर पर काम करे। किसी जमाने में नेता और सत्ता में बैठे लोग चुनाव प्रचार के दौरान अर्धसत्यों से काम नहीं लेते थे, न तथ्यों को तोड़ते-मरोड़ते थे।

देश में दो करोड़ दीदीयां बनेगी लखपति : केशव

55 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत बनवाये गये पक्के घर

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मन्दिर का निर्माण हिन्दू सम्राट स्व0 श्री अशोक सिंघल को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है। उन्होने कहा कि स्व0 श्री सिंघल ने मन्दिर निर्माण के लिये जो आन्दोलन प्रारम्भ किया उससे उन्हें पूरे विश्व में जाना जाता है। उन्होने कहा कि मन्दिर निर्माण आन्दोलन में हमने भी कार सेवा की थी। उप मुख्यमंत्री शनिवार को प्रतापगढ़ मुख्यालय से लगभग 30 किमी0 दूर मानधाता ब्लाक अन्तर्गत वीरसिंहपुर पूरेबसावन में हिन्दू सम्राट स्व0 अशोक सिंघल की मूर्ति का अनावरण व हवन पूजन किया, इसके अतिरिक्त बगल में दुर्गा मन्दिर में दर्शन पूजन भी किया और आम जनता को सम्बोधित किया।

■ बोले, अयोध्या में श्रीराम मन्दिर का निर्माण पूज्य स्व. अशोक सिंघल को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि

उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम परिसर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित वस्तुओं के प्रदर्शनी स्टाल का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा समूह की महिलाओं से सीधे संवाद स्थापित कर योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस अवसर पर आज समारोह को सम्बोधित करते हुये कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप देश की 2 करोड़ दीदियों को लखपति दीदी बनाने का काम में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका में रहेगा। उन्होने कहा कि प्रदेश में माताये, बहनें ,बैंक सखी, बीसी सखी, विद्युत सखी अनेक प्रकार के रूप में कार्य कर रही है।, 1 करोड़ 20 लाख मातायें/बहने जो समूह के माध्यम से कार्य कर रही है, उनको आगे बढ़ाने के लिये सरकारी खजाना खुला है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि उनकी सरकार के लिये चार जातियां-गरीब, युवा, किसान व महिलायें है, इन चार जातियों को जब तक खुशहाल नही बना दूंगा, बैठूंगा नही। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 05 लाभार्थियों को चाभी का वितरण, एनआरएलएम के अन्तर्गत 04 समूहों को सीसीएल व प्रमाण पत्र तथा शौचालय के 05 लाभार्थियों को चाभी प्रदान किया। उपमुख्यमंत्री ने इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्न प्राशन भी कराया। इस अवसर पर आयोजन के मुख्य संयोजक आचार्य कृष्ण कुमार पाण्डेय की सराहना करते हुये कहा कि श्री पाण्डेय उनके गुरू भाई है, वे विदेश में रहकर भी धर्म जागरण का कार्य किया। उन्होने बताया कि प्रदेश में लगभग 55 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना/मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराये गये है। आयुष्मान योजना के अन्तर्गत गरीब परिवारों को 5 लाख रूपये तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा सरकार द्वारा दी गयी है। समारोह में सांसद संगम लाल गुप्ता ने उप मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुये कहा कि मन्दिर निर्माण की अलख जगाने का काम हिन्दु सम्राट स्व0 अशोक सिंघल ने किया था। उनकी स्मृति में आज यहां पर उनकी मूर्ति की स्थापना करके आचार्य कृष्ण कुमार पाण्डेय ने बहुत सराहनीय कार्य किया है।

हर दिव्यांग के मुख पर मुस्कान ही मेरी प्राथमिकता : नरेन्द्र कश्यप

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास से'' एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पिछले 6 वर्षों में विकास की दृष्टि से गरीब कल्याण नवाचार, दृढ़ इच्छाशक्ति, भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था पर जीरो टोलरेन्स की नीतिगत पहल से उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री प्रदेश की 25 करोड़ जनता को अपना परिवार समझकर उनके विकास, प्रगति और रोजगार आदि की नियमित चिन्ता करते हैं, इसलिए उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति में भी बड़े पैमाने पर सुधार हो रहा है।

■ प्रत्येक पिछड़े समाज के छात्रों को छात्रवृत्ति देना हमारा संकल्प

मंत्री कश्यप ने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं वत्त मंत्री ने पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के लिये मांगी गयी अनुदानों को अधिकांशतः पूरा करने के लिये धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि अनुपूरक बजट मिलने से विभाग में संचालित योजनाओं से और अधिक पात्र लोगों को लाभान्वित करने का किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अन्य पिछड़ा वर्गों के छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति को निश्चित सभी छात्रों को देने के लिए अनुपूरक बजट में 330 करोड़ की व्यवस्था की गयी है तथा छात्रावासों के अनुरक्षण के लिए भी 75 लाख की व्यवस्था अनुपूरक बजट के माध्यम से की गयी है। यानी कुल मिलाकर 331 करोड़ 15 लाख रूपए की व्यवस्था अनुपूरक बजट के माध्यम से हुई है। पिछड़े व अति पिछड़े समाज के लोगों के कल्याणार्थ वित्तीय वर्ष 2023-24 में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के कार्यों की पूर्ति के लिए कुल मिलाकर 267773.15 लाख रुपये की व्यवस्था दी है, जो कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के सापेक्ष 864.15 करोड़ रुपये अधिक है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण के कार्यों को पूर्ण करने के लिए 15 करोड़ की अनुदान राशि को स्वीकृत करके दिव्यांगजन विभाग के अधूरे कार्यों को पूर्ण करने का बहुत बड़ा संबल दिया है।

गणित क्विज व पजल में प्रतिभागी छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (द्वितीय कैम्पस) द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड 'मैथलेटिक्स-2023' का तीसरा दिन बेहद दिलचस्प रहा। सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आज जहाँ एक ओर विभिन्न देशों से पधारे बाल गणितज्ञों ने गणित क्विज एवं पजल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया तो वहीं दूसरी ओर मैथमेटिक्स गेम्स में दिलचस्प व ज्ञानवर्धक नजारा प्रस्तुत किया। इस अन्तर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड में नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश एवं देश के विभिन्न प्रान्तों से पधारे छात्र गणित की विभिन्न विधाओं में अपने ज्ञान का प्रदर्शन कर रहे हैं।

'मैथलेटिक्स-2023' के अन्तर्गत प्रतियोगिताओं का सिलसिला ग्रुप-सी की मैथ्सकैटर्स (क्विज) प्रतियोगिता से हुआ। आज इस प्रतियोगिता का सेलेक्शन राउण्ड सम्पन्न हुआ, जिसके उपरान्त टॉप 10 टीमें फाइनल राउण्ड में अपने ज्ञान-विज्ञान का परचम लहरायेंगे। बड़ी उत्सुकता से प्रतिभागी छात्रों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया और अपने अन्दर छिपी गणित की समझबूझ का उपयोग करते हुए कड़ी प्रतिस्पर्धा की। आज के प्रमुख आकर्षणों में नंबर निंजा (मैथ्स गेम्स) प्रतियोगिता का फाइनल राउण्ड रहा। कक्षा-3 व 4 के छात्रों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्रों का उत्साह देखते ही बनता था।

भविष्य के लिए सोलर ऊर्जा ही सर्वश्रेष्ठ विकल्प : डॉ. राजेश्वर

प्रत्येक खंड कार्यालय में हेल्ड डेस्क की स्थापना, होगा सौर टास्क फोर्स का गठन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ को सोलर सिटी व सरोजनीनगर को मॉडल विधानसभा के रूप में विकसित करने के लिए सोलर के प्रयोग को लेकर लोगों के बीच निरंतर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। भावी पीढ़ी के लिए स्वच्छ वातावरण और उनके सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सोलर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में कानपुर रोड स्थित द पिकैडिली होटल में सोलर स्टेक होल्डर कंसल्टेंट का आयोजन हुआ जिसमें यूपीनेडा का सहयोगी रहा। इस आयोजन में यूपीनेडा के वरिष्ठ अधिकारी तथा प्रमोटर्स ने सोलर सिटी प्रोजेक्ट पर प्रस्तुतीकरण करते हुए जानकारी प्रदान की।

इस दौरान जोडिएक एनर्जी द्वारा गुजरात में रूफटॉप सोलर की सफलता, एमिगो एनर्जी द्वारा ग्राहकों को सोलर द्वारा प्रदान किए जाने वाले आर्थिक व पर्यावरणीय मूल्यों तथा आरएमआई द्वारा लखनऊ सोलर सिटी और उपभोक्ता के लिए सोलर पैनल लगवाने के लक्ष्य को लेकर प्रेजेंटेशन दिया गया। यूपीनेडा द्वारा सरोजनीनगर सहित लखनऊ के विभिन्न हिस्सों में नुक्कड़ नाटक और सूर्य रथ यात्रा जैसी जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। एमवीवीएनएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने सोलर ऊर्जा आधारित कार्यों सहित शहर में बिजली सेवा प्रावधान में सुधार पर की जा रही प्रगति को भी साझा किया। डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा क्षेत्र में सौर ऊर्जा के बारे में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ नीति अवधि में विधानसभा क्षेत्र को सौर ऊर्जा से सुसज्जित करने के लक्ष्य निर्धारित किए जा रहे हैं।

■ सोलर विधानसभा के रूप में विकसित होगा सरोजनीनगर

कार्यक्रम के दौरान इस संबंध में कई नीतियां बनीं। सरोजनीनगर का लक्ष्य नीति अवधि-2027 के अंत तक 100 मेगावाट सोलर एनर्जी की तैनाती हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित हुआ, जो कि लखनऊ के सोलर सिटी बनने के लक्ष्य का पांचवां हिस्सा है। सरोजनीनगर में सोलराइज करने के प्रयासों की निगरानी के लिए सौर टास्क फोर्स नियुक्त करने की योजना बनीं। इस टास्क फोर्स में एमवीवीएनएल, यूपीएनईडीए के सदस्य और सरोजनीनगर के प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रत्येक खंड कार्यालय में हेल्ड डेस्क की स्थापना की जाएगी। डिस्कॉम उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में सोलर एनर्जी से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी जाएगी। भवन उपनियम का कार्यान्वयन जो 50 वर्ग मीटर से अधिक छत वाली किसी भी इमारत के लिए छत पर सोलर एनर्जी को अनिवार्य किया जाएगा। सोलर स्टेक होल्डर कंसल्टेंट कार्यक्रम में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एमवीवीएनएल) के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अभियंता, एमवीवीएनएल रजत जुनेजा एवं पूर्व सांसद रीना चौधरी ने की। इस दौरान एमवीवीएनएल के जूनियर इंजीनियर और कार्यकारी इंजीनियरों के साथ-साथ सरोजनीनगर के वार्ड पार्षद भी मौजूद रहे।

क्षेत्र में सोलर-विद्युत जनचेतना अभियान के अंतर्गत नुक्कड़-नाटक का आशियाना चौराहे पर आयोजन किया गया। इसके माध्यम से लोगों को रूफटॉप सोलर सिस्टम लगवाने की प्रक्रिया एवं इसके फायदे, सब्सिडी और बचत के बारे में बताया गया तथा पारंपरिक संसाधनों से होने वाले दुष्प्रभावों, ऊर्जा संरक्षण व सोलर एनर्जी के लाभ के प्रति जागरूक किया गया। क्षेत्र की जनता को सोलर पैनल लगवाने के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े इसके लिए विधायक द्वारा इस तरह के अभिनंदनीय आयोजन हेतु क्षेत्रीय जनता ने तारीफ की। इस दौरान व्यापारी नेता अनिल वरमानी व पार्षद प्रतिनिधि कमलेश सिंह समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

टीएमयू बीटेक-सीएस की एस्ट्रेला में फ्रेशर्स का धमाल

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज़ एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी- सीसीएसआईटी में बीटेक-कंप्यूटर साइंस की फ्रेशर पार्टी-एस्ट्रेला 2023 में आदित्य आर्यन को मिस्टर फ्रेशर और माही सिंह को मिस फ्रेशर चुना गया। फ्रेशर पार्टी में छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर से सभी का दिल जीत लिया। स्टुडेंट्स ने नृत्य, गायन, रैप वॉक, टैलेंट राउंड आदि परफॉर्मेंस किए। सीनियर्स और जूनियर्स ने डांस, सिंगिंग, शायरी, गेम्स, स्टैंडअप जैसे कई प्रदर्शन किए। स्टुडेंट्स प्रशांत कुमार को मिस्टर प्रिंस और कृतिका जैन को मिस प्रिंसेज़ के टाइटल्स से नवाजा गया। इससे पहले टीएमयू के वाइस चांसलर प्रो. रघुवीर सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, एफओईसीएस के निदेशक प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, वाइस प्रिन्सिपल प्रो. अशेन्द्र कुमार, सरस्वती वंदना के साथ फ्रेशर पार्टी-एस्ट्रेला का शुभारम्भ किया।

सांसद, विधायकों और पदाधिकारीयों ने वृहद स्तर पर चलाया वोटर चेतना अभियान

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में लखनऊ महानगर में वोटर चेतना का विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में सांसद, विधायकों वरिष्ठ पदाधिकारीयो, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने सभी वार्डों में बूथ स्तर पर वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के साथ संसोधन के लिए कैंप लगाए , वोटर चेतना महा अभियान के तहत 1 जनवरी 2024 को जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो जाएगी उनका नाम वोटर सूची में जुड़वाने के लिए मोहल्ले में विशेष अभियान चलाया गया ।सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने टोलियां बनाकर वृहद स्तर पर अभियान चलाया। एक टोली पोलिंग स्टेशन पर कुर्सी मेज लगाकर उपस्थिति रही व दूसरी टोली ने जनप्रतिनिधियों के साथ घर घर सम्पर्क कर नये मतदाताओं को बूथ पर लाकर बूथ पर बैठी टोली एवं बीएलओ के सहयोग से फार्म भरवा कर मतदाता बनाने का कार्य किया गया।

राज्यसभा सांसद बृजलाल ने राजीव गांधी द्वितीय की बूथ संख्या 382 पर अशोक वाजपेयी ने राजा राममोहन राय ए की बूथ संख्या 277 पर, प्रदेश महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता ने फैजुल्लागंज प्रथम की बूथ संख्या 302 महर्षि विद्या मंदिर पर, प्रदेश महामंत्री संजय राय व महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने जीवनधारा कांवेंट स्कूल, बजरंग बिहार कुर्सी रोड पर, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने शहीद भगत सिंह सी की बूथ संख्या 342 पर,क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने दयानंद कन्या विद्यालय महानगर के शक्ति केंद्र पर बूथ क्रमांक 290 पर, महापौर सुषमा खर्कवाल ने लाल कुआं एक की बूथ संख्या 235 गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज पर, उपाध्यक्ष डॉ विवेक सिंह तोमर ने 291 पर वोटर चेतना अभियान में घर-घर संपर्क कर लोगों को जागरूक करके वोटर बढ़ाने और गलत वोट कटवाने हेतु फार्म भरवाने का कार्य किया।

गाँव वासियों को किया एड्स एवं आयुर्वेद के प्रति जागरूक

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। विश्व एड्स दिवस पर प्रो एन बी सिंह के निर्देशन में भाषा विश्वविद्यालय की एन एस एस यूनिट एक के विद्यार्थियों ने लोखरिया गाँव के लोगों को रैली के माध्यम से एड्स की जानकारी दी। ये विद्यार्थी गाँव मे नित्य एक पाठशाला का आयोजन करते है जिसमे गाँव के बच्चों को पढ़ाते हैं और अन्य विधाएं भी सिखाते हैं। विद्यार्थियों ने रैली में शपथ भी ली और पूरे गाँव मे घूम घूम कर जनसमुदाय को जागरूक भी किया। पाठशाला में आयुर्वेद और उसके उपयोगिता पर भी चर्चा की गई। छोटे छोटे बच्चों ने पाठशाला में पूंछे गए कई प्रश्नों का जवाब भी दिया जिन्हें कार्यक्रम अधिकारी डॉ ममता शुक्ला ने पेंसिल व कलम दे कर प्रोत्साहित किया। विश्वविद्यालय के ये विद्यार्थी प्रतिदिन अपना समय निकाल कर इन बच्चों को पढ़ाने जाते है और इन्हे अच्छा नागरिक बनाने के लिये प्रयासरत हैं। सभी अभिवावक विश्वविद्यालय की इस पहल से बहुत खुश हैं। आयुर्वेद पर बात करते हुए बच्चों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सब स्वस्थ जीवन शैली को अपनाएंगे।

क्सीलिया स्कूल के वार्षिकोत्सव में अनेकता में एकता की छटा बिखरी

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। एक्सीलिया स्कूल ओमैक्स सिटी लखनऊ के आज सम्पन्न हुए वार्षिक उत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अनेकता में एकता की छटा बिखरी।

एक्सीलिया स्कूल की प्रधानाचार्या प्रियंका दुबे और शालिनी पाठक के संयोजन में हुए एक्सीलिया स्कूल के वार्षिक उत्सव में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों को सुनाकर जहां लोगों में देशप्रेम की भावना जागृत की वहीं दूसरी ओर रंग बिरंगी परिधानों में सजे धजे बच्चों ने पंजाबी, राजस्थानी, गुजराती, मराठी, कथक, भरतनाट्यम, बिहू नृत्य की मनोरम प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध करते हुए अनेकता में एकता की मोहक छटा बिखेरी।

समारोह में एक्सीलिया स्कूल के अध्यक्ष दया शंकर पाठक और निदेशक आशीष पाठक ने शिक्षाविद् मनोज त्रिपाठी, भावना पांडेय, मयंक रंजन, मेघा मालिनी, संगीता सिंह, पुष्पिंदर कौर त्रिपाठी, चितली दास, रूना दास, अनामिका सराफ, चांदनी कोहली, शिवानी सिंह, नवीन श्रीवास्तव, राहुल कुमार, अजय यादव और रश्मि केशरी को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शेखर वाष्णेय, प्रवीण पाण्डेय, विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राओं के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी भी सम्मानित

एक्सीलिया स्कूल के वार्षिक उत्सव में एक्सीलिया स्कूल के अध्यक्ष दया शंकर पाठक और निदेशक आशीष पाठक ने चाइना के हांगझोऊ में हुए एशियन पैरा गेम्स 2023 के इन्डियन पैरा बैडमिन्टन टीम के विजयी 3 अन्तर्राष्ट्रीय बैडमिन्टन खिलाड़ियों चिराग बरेठा (रजत पदक), मंदीप कौर (कांस्य पदक), नित्या श्री (कांस्य पदक) और गौरव खन्ना इन्डियन पैरा बैडमिंटन टीम कोच को भी सम्मानित किया।

निःशुल्क राशन वितरण पांच से

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। जिलापूर्ति अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम- 2013 में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 01 जनवरी, 2023 से एक वर्ष हेतु निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने विषयक लिये गये निर्णय के क्रम में खाद्यायुक्त के निर्देशानुसार माह दिसम्बर, 2023 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 5 दिसम्बर से लेकर 20 दिसंबर के मध्य होना है। उन्होंने बताया कि जनपद में प्रचलित 117136 अन्त्योदय तथा 594397 पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण उक्त तिथियों में कराया जायेगा।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि उक्त के अतिरिक्त अन्त्योदय कार्डधारकों को माह अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर, 2023 के सापेक्ष 03 किलो ग्राम चीनी प्रति कार्ड रू0-18 प्रति किग्रा0 की दर से रू0-54 में उक्त तिथियों में खाद्यान्न के साथ वितरण कराया जायेगा। वितरण से पूर्व उचित दर दुकानों पर खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारियों से उपजिलाधिकारियों द्वारा कराया जायेगा। इसी प्रकार नोडल / पर्यवेक्षणीय अधिकारियों द्वारा अपनी देख-रेख में वितरण कार्य पारदर्शी तरीके से समय से सम्पादित कराया जायेगा। अन्त्योदय राशनकार्डों पर 14 किग्रा0 गेहूँ तथा 21 किग्रा0 चावल (35 किग्रा0 खाद्यान्न) प्रति कार्ड तथा पात्र गृहस्थी कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल (05 किग्रा0 खाद्यान्न) प्रति यूनिट के आधार पर निःशुल्क वितरण के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा ताकि उपभोक्ताओं में कोई भ्रम की स्थिति न रहें। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टविलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु वितरण की अन्तिम तिथि 20.12.2023 को मोबाइल ओ0टी0पी0 बेरिफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा।

आज के बच्चे कल का भविष्य हैं : फादर जोसेफ

सेंटमेरी के वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया

वहाज अली निहाल

इटावा। सेंट मेरी इंटर कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का शानदार हुआ आगाज़ मैरियावगेंजा 23 के रूप में हुआ जिसमें केजी वन से लेकर कक्षा पांचवीं तक के बच्चों ने नाट्य, नृत्य, गीत के कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति देकर भव्य पंडाल में उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।समारोह के शुभारंभ से पूर्व मुख्य अतिथि सम्माननीय जोसेफ पेरुमथोटम, अध्यक्ष सम्माननीय थॉमस पडियाथ,विशिष्ट अतिथि सम्माननीय फादर थॉमस इजिकाड सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह,एसडीएम चकरनगर ब्रह्मानंद का कालेज के बच्चों द्वारा प्रवेश द्वार पर बैंड बाजा बजाकर एवं सलामी देकर स्वागत किया गया।दीप प्रज्वलन एवं अंटो हिम के साथ समारोह के शुभारंभ के बाद मार एंटोनी कार्डिनल पडियारा के सम्मान में समर्पित भव्य मंच पर कालेज के प्रिंसिपल फादर जोबी

जोसेफ ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष पर आयोजित हुए भव्य समारोह के बाद आयोजित हुए इस एनुअल डे सेलिब्रेशन में प्रस्तुत होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से ऐसे संदेश देने का प्रयास होगा जिससे हमारे आज के ये बच्चे जो कल का भविष्य हैं, एक आदर्श नागरिक बनकर एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकें जिससे देश में शांति, सद्भाव और समृद्धि का वातावरण बने।

समारोह में चेंचनाचेरी से पधारे मुख्य अतिथि सम्माननीय जोसेफ पेरुमथोटम, मेट्रोपोलिटन आर्च बिशप ने अपने संबोधन में कहा कि मैं बहुत छोटी उम्र में इटावा आया था, चंबल का क्षेत्र होने के चलते उस समय बहुत नकारात्मक माहौल था, लेकिन हमारे समर्पित प्रबंधन एवं शिक्षकों की निष्ठा के चलते आज यह सेंट मेरी कालेज इस ऊंचाई पर पहुंचा है कि अभिभावक पूरे विश्वास के साथ अपने बच्चों को यहां पढ़ने के लिए भेजते हैं।हमारी भी यही कोशिश रहती है कि हम अपने मिशन सत्य, प्रेम, शांति,ईमानदारी,विश्वास और देश को मजबूत बनाने के तहत विद्यालय में बच्चों को ऐसी शिक्षा दें,जिससे वे कल के बेहतर नागरिक बनकर अपने राष्ट्र व समाज का भला कर सकें।उन्होंने शानदार वार्षिक उत्सव के आयोजन के लिए सेंटमेरी के प्रिंसिपल फादर समेत समस्त कालेज टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समारोह की अध्यक्षता कर रहे सम्माननीय थॉमस पडियाथ, ऑक्सिलेयरी बिशप इटावा राजस्थान रीजन ने कहा कि आज यहां प्रस्तुत हुए बच्चों के बेहरीन कार्यक्रमों को देखकर मैं निशब्द हूं। नई पीढ़ी को संवारने के लिए सेंटमेरी के शिक्षकों ने जो मेहनत की है, वह बहुत ही प्रशंसनीय है।

डीएम ने दिखाई एल.ई.डी. वैन को हरी झंडी

मैनपुरी अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने तहसील करहल परिसर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आवंटित एल.ई.डी. वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुये कहा कि एल.ई.डी. वैन के माध्यम से जनपद की सभी ग्राम पंचायतों, नगरीय क्षेत्रों के प्रत्येक वार्ड में संचालित जन कल्याणकारी, लाभार्थीपरक योजनाओं के प्रति जागरूक किया जायेगा, निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ग्राम पंचायतों में कैंप आयोजित कर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से योजना का लाभ पाने के बाद आये बदलाव का फीडबैक लिया जायेगा साथ ही विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर योजनाओं का लाभ पाने से वंचित पात्रों के मौके पर ही फॉर्म भरवाकर उन्हें लाभान्वित कराये जाने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि 26 जनवरी 2024 तक संतृप्तिकरण का कार्यक्रम अनवरत् चलाया जायेगा, एल.ई.डी. वैन के संचालन से पूर्व सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में जन-सामान्य को आयोजन की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी, मौके पर विभिन्न विभागों की टीमें उपलब्ध रहकर आपस में समन्वय स्थापित कर पात्रों को लाभान्वित कराने का कार्य करेंगी, अभियान के संचालन हेतु कृषि विभाग को नोडल विभाग नामित किया गया है। श्री सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कृषि, उद्यान, उद्योग, समाज कल्याण, दिव्यांग कल्याण, राजस्व, ग्राम्य विकास, महिला एवं बाल विकास आदि विभाग अपनी-अपनी संचालित विभागीय योजनाओं के स्टॉल लगाकर पात्र लाभार्थियों को एकत्र कर उन्हें संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे, योजना का लाभ पाने से वंचित, नये पात्र लाभार्थी से मौके पर ही फॉर्म भरवाकर योजना का लाभ उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति को संचालित शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है, संकल्प यात्रा के दौरान शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक के ऐसे लाभार्थियों को चिन्हित किया जायेगा, जिन्हें अभी तक किसी भी योजना में लाभान्वित नहीं किया गया है या किसी कारणवश वह योजना का लाभ पाने से वंचित हैं।

वाहन लुटेरों ने की थी चालक की हत्या

अवधनामा संवाददाता

■ लूट गए ई टेंपो और मृतक के मोबाइल बरामद बाल अपचारी सहित दो गिरफ्तार

मथुरा। थाना सदर बाजार क्षेत्र से एक ऑटो चालक के गायब होने की दर्ज करा कर लोगों ने पुलिस मुख्यालय पर हंगामा काटा था इसी दौरान थाना गोवर्धन क्षेत्र में एक शव बरामद किया गया। जिसकी पहचान ऑटो चालक के रूप में हुई पुलिस ने घटना का दो दिन में अनावरण करते हुए एक बाल अपचारी सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मृतक के टेंपो और उसके मोबाइल को बरामद कर आरोपियों को जेल भेजा है। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया अमित धनगर निवासी बघेल मोहल्ला औरंगाबाद थाना सदर बाजार 27 नवंबर को सुबह ऑटो लेकर निकला था जिसके वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने थाने पर गुमशुदा की दर्ज कराई थी और घटना के दूसरे दिन दर्जनों महिला पुरुषों ने पुलिस मुख्यालय पर हंगामा किया था 28 नवंबर की प्रात:थाना गोवर्धन अडीग नहर के झाड़ियां में एक शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिले आधार कार्ड के आधार पर की पहचान अमित धनगर के रूप में करते हुए थाना सदर बाजार को सूचित किया घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया और घटनास्थल पर पहुंच गए। मृतक के चाचा उदय सिंह पुत्र रोशन लाल में अपने ही मोहल्ले के एक नामजद सहित तीन लोगों के विरुद्ध हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई पुलिस ने इस घटना को तकनीकी आधारों पर जांच करते हुए जो तथ्य सामने आए उसके अनुसार घटना को मध्य प्रदेश के भिंड जिले से तार जुड़े हुए मिले जिसके आधार पर पुलिस ने सुनील तोमर पुत्र रामलाल तोमर निवासी ग्राम इन्नीखेड़ा थाना नगरा जिला मुरैना और एक बाल अपचारी को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गई तो उसमें जो खुलासा किया उसे पुलिसकर्मी भी दंग रह गए इनका साथी प्रदीप पुत्र इंद्रपाल सिंह तोमर निवासी ग्राम गौशाली थाना खेड़ा राठौर जिला आगरा भी शामिल था जो फरार है। पकड़े गए आरोपियों ने बताया वह रेल से मथुरा में ऑटो लूटने के उद्देश्य से आए थे मृतक अमित धनगर को मथुरा रेलवे स्टेशन से ?400 में गोवर्धन ले जाने के लिए तय कर ले गए थे रास्ते में अडीग पुल पर चालक अमित की कमर में गोली मार दी जो उसकी कमर को चीरते हुए टेंपो की बॉडी से भी पर हो गई उसके बाद गले में रस्सी का फंदा डालकर हत्या करने के बाद शव को नहर के किनारे फेक कर फरार हो गए। पुलिस ने इस घटना को 2 दिन के अंदर सफलतापूर्वक अनावरण करते हुए निर्देश को जेल जाने से बचाने का सराहनीय कार्य किया है इस घटना का खुलासा करने में थाना प्रभारी छोटेलाल थाना कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे ओपन निरीक्षक अभय कुमार शर्मा स्वाट टीम प्रभारी उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह उप निरीक्षक कमल किशोर सहित दर्जन भर पुलिसकर्मी शामिल थे।

इस्लामिया गर्ल्स कॉलेज में बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्प्रभाव बताए

इटावा। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, लखनऊ के निर्देशन पर बाल विवाह रोकथाम जागरूकता अभियान व निदेशक महिला कल्याण के द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत बाल लिंग अनुपात में कमी को रोकना, कन्या भ्रूण हत्या को रोकना तथा बालिकाओं की शिक्षा पर ध्यान देने के अनुपालन में शनिवार को शैक्षिक संस्थान एच.एम.एस. इस्लामिया गर्ल्स इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या सायमा जमील, संरक्षण अधिकारी/प्रभारी विधि सह परिवीक्षा अधिकारी सोहन गुप्ता, जिला समन्वयक अजित कुमार दुबे, सहायक अध्यापक शगुप्ता परवीन, यासमीन व रजिया जी की उपस्थिति में हुआ।उक्त कार्यक्रम का संचालन सायमा जमील के द्वारा किया गया।

प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जवाबदेह लोगों के ख़िलाफ़ कार्यवाही की जाये

सम्पूर्ण समाधान दिवस

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में भरथना में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें।सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी ले। तहसील भरथना में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 65 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 10 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए।समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये।

20 दिसंबर को होगा इटावा टेलेन्ट शो: नामित तिवारी

अवधनामा ब्यूरो

■ इटावा फैशन शो 1 जनवरी को

इटावा। प्रत्येक वर्ष की भांति इटावा महोत्सव पंडाल में इस वर्ष भी होने वाले इटावा फैशन एवं इटावा टेलेन्ट शो कार्यक्रम की संयोजिका नमिता तिवारी ने बताया कि इटावा टेलेन्ट शो 20/12/2023 को होना तय हुआ है जिसका प्रथम ऑडिशन 9/12/2023 को 2 बजे से होना तय हुआ है तथा द्वितीय ऑडिशन 10/12/2023 को 2 बजे से होना तय हुआ है। टेलेन्ट शो में 5 साल तथा 5 साल से ऊपर किसी भी उम्र के बच्चे व लोग प्रतिभाग कर सकते हैं। बच्चे अपना कोई भी हुनर मंच पर दिखा सकते हैं। नृत्य, गाना, स्केटिंग के साथ डांस, एक्टिंग, मिमिक्री करना, वाद्य यंत्र बजाना, विभिन्न पक्षियों की आवाजें निकालना, निर्धारित समय में पेन्टिंग बनाना तथा अपने आप से आने वाली कोई भी प्रतिभा जिसको आप मंच पर प्रस्तुत कर सकते हैं कि लिये जेएसकेजी पॉलिटेक्निकल कॉलेज, बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने चौगुर्जी में आकर ऑडिशन दे सकते हैं। समय 2 बजे से रहेगा। आप कार्यक्रम संयोजिका नमिता तिवारी को अपना नाम 9412184947 पर लिखवा सकते हैं। इटावा फैशन शो जो 1 जनवरी 2024 को होना तय हुआ है उसमें जो भी प्रतिभागी भाग लेना चाहते हैं बच्चे, बड़े, बालक, बालिकाएं, महिलाएं आप सभी सादर आमंत्रित हैं। प्रैक्टिस के लिए अपना नाम कार्यक्रम संयोजिका नमिता तिवारी डायरेक्टर जे0एस0के0जी0 पॉलिटेक्निकल कॉलेज, बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने चौगुर्जी, इटावा में लिखाने का कष्ट करें।

राम बारात मे हिन्दू-मुस्लिम एकता का संगम

■ बिलग्राम में भव्य राम बारात का आयोजन
■ दीदार के लिए सड़क पर आस्था का सैलाब
■ रात एक बजे तक खचाखच भरी रहे सड़के
■ मनामोहक झांकियां,व प्रदेश भर से आये कलाकार

अवधनामा संवाददाता

■ शाम को सात बजे बारात ने किया प्रस्थान
■ 18 झांकिया, 8 रथ, दो बैण्ड हुए शामिल
■ कमेटी के साथ नगर मे गणमान्य लोग की रही अगुआई
■ सड़क, छतों व छज्जों, पर करीब 25 हजार से अधिक की भीड़
■ दूधिया लाइटिंग से सजा रहा पूरा कस्बा
■ जगह जगह पर तिलक, और फूल बरसते रहे
■ परियों, राधाकृष्ण की मूर्तियों पर लाइटिग रही बेमिशाल
■ सुरक्षा के लिए प्रशासन के साथ पुलिस का चप्पे चप्पे पर इंतजाम
■ भगवान के स्वरुप देख सभी हुए मंत्र मुग्ध

बिलग्राम। बिलग्राम कस्बे मे रामलीला मे राम बारात का इन्तजार हर किसी को था। शुक्रवार की रात झांकियों और कई कार्यक्रमों से सजी राम बारात निकाली गई। रथ पर सवार श्री राम दूल्हा बने और सड़क पर आस्था का सैलाब दिखा।

आयोजित राम बारात में हिंदू मुस्लिम एकता का संगम दिखा । बैंड बजाते, मुस्लिम समुदाय के लोग धार्मिक गीतो से सौहार्द का माहौल बनाते रहे। प्रदेश भर आए कलाकारो ने झांकिया पेश की। राम बारात मे इस बार रथों के साथ 18 बड़ी झांकियां, तीन बैन्ड के साथ रात सात बजे मंशानाथ कालेज से बारात उठी। जैसे ही सड़क पर बारात पहुची वैसे ही आसामान सतरंगी आतसबाजी से नहा गया। बारात मे सामिल होने के लिए बिलग्राम के अलावा गांवो से भी हजारों की संख्या मे लोग सामिल होने आए थे। बारात, साण्डीरोड, चौराहा, सदरबाजार, पीपल चौराहा, बजरियां, इमामबाड़ा होते हुए रात को करीब एक बजे सुभाष पार्क पहुची। वही पर राम जी की आरती नीरज विद्यार्थी, कमेटी के महामंत्री रामसेवक यादव, अध्यक्ष प्रदीप यादव, प्रबन्धक नीरज सिंह, संयोजक धर्मेन्द्र यादव, चेयरमैन अनिल राठौर, पूर्व चेयरमैन मालती रमन, राजा रमन गुप्ता, अतुल अग्रवाल, हरिश्चंद्र राठौर ने तिलक किया। उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, अरुण गुप्ता, प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, शिवम यादव, अमित विस्वास, मंचन प्रमुख परमाईलाल यादव, हरिनाम कुशवाहा, मेला प्रभारी बीपी सिंह, अभिषेक यादव, शानू खान, आईटी प्रमुख अंशुल, शैलेन्द्र सिंह, राजीव, मीडिया प्रभारी सैफ जाफरी, रिजवान अंसारी, फारुख कुरैशी, अनिल कटियार, शिवम कटियार, सहित तमाम लोग व्यवस्था देखते रहे।

छत, छज्जे, सड़क गलियारे सभी खचाखच

बिलग्राम। राम बारात को देखने के लिए साम को ही ट्रैक्टर ट्रालियों से लोगो का पहुचना शुरु हो गया था। भव्य बारात को देखने के लिए लोगो जगह तलासते रहे जब जगह नही मिली तो छत, छज्जे और गलियारे सभी खचाखच भर गए। वही राम बारत के के साथ हजारो का हुजूज थिरक रहा था। सुरक्षा के , सीओ सतेन्द्र सिंह, कोतवाल नरायन कुशवाहा, इंतजाम के लिए पुलिस व पीएसी लगाई गई।

मुस्लिमों ने गाया मेरे मन में बसे है राम

बिलग्राम। साल भर की तैयारियों को कस्बे के महाराजा बैण्ड व प्रेमी बैण्ड, और जिया बैंड ने पूरी ताकत झोंक दी।
दोनों के लाजवाब लाइटिग, गीतों पर सब झूम उठे। मेरे मन मे बसे है राम गीत गए। तो बिलग्राम में तहजीब के मुताबिक मुस्लिम समुदाय के गीतकारों ने कोई कोर कसर नही छोड़ी। गीतो से सुनकर लोगों ने ईनाम भी दिए। रामपुर से आये कलाकार भी समा बांधते रहे।

16 वी बटालियन रिजर्व पुलिस बल ने 59वां स्थापना दिवस मनाया

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। 16 वी वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने रांची बांगर मथुरा, स्थित अपने मुख्यालय में दिनांक 01 दिसम्बर, 2023 दिन शुक्रवार को अपना 59वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर वाहिनी के कमाण्डेन्ट श्री सुरेश कुमार (पी0एम0जी0) ने सर्वप्रथम वाहिनी के शहीदों को श्रद्धाजंली अर्पित की तथा क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली। कमाण्डेन्ट ने सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों व जवानों को वाहिनी के स्थापना दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें दी एवं वाहिनी के बहादुरी एवं वीरतापूर्ण कार्यों के गौरवमयी इतिहास के बारे में बताया कि 16 वीं वाहिनी की स्थापना 01 दिसम्बर 1964 को किशनगढ़, राजस्थान में हुई थी। विगत 59 वर्षो मे वाहिनी की तैनाती देश के विभिन्न संवेदनशील राज्यों जैसे- इन्डो-पाक सीमा, जम्मू एवं कश्मीर, नागालैण्ड, आसाम, पंजाब एवं मणीपुर मे हुई, जहां पर जवानों ने बहादुरी से अपनी डियुटीयों का निर्वाहन किया जिसके फलस्वरुप जम्मू एवं कश्मीर में तैनाती के दौरान वाहिनी को वर्ष 2004-05 एवं 2006-07 के लिए दो बार सर्वोच्च परिचालनिक बटालियन ट्रॉफी से नवाजा गया और वर्तमान में वाहिनी की 04 कम्पनियां श्रीकृष्ण जन्म स्थान व शाही ईदगाह मस्जिद मथुरा की सुरक्षा में तैनात हैं एवं 03 कम्पनियां देश के विभिन्न राज्यों में शान्ति व्यवस्था, चुनाव व जम्मू और कश्मीर में श्री अमरनाथ यात्रा जैसी डियूटीयों का निर्वाहन कर रही है। डेयरी फार्म स्थित कैम्प के मैदान में इस अवसर पर अन्तर समवाय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें फाइनल मुकाबला मुख्यालय एवं संयुक्त समवाय के बीच में खेला गया, जिसमें संयुक्त समवाय विजयी हुई। संध्या काल में रांची बांगर स्थित वाहिनी मुख्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ कमाण्डेन्ट श्री सुरेश कुमार (पी0एम0जी0) 16 बटा0 एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमति नीरज बाला कमान्डेन्ट नॉर्दन सेक्टर दिल्ली के करकमलो द्वारा किया गया।

निरीक्षण में अस्त व्यस्त मिला स्वास्थ्य विभाग का मुख्य कार्यालय

मथुरा। जिस विभाग पर लोगों को साफ सफाई का संदेश देने और स्वस्थ रखने का जिम्मा है वही निरीक्षण के दौरान अस्तव्यत मिला। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना के द्वारा अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण आगरा मण्डल आगरा के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी मथुरा के परिसर में स्थित एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र के पास क्लोरीन गैस रिसाव प्रकरण की जांच के साथ साथ कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी मथुरा परिसर का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजय कुमार के साथ कार्यालय में कार्यरत अपर उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई।

आर्थिक तंगी लोगों के जन सहयोग से हुआ अंतिम संस्कार

■ सड़क दुर्घटना में हो गई थी मूक बिधुर मजदूर की मौत,
■ गरीबों के कारण नहीं कर पा रहा था अंतिम संस्कार

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। कस्बा पिहानी के पिहानी गोपामऊ रोड स्थित मीरा गैस एजेंसी के निकट एक आरा मशीन के पास मुक विधूर मजदूर की मौत एक कर एक्सीडेंट में इलाज के दौरान हो गई है। बताया जा रहा है कि मृतक मजदूर अत्यंत गरीब है । उसके पास न तो प्रधानमंत्री आवास है और न ही किसी योजना का लाभ आज तक नगर पालिका परिषद पिहानी से मिल पाया है। कस्बे के स्थित शिया कर्बला के निकट सड़क किनारे झोपड़ी में रहकर अपनी मां के साथ गुजर बसर कर रहा था। मजदूर की मौत पर मोहल्लेवासियों व क्षेत्रके लोगों सहित पुलिस की भी आंखें नम हो गई। अंतिम संस्कार में कोतवाल धर्मराज सिद्धार्थ, कस्बा इंचार्ज रजनीश त्रिपाठी, राहुल तोमर, नितिन तोमर ,मोहित कुमार, हेड कांस्टेबल पवन सिंह संदीप कुमार शामिल हुए। पुलिस ने मृतक मजदूर की मां फूलमती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। फूलमती ने आरोप लगाया है कि बेटा रामसेवक पेशाब सड़क किनारे कर रहा था, पिहानी की तरफ से गाड़ी में P30 BK 2699 का चालक शानू पुत्र नवी अहमद निवासी मो0 नई बस्ती नागर ने तेज रफ्तार एवं लापरवाही से गाडी चला का मेरे लड़के के जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज हेतु सीएचसी पिहानी लाया गया जहाँ डाक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।जिला अस्पताल ले गये वहीं से लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में कोथावा के पास गरामसेवक की मृत्यु हो गयी है।

सर्दी से बचने के लिए छात्रों को बांटे स्वेटर

मथुरा। बदलते मौसम और सर्दी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए समाजसेवियों के द्वारा 50 छात्र छात्राओं को ऊनी स्वेटर विद्यालय परिसर में बांटे गए जिन्हें पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखी गई। जानकारी के अनुसार सर्वोदय इण्टर कॉलेज, चौमुहॉ मथुरा में विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सिद्धार्थ सिसोदिया की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि डॉ. हुकुम सिंह सिसोदिया द्वारा ठंड के मौसम को देखते हुए विद्यालय के लगभग 50 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर प्राप्त करके छात्र-छात्राएं प्रसन्न चित नजर आए। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रूमा कुमारी इस कार्य को पुनीत कार्य बताते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। उपस्थित अभिभावकों द्वारा प्रशंसा व्यक्त की गई।इस अवसर पर छोटेलाल, अजय कुमार, कृष्ण पाल सिंह, हरिओम सिंह, यतींद्र कुमार ,जयंत कुमार ,सुभाष चंद्र मौर्य ,श्याम लाल ,अवधेश कुमार पटेल ,मनोज कुमार, गिरीश चंद्र शर्मा ,श्रीकांत शर्मा ,खेमचंद शर्मा ,विवेक कुमार, राहुल शर्मा ,गिर्राज सिंह, चरण सिंह, अभिभावक एवं समस्त छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

के.के.कॉलेज में आयोजित हुआ रोज़गार मेला

जीवन में कुछ बनना है तो हमेशा गुरू,माता-पिता का सम्मान करना होगा: संजय कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

वहाज अली ख़ान 'निहाल'

■ आगे भी हम लोग छात्र-छात्राओं के हितार्थ ऐसे आयोजन करते रहेंगः प्राचार्य महेंद्र सिंह

इटावा। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक की समावेशी सोच के तहत गुरुवार को जनपद के प्रतिष्ठित के.के.कॉलेज में विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल व के.के.कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में भव्य रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस रोजगार मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय शंकर वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री ओंकार नाथ वर्मा, विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट प्रभारी डॉ.प्रभात द्विवेदी, उप प्रभारी डॉ.प्रशांत त्रिवेदी, राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.श्यामपाल सिंह उपस्थित रहे। इस मेले में देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे अमेज़न, पेटीएम, लार्सन एंड टूबरो फाइनेंस, बजाज कैपिटल, शेयर खान आदि ने पंजीकृत अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रहे विधार्थियो का नौकरी के लिए चयन निष्पक्ष, पारदर्शितापूर्ण व ईमानदारी से होगा। उन्होंने कहा जो चयनित होंगे उनको मेरी ओर से बधाई, लेकिन जिनका चयन नही होता है उनको भी निराश होने की जरूरत नहीं है। उन्हें धीरज के साथ सफलता के लिए संघर्ष की जरूरत है, सफलता निश्चित ही मिलेगी। जीवन में कुछ बनना है तो हमेशा गुरू, माता, पिता का सम्मान करना होगा। हमारे देश में टेलेंट की कोई कमी नहीं है केवल सही दिशा में प्रयास की जरूरत है। के.के.कालेज के प्राचार्य प्रो.महेंद्र सिंह ने कहा कि इटावा जनपद में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्विद्यालय एवम के.के. कालेज के संयुक्त तत्वाधान में पहली बार इतने वृहद स्तर पर रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में अच्छे-अच्छे आफर लेकर देश की प्रतिष्ठित कंपनिया आई हुई है, जिनमे काफी पद रिक्त है। ये हम लोगो के लिए हर्ष का विषय है कि हमारे महाविद्यालय एवम जनपद के अन्य महाविद्यालय को ये सुअवसर प्राप्त होने जा रहा है। आगे भी हम लोग छात्र-छात्राओं के हितार्थ ऐसे आयोजन करते रहेंगे। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट प्रभारी डॉ.प्रभात द्विवेदी ने कहा कि विनयशीलता ही विद्वान होने की पहचान है। विद्या से विनय, विनय से अर्थ व अर्थ से ही व्यक्ति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए कहा या तो सफलता मिलेगी या अनुभव मिलेगा। विद्यार्थी इस अवसर का भरपूर लाभ उठायें। डॉ.श्यामपाल सिंह ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि के.के.कॉलेज द्वारा यह प्रशांसनीय प्रयास किया गया है। आप कोई भी कार्य कठिन परिश्रम व रणनीति के साथ करेंगे तो सफलता निश्चित मिलेगी। विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल के उप प्रभारी डॉ प्रशांत त्रिवेदी ने कम्युनिकेशन स्किल व सकारात्मक नजरिये को अपनाने हेतु जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो.शिवराज सिंह यादव ने किया। एनसीसी के कैडेट्स ने सभी अतिथियों का बैज लगाकर अभिनंदन किया। साथ ही कालेज के शिक्षको द्वारा मुख्य अतिथि संजय कुमार वर्मा सहित अन्य अतिथियों का मालों, बुके एवम प्रतीक चिन्ह द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलन कर किया गया। साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले 1100 छात्र छात्राओं में से 417 का अंतिम चयन व 597 को अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्लेसमेंट प्रभारी प्रो.रामशंकर द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट सेल से अभिषेक राठौर, सुनील द्विवेदी, सुश्री अपराजिता, सुधीर व मयंक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रो ओमकुमारी, प्रो.उदयवीर सिंह, प्रो. सुनील सिंह सेंगर, डॉ.अनिल यादव, डॉ.सुशील वर्मा, डॉ.सुजीत कुमार, प्रो.पदमा त्रिपाठी, प्रो.मनोज गुप्ता, डॉ.सुरभि सिंह, प्रो.साज़िया अख्तर, डॉ.सनोज कुमार, डॉ.अनिल त्रिपाठी, प्रो.राजवीर सिंह, डॉ.अनुपम कुमार, डॉ.मिथिलेश सिंह, डॉ.हिमाशु कुमार, डॉ.सुभाष सिंह, डॉ. अंकुर वर्मा, डॉ.प्रदीप कुमार, कौशलेन्द्र यादव, संदीप, मधुसूदन सिंह, पवन वर्मा, अखिलेश वर्मा, श्रीमती रतन कुमारी, संदीप वर्मा, राजेश बाबू, अवनिन्द्र मोहन, आशीष पटेल, तरुण वर्मा, आलोक पटेल, ब्रजेन्द्र सिंह वर्मा, लोकेश वर्मा, शालू वर्मा आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी प्राचार्य प्रो.महेंद्र सिंह ने दी।

मतदाता पंजीकरण एवं जागरूकता कैंप का आयोजन

हरदोई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में स्वीप योजनांतर्गत पात्र एवं छूटे हुए दिव्यांग मतदाता हेतु विशेष पंजीकरण एवं जागरूकता कैंप का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी की उपस्थिति में शाहाबाद तहसील परिसर में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित दिव्यांगजनों को मतदाता पहचान पत्र की उपयोगिता, पंजीकरण कराने की विधि, आवश्यक अभिलेख आदि के विषय में जागरूक किए जाने के साथ साथ नवीन पंजीकरण एवं मार्किंग करवाई गई। परिसर में एक विशेष सेल्फी प्वाइंट भी बनवाया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वीप नोडल अधिकारी नन्द किशोर, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुश्री ऋचा गुप्ता, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार शाहबाद आदि उपस्थित रहे।

सेंटमेरी के वक्कार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

■ कॉलेज के दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का शानदार हुआ आगाज़

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। सेंट मेरी इंटर कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का शानदार हुआ आगाज़÷मैरियावगेंजा 23÷के रूप में हुआ जिसमें केजी वन से लेकर कक्षा पांचवीं तक के बच्चों ने नाट्य, नृत्य, गीत के कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति देकर भव्य पंडाल में उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के शुभारंभ से पूर्व मुख्य अतिथि सम्माननीय जोसेफ पेरुमथोटम, अध्यक्ष सम्माननीय थॉमस पडियाथ, विशिष्ट अतिथि सम्माननीय फादर थॉमस इजिकाड सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह, एसडीएम चकरनगर ब्रह्मानंद का कालेज के बच्चों द्वारा प्रवेश द्वार पर बैंड बाजा बजाकर एवं सलामी देकर स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलन एवं अंटो हिम के साथ समारोह के शुभारंभ के बाद मार एंटोनी कार्डिनल पडियारा के सम्मान में समर्पित भव्य मंच पर कालेज के प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष पर आयोजित हुए भव्य समारोह के बाद आयोजित हुए इस एनुअल डे सेलिब्रेशन में प्रस्तुत होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से ऐसे संदेश देने का प्रयास होगा जिससे हमारे आज के ये बच्चे जो कल का भविष्य हैं, एक आदर्श नागरिक बनकर एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकें जिससे देश में शांति, सद्भाव और समृद्धि का वातावरण बने।

समारोह में चेंचनाचेरी से पधारे मुख्य अतिथि सम्माननीय जोसेफ पेरुमथोटम, मेट्रोपोलिटन आर्च बिशप ने अपने संबोधन में कहा कि मैं बहुत छोटी उम्र में इटावा आया था, चंबल का क्षेत्र होने के चलते उस समय बहुत नकारात्मक माहौल था, लेकिन हमारे समर्पित प्रबंधन एवं शिक्षकों की निष्ठा के चलते आज यह सेंट मेरी कालेज इस ऊंचाई पर पहुंचा है कि अभिभावक पूरे विश्वास के साथ अपने बच्चों को यहां पढ़ने के लिए भेजते हैं। हमारी भी यही कोशिश रहती है कि हम अपने मिशन सत्य, प्रेम, शांति, ईमानदारी, विश्वास और देश को मजबूत बनाने के तहत विद्यालय में बच्चों को ऐसी शिक्षा दें, जिससे वे कल के बेहतर नागरिक बनकर अपने राष्ट्र व समाज का भला कर सकें। उन्होंने शानदार वार्षिक उत्सव के आयोजन के लिए सेंटमेरी के प्रिंसिपल फादर समेत समस्त कालेज टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

प्री-वेडिंग फोटोशूट के लिए बेस्ट हैं राजस्थान की ये जगहें, जिंदगी भर नहीं भूलेंगे आप

अगर आपकी भी शादी होने वाली है और आप भी प्री वेडिंग शूट के लिए खूबसूरत जगहों की तलाश कर रहे हैं। हम आपको राजस्थान की कुछ बेहद खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जो आपके प्री वेडिंग शूट में रॉयल टच देने का काम करेंगी।

हम सभी यादों को कैद करने के लिए तस्वीरें लेते हैं। वहीं शादी के पलों को खासकर अपनी यादों में संजोना चाहते हैं। जैसे शादी से पहले प्री-वेडिंग फोटोशूट, पोस्ट वेडिंग शूट, मैटरनिटी शूट करवाते हैं। जिससे कि इन तस्वीरों को हम जब भी देखें, तो इन खूबसूरत पलों को यादकर मुस्कुरा सकें। इस सब के बीच आजकल के कपल्स प्री वेडिंग फोटोशूट करवाना पसंद करते हैं।

ऐसे में अगर आपकी भी शादी होने वाली है और आप भी प्री वेडिंग शूट के लिए खूबसूरत जगहों की तलाश कर रहे हैं। तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको राजस्थान की कुछ बेहद खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। राजस्थान में आपको कई ऐसी लोकेशन मिलेंगी। जो आपको रॉयल फील देने का काम करेंगे। तो आइए जानते हैं उन जगहों के बारें में जहां पर आप प्री वेडिंग शूट करवा सकते हैं।

मंडावा

अपनी खूबसूरत नक्काशी और कृतियों वाली हवेलियों के लिए जाना जाने वाला मंडावा रिच कल्चरल हेरिटेज डेस्टिनेशन है। ऐसे में आप यहां पर फोटोशूट करवा सकते हैं। शादी के सीजन में कई कपल्स यहां पर फोटोशूट करवाते हैं।

बूंदी

राजस्थान का बूंदी शहर अपने भव्य महलों के लिए पूरी दुनिया में फेमस हैं। यह हवेलियां और महल आपकी प्री-वेडिंग शूट को रॉयल लुक देने का काम करेगा। आप यहां पर तारागढ़ किला, रानी जी की बावड़ी आदि में अपना शूट करवा सकते हैं।

शेखावाटी एरिया

आपको बता दें कि शेखावाटी एक ओपन एयर आर्ट गैलरी है। यहां की हवेलियों में खूबसूरत पेंटिंग हो रखी है। प्री-वेडिंग शूट के लिए यह लोकेशन सबसे बेस्ट है। शेकावाटी एरिया का खूबसूरत लोकेशन आपके प्री-वेडिंग शूट में चार चांद लगाने का काम करेगा।

रणकपुर

रणकपुर 15वीं शताब्दी के जैन मंदिरों के लिए काफी ज्यादा फेमस है। रणकपुर में कई ऐसी जगहे हैं, जहां पर आप प्री-वेडिंग शूट करवा सकते हैं।

भरतपुर

राजस्थान का भरतपुर अपने नेचर और वाइल्डलाइफ के लिए जाना जाता है। ऐसे में अगर आप भी प्री-वेडिंग शूट में वाइल्डलाइफ और नेचर का टच देना चाहते हैं, तो यह जगह परफेक्ट है। इसके अलावा भरतपुर में आप लोहागढ़ किले में भी शूट करवा सकते हैं।

खिमसर

दरअसल, यह गांवनुमा एक रिज़ॉर्ट है। यह जगह खिमसर किले और थार डेजर्ट के लिए जानी जाती है। यह जगह अपनी खूबसूरती के लिए काफी फेमस है। ऐसे में यहां पर प्री वेडिंग शूट करवाना एक यूनिक आइडिया हो सकता है।

कुंभलगढ़

कुम्भलगढ़ दुर्ग राजस्थान के राजसमन्द ज़िले में स्थित एक दुर्ग है। हांलाकि इस जगह को लोगों द्वारा काफी कम एक्सप्लोर किया गया है। ऐसे में यहां पर आपको प्राकृतिक सुंदरता और अनोखी हरियाली देखने को मिलेगी। वहीं प्री-वेडिंग शूट के लिए यह भी एक अच्छा ऑप्शन है।

भैंसरोड़गढ़

कई कपल्स प्री वेडिंग शूट के लिए थोड़ा यूनिक जगह की तलाश कर रहे हैं, तो भैंसरोड़गढ़ आपको निराश नहीं करेगा। भैंसरोड़गढ़ में नेचर और चंबल नदी का किनारा आपके शूट को खूबसूरत बनाने का काम करेगा।

साल भर पर्यटकों को आकर्षित करता है हिल स्टेशन पंचगनी

पंचगनी के आसपास की पांच पहाड़ियों के ऊपर एक ज्वालामुखीय पठार है। ये पठार, जिन्हें वैकल्पिक रूप से टेबल लैंड के रूप में जाना जाता है, दक्कन पठार का एक हिस्सा हैं, ये पृथ्वी की प्लेटों के बीच दबाव से उभरे थे।

महाराष्ट्र में सतारा जिले का प्रसिद्ध हिल स्टेशन पंचगनी साल भर पर्यटकों को आकर्षित करता है। यह कई बोर्डिंग स्कूलों के लिए भी जाना जाता है। पंचगनी पुणे से लगभग 108 किलोमीटर और मुंबई से 250 किलोमीटर दूर है। पंचगनी को ब्रिटिश राज के दौरान 1860 के दशक में लॉर्ड जॉन चेसन की देखरेख में एक ग्रीष्मकालीन रिसॉर्ट के रूप में अंग्रेजों द्वारा विकसित किया गया था। पंचगनी को एक विश्राम स्थल के रूप में विकसित किया गया था क्योंकि यह पूरे वर्ष सुखद रहता था। उन्होंने रुस्तमजी दुबाश के साथ इस क्षेत्र की पहाड़ियों का सर्वेक्षण किया और अंततः पांच गांवों- दांडेघर, गोदावली, अंब्राल, खिंगार और ताइघाट के आसपास के इस अनाम क्षेत्र पर निर्णय लिया। उस स्थान का उपयुक्त नाम पंचगनी रखा गया, जिसका अर्थ है पांच गांवों के बीच की भूमि। अंग्रेजों ने चेसन को यहां का कमिश्नर बनाया था। बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए, चेसन ने विभिन्न पेशेवरों- दर्जी, धोबी, कसाई, सब्जी विक्रेता, भवन निर्माण ठेकेदार को भी पंचगनी में बसने के लिए प्रोत्साहित किया। बाज़ार के नीचे का क्षेत्र उन्हें आवंटित किया गया था और अब इसे गौठान के रूप में जाना जाता है। उन्हें पंचगनी में पश्चिमी दुनिया के पौधों की प्रजातियों को रोपने का श्रेय दिया जाता है, जिनमें सिल्वर ओक और पॉइन्सेटिया भी शामिल हैं, जो तब से पंचगनी में फल-फूल रहे हैं। चेसन को सेंट पीटर चर्च के कब्रिस्तान में दफनाया गया है।

19वीं सदी में विभिन्न समुदायों ने कई स्कूल शुरू किए और पंचगनी एक शैक्षिक शहर के रूप में फलने-फूलने लगा। 1890 के दशक में, यूरोपीय लड़कों और लड़कियों के लिए किमिंस हाई स्कूल शुरू किया गया था। 1902 में लड़कों का सेक्शन अलग होकर यूरोपियन बॉयज हाई स्कूल बन गया, जिसे अब सेंट पीटर स्कूल, पंचगनी के नाम से जाना जाता है और किमिंस एक विशेष गर्ल्स स्कूल बन गया। 1895 में, डॉटर्स ऑफ द क्रॉस के नाम से जानी जाने वाली ननों के रोमन कैथोलिक आदेश ने सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, पंचगनी की शुरुआत की। तीनों बोर्डिंग स्कूल उस समय के इंग्लिश पब्लिक स्कूलों की तर्ज पर बनाए गए थे और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से संबद्ध थे।

कुछ ही समय बाद, अन्य समुदायों ने अपने स्कूल शुरू किए। ये स्कूल बॉम्बे प्रेसीडेंसी की मैट्रिक परीक्षा से संबद्ध थे। इनमें से पहला स्कूल पारसी स्कूल, बाद में बिलिमोरिया स्कूल बन गया। मुस्लिम स्कूल यूनियन हाई स्कूल बन गया और अब इसे अंजुमन-ए-इस्लाम स्कूल के नाम से जाना जाता है। ये दोनों स्कूल अंग्रेजी पब्लिक स्कूलों की तर्ज पर बनाए गए थे। हिंदू हाई स्कूल शुरू किया गया, जिसे अब संजीवन विद्यालय के नाम से जाना जाता है। इसे रवीन्द्रनाथ टैगोर के शांतिनिकेतन की तर्ज पर बनाया गया था। पंचगनी के आसपास की पांच पहाड़ियों के ऊपर एक ज्वालामुखीय पठार है। ये पठार, जिन्हें वैकल्पिक रूप से टेबल लैंड के रूप में जाना जाता है, दक्कन पठार का एक हिस्सा हैं, ये पृथ्वी की प्लेटों के बीच दबाव से उभरे थे। इस क्षेत्र में उच्च भूकंपीय गतिविधि है, जिसका केंद्र कोयनानगर के पास है जहां कोयनानगर बांध और एक जल विद्युत ऊर्जा संयंत्र बनाया गया है। पंचगनी में सर्दियों के दौरान तापमान लगभग 12 डिग्री सेल्सियस होता है और कभी-कभी गर्मियों के दौरान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है।

दिल्ली के आसपास मौजूद ये जगहें हैं बेहद खूबसूरत, इस वीकेंड जरूर बनाएं घूमने का प्लान

आज हम आपको दिल्ली से घूमी जाने वाली कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें आप कम बजट में एक्सप्लोर कर सकते हैं। साथ ही यह ट्रिप बजट फ्रेंडली होने वाली है। आइए जानते हैं इन जगहों के बारे में।

दिमाग को शांत रखने के लिए घूमने से अच्छा और कोई ऑप्शन नहीं हो सकता है। क्योंकि ट्रेवलिंग सिर्फ 2 मिनट की हो, या फिर 2 घंटे की दूरी का। लेकिन यह अक्सर हमारे मन को खुशी देने का काम करती है। ऐसे में अगर आप भी बोरियत को खत्म करने के लिए कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं और साथ ही बजट फ्रेंडली ट्रिप पर जाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली से घूमी जाने वाली कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें आप कम बजट में एक्सप्लोर कर सकते हैं। आइए जानते हैं इन जगहों के बारे में...

दिल्ली से आगरा

आगरा शहर दुनिया की एक ऐसी जगह है, जहां पर न सिर्फ भारतीय बल्कि विदेशी पर्टयक भी भारी संख्या में पहुंचते हैं। आगरा में दुनिया के सात अजूबों में शामिल ताजमहल के दीदार के लिए यहां पर्यटकों की भारी भीड़ लगती है। ताजमहल को प्यार का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में आप इस वीकेंड आगरा का ट्रिप प्लान कर सकते हैं। आपको बता दें कि दिल्ली से आगरा ट्रिप के लिए आपके पास 5 हजार रुपए खर्च होंगे। दिल्ली से आगरा की दूरी 233 किमी है।

दिल्ली से जिम कॉर्बेट

भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों में शामिल जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क वीकेंड गेटवे में से एक है। यहां पर आपको करीब 5 हजार से अधिक पक्षियों की प्रजातियां और स्तनधारियों की 50 प्रजातियों को देखने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही अगर यहां पर खाने, रहने, ट्रांसपोर्ट, एंट्री चार्जेस आदि की बात करें, तो आपको दो दिन के लिए प्रति व्यक्ति पर 4000 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। दिल्ली से जिम कॉर्बेट की दूरी 246 किमी है।

दिल्ली से उदयपुर

उदयपुर अपनी खूबसूरत झीलों, नजारों और आकर्षक संरचनाओं के लिए फेमस है। यहां पर आप जमकर खरीददारी भी कर सकते हैं। उदयपुर में सूर्यास्त का नजारा देखने लायक होता है। दिल्ली से उदयपुर की दूरी 633 किमी है। यहां पर आपको दो दिन के लिए प्रति व्यक्ति 5 हजार रुपए देने होंगे।

दिल्ली से मैक्लोडगंज

हिमाचल के कांगड़ा जिले में मैक्लोडगंज या लिटिल ल्हासा स्थित है। मैक्लोडगंज प्रकृति से घिरा होने के साथ ही तिब्बती रंग रूप से लदा हुआ है। बता दें कि यह दिल्ली के सबसे अच्छे वीकेंड गेटवे में से एक है। आपकी यह ट्रिप भी बजट फ्रेंडली होने वाली हैं। यहां पर आप तिब्बती कार्य पुस्तकालय, तिब्बती आर्ट कल्चर संस्थान, स्थानीय कैफे और मैक्लोडगंज का मठ में तिब्बती संस्कृति की झलक देख सकते हैं। दिल्ली से मैक्लोडगंज की दूरी 488 किमी है।

दिल्ली से ऋषिकेश

ऋषिकेश एक आध्यात्मिक और बेहद खूबसूरत शहर है। यहां पर लोग एडवेंचर का लुत्फ उठाते हैं। ऐसे में आप भी ऋषिकेष में कैंपिंग और राफ्टिंग से लेकर बंजी तक का आनंद ले सकते हैं। एडवेंचर और प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जगह बेस्ट है। दिल्ली से ऋषिकेश तक जाने की दूरी 242 किमी है।

सिर्फ 3 दिन में घूमना चाहते हैं कश्मीर तो इन हसीन वादियों को करें एक्सप्लोर

कश्मीर घूमने के लिए ना सिर्फ भारतीय बल्कि विदेशों से भी लोग आते हैं। यहां पर कई ऐसे आकर्षक पर्यटन स्थल हैं, जो पर्यटकों का मन मोह लेते हैं। कश्मीर की सारी जगहें काफी फेमस हैं। यहां पर कई ऐसे आकर्षक पर्यटन स्थल हैं, जो पर्यटकों का मन मोह लेते हैं।

अक्सर घूमने के शौकीन लोग समय मिलते ही घूमने का प्लान बना लेते हैं। धरती का स्वर्ग कहे जाने वाला कश्मीर बेहद खूबसूरत है। कश्मीर अपनी हसीन वादियों, आकर्षक नजारों, पहाड़ों और झीलों तक के लिए काफी ज्यादा फेमस है। कश्मीर घूमने के लिए ना सिर्फ भारतीय बल्कि विदेशों से भी लोग आते हैं।

यहां पर कई ऐसे आकर्षक पर्यटन स्थल हैं, जो पर्यटकों का मन मोह लेते हैं। कश्मीर की सारी जगहें काफी फेमस हैं। ऐसे में अगर आप भी सिर्फ 3 दिन में कश्मीर घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए हैं। हम आपको कश्मीर की कुछ बेहद फेमस जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आप अपने ट्रिप के दौरान एक्सप्लोर कर सकते हैं।

पहला दिन

वैसे तो कश्मीर में घूमने के लिए कई फेमस जगहे हैं। लेकिन आप अपने सफर के पहले दिन की शुरूआत कश्मीर की राजधानी से कर सकते हैं। ट्रिप के दौरान आप श्रीनगर और उसके आसपास की फेमस जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा आप डल झील में शिकारा की सैर करने का लुत्फ लेना ना भूलें। साथ ही श्रीनगर में वुलर झील, बारामूला, अनंतनाग, मुगल गार्डन और शंकराचार्य मंदिर भी घूम सकते हैं।

दूसरा दिन

श्रीनगर में पहला दिन बिताने के बाद आप दूसरे दिन सोनमर्ग जा सकते हैं। श्रीनगर से सोनमर्ग की दूरी 80 किमी है। सोनमर्ग जाने में आपको करीब ढाई घंटे का समय लगेगा। सोनमर्ग में आप बालतल, विशनसर झील, थजिवास ग्लेशियर, कृष्णसार और गद्सर झील एक्सप्लोर कर सकते हैं।

तीसरा दिन

ट्रिप के तीसरे दिन और आखिरी दिन आप पहलगाम को एक्सप्लोर कर सकते हैं। पहलगाम में आप सुंदर घाटी, घने जंगल और झीलों को देख सकते हैं। वहीं अगर आप एडवेंचर के शौकीन हैं, तो पहलगाम घूमने के बाद आप गुलमर्ग जा सकते हैं। यहां पर आपको स्की ड्राइविंग करने का मौका मिलेगा। आपको बता दें कि गुलमर्ग की स्की ड्राइविंग दुनियाभर में फेमस है। स्की ड्राइविंग के अलावा आप यहां पर स्ट्रॉबेरी की घाटी, सबसे लंबा गोल्फ कोर्स और एप्पेर झील आदि को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

महाराष्ट्र में पर्यटन का एक प्रमुख स्थान है महाबलेश्वर



महाबलेश्वर क्षेत्र कृष्णा नदी का स्रोत है जो पूर्व में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से होते हुए बंगाल की खाड़ी की ओर बहती है। कृष्णा की तीन सहायक नदियों कोयना, वेन्ना (वेनी) और गायत्री का स्रोत भी महाबलेश्वर क्षेत्र में है।

महाबलेश्वर महाराष्ट्र के सतारा जिले में एक छोटा-सा शहर है। यह हिंदुओं का तीर्थ स्थान है क्योंकि कृष्णा नदी का उद्गम यहीं है। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासकों ने इस शहर को एक हिल स्टेशन के रूप में विकसित किया और इसे ब्रिटिश राज के दौरान बॉम्बे प्रेसीडेंसी की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाया था। महाबलेश्वर पश्चिमी घाट की पहाड़ी सह्याद्रि श्रृंखला पर स्थित है जो भारत के पश्चिमी तट के साथ उत्तर से दक्षिण तक फैली हुई है। यह शहर पुणे से लगभग 122 किमी दक्षिण पश्चिम और मुंबई से 285 किमी दूर है।

महाबलेश्वर क्षेत्र कृष्णा नदी का स्रोत है जो पूर्व में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से होते हुए बंगाल की खाड़ी की ओर बहती है। कृष्णा की तीन सहायक नदियों कोयना, वेन्ना (वेनी) और गायत्री का स्रोत भी महाबलेश्वर क्षेत्र में है। चौथी नदी सावित्री का स्रोत भी इसी क्षेत्र में है, लेकिन यह महाड से होते हुए पश्चिम की ओर अरब सागर में बहती है। इस क्षेत्र की जलवायु स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए उपयुक्त है। देश में कुल स्ट्रॉबेरी उत्पादन में महाबलेश्वर का योगदान लगभग 85 प्रतिशत है।

किंवदंती है कि 13वीं शताब्दी के एक यादव शासक ने कृष्णा नदी के स्रोत पर एक छोटा मंदिर और पानी का टैंक बनवाया था। महाबलेश्वर के आसपास के क्षेत्र, जिसे जवाली की घाटी कहा जाता है, पर मोरे (कबीले) का शासन था जो बीजापुर के आदिलशाही सल्तनत के जागीरदार थे। 1656 में, मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी ने राजनीतिक परिस्थितियों के कारण जावली के वली के तत्कालीन शासक चंद्रराव मोरे की हत्या कर दी और उस क्षेत्र पर कब्ज़ा कर लिया। उसी समय के आसपास शिवाजी ने महाबलेश्वर के पास एक पहाड़ी किला भी बनवाया, जिसे प्रतापगढ़ किला कहा जाता है।

महाबलेश्वर महाराष्ट्र में पर्यटन का एक प्रमुख स्थान है। यहां के आकर्षणों में बॉम्बे पॉइंट, आर्थर सीट, केट्स पॉइंट, लॉडविक-विल्सन पॉइंट और एल्फिन्स्टन पॉइंट जैसे आसपास की पहाड़ियों, घाटियों और जंगलों के दृश्यों के साथ कई पहाड़ी किनारे के लुक आउट पॉइंट शामिल हैं। विल्सन पॉइंट महाबलेश्वर का एकमात्र स्थान है जहाँ सूर्योदय और सूर्यास्त दोनों देखे जा सकते हैं। शहर में ब्रिटिश काल की एक मानव निर्मित झील भी है जिसे वेन्ना झील कहा जाता है। झील नौकायन के लिए लोकप्रिय है। यह एक बाजार और खाद्य स्टालों से घिरा हुआ है जो पर्यटकों के बीच लोकप्रिय हैं। अन्य आकर्षणों में लिंगमाला झरना शामिल है। पुराना महाबलेश्वर अपने महादेव मंदिर के साथ एक तीर्थ स्थान है। अपेक्षाकृत ठंडी जगह होने के कारण, महाबलेश्वर और आसपास की पहाड़ियों में कई समशीतोष्ण क्षेत्र की फसलें जैसे स्ट्रॉबेरी, रसभरी और शहतूत उगाई जाती हैं।

छत्रपति शिवाजी द्वारा निर्मित प्रतापगढ़ का ऐतिहासिक किला घूमने के लिए एक लोकप्रिय स्थान है। यह शिवाजी महाराज और बीजापुर के सेनापति अफजल खान के बीच मुठभेड़ का स्थल है, जहां छत्रपति शिवाजी महाराज ने अफजल खान को हराया और मार डाला था। यहां छोटी-छोटी दुकानें, रेस्तरां और एक हस्तशिल्प की दुकान है। कई स्कूल किले में शैक्षिक यात्राओं का भी आयोजन करते हैं।

सोलो ट्रिप के दौरान हर किसी को ध्यान रखनी चाहिए ये बातें, आसान बनेगा सफर

कई लोगों को सोलो ट्रिप करना काफी ज्यादा पसंद होता है। लेकिन फर्स्ट टाइम में सोलो ट्रिप करना काफी ज्यादा मुश्किल होता है। हांलाकि हर किसी को एक बार सोलो ट्रिप का एक्सपीरियंस लेना चाहिए। लेकिन सोलो ट्रिप पर जाने से पहले कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। कई लोगों को सोलो ट्रिप करना काफी ज्यादा पसंद होता है। लेकिन फर्स्ट टाइम में सोलो ट्रिप करना काफी ज्यादा मुश्किल होता है। सोलो ट्रिप में कंफर्ट जोन से बाहर निकलना, नई-नई चीज़ों को ट्राय करना और नए-नए लोगों से मिलना शामिल होता है। हांलाकि सोलो ट्रिप काफी ज्यादा मजेदार होती है। हर किसी को एक बार सोलो ट्रिप का एक्सपीरियंस जरूर लेना चाहिए। लेकिन सोलो ट्रिप पर जाने से पहले कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। तो आइए जानते हैं सोलो ट्रिप के दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

एक जगह पर नहीं रखें पैसे

सोलो ट्रिप के दौरान कैश और ज्वैलरी एक स्थान पर नहीं रखना चाहिए। कैश और ज्वेलरी को इनसाइड पॉकेट, जैकेट, बैग, मोजे, हिप पॉकेट आदि में रखें। ऐसा इसलिए भी जरूरी है कि लूट या चोरी आदि की स्थिति में आपका सारा सामान झटके में चला जाएगा। इससे आपकी चीजें बच जाएंगी। वहीं अपने सामान को सुरक्षित रखने के लिए Techxy Heavy Metal Chain का ताला लगा सकती हैं।

सोलो ट्रेवल का ना करें जिक्र

सोलो ट्रिप के दौरान पब्लिकली यह कहने से बचना चाहिए कि आप अकेले ट्रेवल कर रही हैं। या फिर सिंगल सफर करने के दौरान आप अपने नाम के आगे मिसेज भी जोड़कर बता सकते हैं। इससे बाहरी लोग आपका फायदा उठाने से बच जाएंगे। लेकिन जब लोगों को यह पता चलेगा कि आप ट्रिप के दौरान अकेले नहीं है, तो ट्रिप के दौरान जोखिम कम हो सकता है।

जगह के बारे में करें पूरी रिसर्च

आप जहां भी जा रहे हैं तो उस जगह के बारे में पूरी रिसर्च कर लें। इसके अलावा आप जगह के मौसम, ट्रांसपोर्टेशन आदि चीजों का ध्यान रखें। इससे आपको ट्रिप में पैकिंग काफी आसानी हो जाएगी। आप इंटरनेट की मदद से भी जगह के बारे में जानकारी ले सकती हैं।

पहले से कर लें बुकिंग

अकेले ट्रिप पर जाने से पहले रहने की व्यवस्था को भगवान के भरोसे बिलकुल ना छोड़ें। ट्रिप पर जाने से पहले होटल या होमस्टे आदि की बुकिंग पहले से कर लें। ऐसा करने से आप टेंशन फ्री हो जाएंगे। खासतौर पर जब आप डेस्टिनेशन के पीक सीजन पर जा रहे हों। क्योंकि कई बार पीक सीजन में होटल आदि बुक करने में दिक्कत होती है। इसलिए इस तरह का रिस्क ना लें।

जरूरी डॉक्यूमेंट्स

वैसे तो हर ट्रेवलर पर यह बात लागू होती है। लेकिन सोलो ट्रैवलर के दौरान यह काफी ज्यादा जरूरी होता है। होटल से लेकर होमस्टे, फ्लाइट और कई व्यू प्वॉइंट्स पर भी डॉक्यूमेंट्स की जरूरत पड़ सकती है। इसलिए अपने जरूरी डॉक्यूमेंट्स को जरूर साथ में रखें। इसलिए ट्रैवलर को ऑरिजनल कॉपी के साथ इनकी फोटोकॉपी भी करवा कर रख लें।

पैकिंग

सोलो ट्रिप पर आपको अपनी जिम्मेदारी खुद उठानी पड़ती है। वैसे ही ट्रिप के लिए आपको अपना बैग खुद ही उठाना पड़ता है। इसलिए बैग में बहुत ज्यादा सामान नहीं रखना चाहिए। इसलिए कपड़े और डॉक्यूमेंट्स के अलावा सिर्फ उन चीजों को रखे जिनकी आपको जरूरत हो।

ईडी अधिकारी अंकित तिवारी घूसकांड, तमिलनाडु विजिलेंस और एंटी करप्शन विंग ने ईडी दफ्तर में मारी रेड

संबंध

विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह उल्लेख करना उचित है कि अधिकारियों ने उनके कदाचार के संबंध में कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं।

डिंडीगुल। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी अंकित तिवारी से जुड़े मामले को लेकर तमिलनाडु सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) के अधिकारियों ने मदुरै में ईडी उप-जोनल कार्यालय में शुक्रवार रात भर अपनी तलाशी जारी रखी।

ईडी अधिकारी अंकित तिवारी को शुक्रवार को डिंडीगुल जिले में एक डॉक्टर से 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था। कुछ घंटे पहले, सीआरपीएफ कर्मी मदुरै में ईडी उप-जोनल कार्यालय भी पहुंचे थे, जहां डीवीएसी अधिकारी ईडी अधिकारी से जुड़े मामले के संबंध में तलाशी ले रहे थे। डीएवीसी अधिकारियों के अनुसार, अंकित तिवारी ईडी अधिकारियों की अपनी टीम के साथ प्रवर्तन निदेशालय में मामले को बंद करने के नाम पर कई लोगों को धमकी दे रहे थे और रिश्वत ले रहे थे। डीवीएसी अधिकारियों ने उन्हें डिंडीगुल में 20 लाख रुपये नकद के साथ पकड़ा। डीवीएसी ने मदुरै में ईडी कार्यालय में भी तलाशी ली। डीएवीसी ने कहा, यह स्पष्ट करने के लिए जांच की जा रही है कि क्या उसने इस पद्धति को अपनाकर किसी अन्य अधिकारी को ब्लैकमेल किया या धमकी दी और ईडी के नाम पर धन एकत्र किया। डीवीएसी चेन्नई द्वारा जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, अंकित तिवारी केंद्र सरकार के मदुरै प्रवर्तन विभाग कार्यालय में एक प्रवर्तन अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। 1 नवंबर, 2023 की सुबह, V&AC के अधिकारियों ने अंकित तिवारी को शिकायतकर्ता से 20 लाख रुपये रिश्वत के रूप में लेने के बाद पकड़ लिया। इसके बाद उन्हें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सुबह 10.30 बजे गिरफ्तार कर लिया गया।विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह उल्लेख करना उचित है कि अधिकारियों ने उनके कदाचार के संबंध में कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। इसमें कहा गया है कि यह स्पष्ट करने के लिए जांच की जा रही है कि क्या उसने इस कार्यप्रणाली को अपनाकर किसी अन्य अधिकारी को ब्लैकमेल किया या धमकी दी और प्रवर्तन निदेशालय के नाम पर धन एकत्र किया। साजिश में अन्य ईडी अधिकारियों की संलिप्तता का पता लगाने के लिए भी जांच की जाएगी। इसके अलावा, वी एंड एसी के अधिकारी अंकित तिवारी के आवास और मदुरै में उनके प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय पर तलाशी ले रहे हैं।

आदित्य-एल1 को लेकर एक और खुशखबरी, यान का पेलोड करने लगा काम

बेंगलुरु। सूर्य मिशन आदित्य-एल1 को लेकर इसरो ने बड़ा अपडेट दिया है। आदित्य-एल1 में लगे सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट पेलोड ने अपना काम करना शुरू कर दिया है और सामान्य रूप से काम कर रहा है। आदित्य-एल1 पहला भारतीय अंतरिक्ष-आधारित यान है, जो पहले सूर्य-

पृथ्वी लैग्रेंजियन प्वाइंट (एल1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा से सूर्य का अध्ययन करती है। इसरो ने कहा कि आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसपीईएक्स) में दो अत्याधुनिक उपकरण सोलर विंड आयन स्पेक्ट्रोमीटर और सुप्राथर्मल एंड एनर्जेटिक पार्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर (एसटीईपीएस) शामिल हैं, जो अब काम करने लगे हैं। इसरो के पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी-सी57) को 2 सितंबर को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। इसरो के अनुसार, उपकरण ने सौर पवन आयनों, मुख्य रूप से प्रोटॉन और अल्फा कणों को सफलतापूर्वक मापा है। एजेंसी ने कहा कि नवंबर 2023 में दो दिनों में एक सेंसर से प्राप्त नमूना ऊर्जा हिस्टोग्राम प्रोटॉन और अल्फा कण (दोगुने आयनित हीलियम, He2+) की संख्या में भिन्नता को दर्शाया है।

निष्कासन बेहद गंभीर सजा

महुआ मोइत्रा के खिलाफ कैश-फॉर-क्वेरी मामले पर अधीर रंजन ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

एजेंसी, नई दिल्ली। लोकसभा में कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कैश फॉर क्वेरी मामले में लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ आचार समिति की कार्यवाही के मुद्दे को उठाया है।

अधीर रंजन चौधरी ने पत्र में कहा कि मैं संसदीय समितियों के कामकाज से संबंधित नियमों और प्रक्रियाओं पर फिर से विचार करने और उचित समीक्षा करने के प्राथमिक इरादे से लिख रहा हूं। मुख्य रूप से लोकसभा के सदस्यों जैसे विशेषाधिकार समिति, आचार समिति इत्यादि के हितों और अधिकारों को लेकर चिंतित हूं।

स्पीकर को लिखे चार पन्नों के पत्र में, चौधरी ने कहा कि विशेषाधिकार समिति और आचार समिति के लिए परिकल्पित भूमिकाओं, विशेष रूप से दंडात्मक शक्तियों के प्रयोग के मामलों में कोई स्पष्ट सीमांकन नहीं

है।

उन्होंने पत्र में कहा, इन मुद्दों पर, जिसमें समिति द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रियाएं भी शामिल हैं, जिनका राजनीति पर महत्वपूर्ण असर और प्रभाव है, उस पर गहन ध्यान देने और स्पीकर के मार्गदर्शन में प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता हो सकती है।

अधीर रंजन चौधरी लोक लेखा समिति के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा व्यक्त किए गए विचार उनकी व्यक्तिगत क्षमता में हैं। ÷कैश-फॉर-क्वेरी मामले में मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश करने वाली लोकसभा आचार समिति की रिपोर्ट सोमवार को निचले सदन में पेश की जाएगी।

लोकसभा सचिवालय द्वारा प्रसारित एजेंडा पत्रों के मुताबिक, आचार समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सोनकर पैनल की पहली रिपोर्ट सदन के पटल पर रखेंगे। समिति ने 9 नवंबर को एक बैठक में ÷कैश-फॉर-क्वेरी÷ आरोप पर मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश करते हुए अपनी रिपोर्ट अपनाई।

मोटा अनाज के मानकों के विकास पर सराहा गया भारत का प्रस्ताव

नई दिल्ली। सेहत और पर्यावरण के लिए सौ प्रतिशत खरे मोटा अनाज के वैश्विक मानकों के विकास के भारत के प्रस्ताव को अंतरराष्ट्रीय मान्यता का रास्ता खुल गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के

अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के बनाए प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता मानक निकाय के सदस्यों ने इसे सराहा है।

मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि कोडेक्स एलीमेनटेरस कमिशन (सीएसी) ने भी इटली के रोम में 46वें सत्र के दौरान मोटा अनाज (मिलेट) के भारत के दिए मानकों की प्रशंसा की है। भारत ने 15 प्रकार के मोटे अनाज के लिए गुणवत्ता के आठ मानक निर्धारित किए हैं।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के गठित सीएसी और 188 सदस्य देशों वाले संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) ने भारत के बताए ज्वार (सोरघुम) और बाजरा (पर्ल मिलेट) का अनुमोदन किया है।

भारत ने अपने प्रस्ताव में विश्व भर में मोटा अनाज उगाने के लिए खासकर रागी (फिंगर मिलेट), सांवा (बार्नयार्ड मिलेट), कोदो (कोदो मिलेट), चीना बाजरा (प्रोसो मिलेट) और कुटकी (लिटिल मिलेट) के विकास का खाका पेश किया है। इनका दालों के विकल्प के रूप में प्रयोग करने की सलाह दी गई है।

संसद के शीतकालीन सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक

राजनाथ सिंह और प्रह्लाद जोशी समेत कई वरिष्ठ नेता रहे मौजूद

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र से पहले संसद पुस्तकालय भवन में सर्वदलीय बैठक बुलाई गई।मालूम हो कि शीतकालीन सत्र से पहले संसद पुस्तकालय भवन में सर्वदलीय बैठक

भवन

मालूम हो कि शीतकालीन सत्र से पहले संसद पुस्तकालय भवन में सर्वदलीय बैठक हुई।

हुई। संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू होकर 22 दिसंबर तक चलेगा।

इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, कांग्रेस नेता जयराम रमेश, गौरव गोगोई और प्रमोद तिवारी, तृणमूल नेता सुदीप बंद्योपाध्याय, राकांपा नेता फौजिया खान और आरएसपी नेता एन के प्रेमचंद्रन सहित अन्य जैसे वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बता दें कि संसद में 37 विधेयक लंबित हैं, इनमें 12 विधेयक इस शीतकालीन सत्र में पारित हो सकते हैं, जिसमें आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस

एक्ट को बदलने वाले विधेयक भी शामिल हैं। विभिन्न पार्टियों के नेता संसद भवन पहुंच गए हैं। कांग्रेस की तरफ से उसके वरिष्ठ नेता जयराम रमेश भी संसद पहुंचे। संसद के शीतकालीन सत्र से पहले जेएमएम सांसद महुआ माजी ने कहा कि गैर-भाजपा नेताओं को परेशान करने के लिए जैसे वह लोग सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल कर रहे हैं, यह देश के लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू हो रहा है और 22 दिसंबर तक 15 बैठकें होंगी, जिसके दौरान औपनिवेशिक युग के आपराधिक कानूनों को बदलने के लिए तीन विधेयकों सहित प्रमुख मसौदा कानूनों पर विचार करने की उम्मीद है। कैश-फॉर-क्वेरी शिकायत पर निचले सदन से तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश करने वाली लोकसभा पैनल की रिपोर्ट भी सत्र के पहले दिन सोमवार को सदन में पेश करने के लिए सूचीबद्ध है।

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में श्वष्ट की रेड, लोन एग्रीगेटर्स के निवास पर मारा छापा

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में छह स्थानों पर छापेमारी की है। बता दें कि श्वष्ट ने ये कार्रवाई किसान क्रेडिट कार्ड के तहत लोन की मंजूरी में धोखाधड़ी के संबंध में की है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, ED ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की है। बताया जा रहा है कि मछली टैंक के निर्माण के लिए किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के तहत लोन की मंजूरी दी गई थी। इसमें धोखाधड़ी के आरोपों को लेकर ईडी ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के छह स्थानों पर छापेमारी की है। ईडी ने बताया कि ये कार्रवाई लोन एग्रीगेटर्स के निवास और कार्यालय परिसरों में की गई है। इस कार्रवाई के दौरान डिजिटल उपकरणों को जब्त किया गया है। साथ ही अपराध से अर्जित हुई कई चल और अचल संपत्तियों का खुलासा हुआ।

संसद सत्र से पहले आज होगी सरकार की सर्वदलीय बैठक

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले केंद्र सरकार आज लोकसभा और राज्यसभा में राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू हो रहा है। सत्र 22

दिसंबर तक चलेगा जिसमें 15 बैठकें आयोजित की जाएंगी। यह बैठक संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी की अध्यक्षता में होगी जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पीयूष गोयल शामिल हो सकते हैं।

गौरतलब है कि संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। इस बीच ऐसा माना जा रहा है कि इस सत्र में कई महत्?वपूर्ण विधेयकों को पेश? किया जा सकता है। बता दें, अभी संसद में 37 विधेयक पेंडिग हैं। जिनमें से 12 विचार और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किए गए हैं। वहीं, सात विधेयकों को संसद में पेश करने और उसे पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

भारतवंशी रेडियो होस्ट को मारने की रची थी साजिश, न्यूजीलैंड में तीन खालिस्तानी कट्टरपंथी दोषी करार

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड में एक भारतवंशी की हत्या की साजिश रचने के मामले में तीन खालिस्तानी

आतंकियों को दोषी पाया गया है। बताया गया है कि इन तीनों ने ऑकलैंड में रेडियो होस्ट हरनेक सिंह की हत्या की साजिश रची थी। हरनेक खालिस्तानी विचारधारा के कट्टर आलोचक रहे हैं और इसलिए वे इन कट्टरपंथियों के निशाने पर आ गए।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 27 वर्षीय सर्वजीत सिद्धू इस मामले का मास्टरमाइंड था। उसने हत्या की कोशिश के आरोपों को कबूल लिया है। वहीं, 44 वर्षीय सुखप्रीत सिंह को उसके सहयोग के लिए दोषी ठहराया गया है। ऑकलैंड के रहने वाले एक तीसरे व्यक्ति (जिसका नाम बताए जाने पर फिलहाल रोक लगाई गई है) को खालिस्तान आंदोलन के खिलाफ बोलने वाले हरनेक सिंह पर हमले की साजिश रचने और उनके खिलाफ माहौल बनाने का दोषी ठहराया गया है।

मामले में सुनवाई के दौरान जज मार्क वुलफोर्ड ने सिख समुदाय की सुरक्षा और धार्मिक कट्टरपंथ के खिलाफ कठोरता से रोक लगाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सजा सुनाने के मामले में हमें बिल्कुल अलग नजरिया अपनाना होगा।

गौरतलब है कि हरनेक सिंह नेकी पर 23 दिसंबर 2020 को हमला हुआ था। खालिस्तानी कट्टरपंथियों ने घात लगाकर रास्ते में उन पर हमला कर दिया था। कट्टरपंथियों से भरी तीन कारों ने पहले उनका पीछा किया गया, इसके बाद उन्हें बारी-बारी से करीब 40 बार चाकू से गोदा गया। नेकी की जान बचाने के लिए उनकी कई सर्जरी हुईं। चोटें कितनी गंभीर थीं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नेकी को 350 टांके लगाए गए थे।

ब्राउन कीवी संरक्षण प्रयास में मिली कामयाबी

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के वेलिंगटन में संरक्षणवादियों ने 150 वर्षों में दो कीवी चूजों की खोज की है, जो कि प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पक्षी के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पल है। साल 1991 में कीवी बचाव अभियान शुरू किया गया था और एक साल पहले कैपिटल कीवी प्रोजेक्ट शुरू किया गया। इसी के साथ शहर में नॉर्थ आइलैंड ब्राउन कीवी को फिर एक बार देखा गया।

ब्राउन कीवी देश की सामान्य प्रजातियों में से एक है। न्यूजीलैंड संरक्षण विभाग ने दो पीढ़ियों के भीतर इन प्रजातियों के खत्म होने की चेतावनी दी है। इसी के साथ कैपिटल कीवी प्रोजेक्ट ने ट्रांसमीटर के उपयोग से चूजों की निगरानी करने के साथ 18 अन्य ब्राउन कीवी पालने का लक्ष्य बनाया है।

एक समय लगभग 12 मिलियन की आबादी वाले ब्राउन कीवी की जनसंख्या अचानक से घटकर 68,000 तक हो गई।

चीन पर यात्रा प्रतिबंध लगाने की तैयारी? बच्चों में रहस्यमयी बीमारी फैलने के बाद अमेरिका में उठी मांग

वॉशिंगटन। चीन में बच्चों में एक अज्ञात सांस संबंधी बीमारी और न्यूमोनिया फैल रहा है। इसे लेकर पूरी दुनिया में चिंता के स्वर उठने लगे हैं। अब अमेरिका के पांच सांसदों ने तो चीन पर यात्रा प्रतिबंध लगाने की मांग कर दी है। दरअसल रिपब्लिकन सांसद मार्को रुबियो के नेतृत्व में पांच सांसदों ने राष्ट्रपति जो बाइडन को चिट्ठी लिखी है।

अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति को लिखी चिट्ठी

इस चिट्ठी में सांसदों ने मांग की है कि जब तक हम इस नई बीमारी के खतरों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं जुटा लेते तब तक हमें अमेरिका और चीन के बीच यात्रा पर तुरंत प्रतिबंध लगा देना चाहिए। बता दें कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी चीन से अपील की है कि वह चीन के बच्चों में फैल रही इस नई रहस्यमयी बीमारी के बारे में और ज्यादा जानकारी साझा करे। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ये भी कहा कि चीन की

मांग

अमेरिका के पांच सांसदों ने तो चीन पर यात्रा प्रतिबंध लगाने की मांग कर दी है।

नई रहस्यमयी बीमारी उतने ज्यादा नहीं हैं, जितने कोरोना महामारी की शुरुआत में देखने को मिले थे। साथ ही अब कोई नया या असामान्य वायरस बैक्टीरिया भी संक्रमितों में नहीं पाया गया है।

ताइवान ने जारी की एडवाइजरी

वहीं ताइवान की सरकार ने गुरुवार को बुजुर्गों और बच्चों को, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हैं, उन्हें चीन की यात्रा से बचने की सलाह जारी की है।

ताइवान की सरकार ने कहा है कि अगर यात्रा करना जरूरी है तो पहले फ्लू और कोरोना वैक्सीन लगवाकर ही चीन की यात्रा करें। बता दें कि हाल ही में मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि चीन जो कि अभी भी कोरोना महामारी से उबर रहा है, वहां एक और रहस्यमयी बीमारी से बड़ी संख्या में बच्चे बीमार हो रहे हैं। चीन के बीजिंग और लिओनिंग प्रांत में बड़ी संख्या में बच्चे इस रहस्यमयी न्युमोनिया से प्रभावित हुए। इसके चलते चीन में कई जगहों पर स्कूल बंद कर दिए गए थे। इस बीमारी में बच्चे बुखार और फेफड़ों में संक्रमण की समस्या हो रही है। हालांकि बीमारी में बच्चों को खांसी के कोई लक्षण नहीं हैं।

अमेरिका में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारी ने इस्राइली दूतावास के बाहर खुद को लगाई आग

वॉशिंगटन। अटलांटा पुलिस प्रमुख ने इस घटना को राजनीतिक प्रदर्शन का कट्टर रूप बताया उन्होंने कहा कि घटना के बाद इस्राइली वाणिज्य दूतावास की इमारत सही सलामत है और हमें यहां कोई खतरा नहीं दिख रहा। अमेरिका के अटलांटा में एक फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारी महिला ने खुद को आग लगा ली। बताया गया है कि महिला ने यह कदम इस्राइली वाणिज्य दूतावास के बाहर उठाया। हालांकि, मौके पर सुरक्षाकर्मियों की तरफ से आग बुझाने की कोशिश की गई। फिलहाल प्रदर्शनकारी की हालत गंभीर है। इस घटना में दूतावास के बाहर खड़ा गार्ड भी बुरी तरह जल गया। अटलांटा पुलिस प्रमुख ने इस घटना को राजनीतिक प्रदर्शन का कट्टर रूप बताया उन्होंने कहा कि घटना के बाद इस्राइली वाणिज्य दूतावास की इमारत सही सलामत है और हमें यहां कोई खतरा नहीं दिख रहा।

पृथ्वी के तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री तक सीमित रखने के लिए कार्बन कटौती पर जोर

घोषणा

यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद ने वैश्विक जलवायु समाधान के लिए 30 अरब डॉलर के जलवायु कोष की स्थापना की घोषणा की।

दुबई। पृथ्वी के तापमान में हो रही वृद्धि पर रोकथाम के लिए कॉप-28 की अध्यक्षता कर रहे यूएई और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा आयोग (आईईए) ने शुक्रवार को कार्बन उत्सर्जन घटाने पर जोर दिया। कहा, सुसंगत ऊर्जा प्रणाली के जरिए इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। ये पहल संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत आयोजित उच्च-स्तरीय वार्ता शृंखला के सारांश का हिस्सा हैं। कॉप-28 के अध्यक्ष सुल्तान अल जाबेर और आईईए के कार्यकारी



निदेशक फतीह बिरोल की सह-अध्यक्षता में आयोजित वार्ता में ऊर्जा प्रणाली के रूपांतरण (ट्रांजिशन ऑफ एनर्जी) में तेजी लाने और 1.5 डिग्री सेल्सियस के लक्ष्य को बनाए रखने का आह्वान किया गया।

40 से अधिक देशों और 20 संगठनों के मंत्रियों, नीति निर्माताओं और सीईओ ने सम्मेलन में भाग लिया। इसमें नवीकरणीय ऊर्जा, जीवाश्म ईंधन की मांग और आपूर्ति और कार्बन उत्सर्जन में कटौती सहित ऊर्जा प्रणाली के रूपांतरण से जुड़े अन्य प्रमुख तत्वों पर चर्चा की गई है। वार्ता में भाग लेने वाले मोटे तौर पर 2030 तक वैश्विक स्तर पर स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को 3 गुना बढ़ाकर 11,000 गीगावॉट करने और उसी समय सीमा में 'वार्षिक ऊर्जा दक्षता सुधार' को दोगुना करने के लक्ष्य पर सहमत हुए हैं।

यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद ने वैश्विक जलवायु समाधान के लिए 30 अरब डॉलर के जलवायु कोष की स्थापना की घोषणा की। उन्होंने कहा, यह फंड जलवायु वित्त अंतर को पाटने के लिए बनाया गया है। वहीं, इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी ने कहा कि इटली गरीब देशों को जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले नुकसान और क्षति से निपटने में मदद के लिए 10 करोड़ यूरो देगा।

कॉप-28 के दौरान जलवायु वित्त में परिवर्तन सत्र में पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक कार्बन बजट में सभी गरीब और विकासशील देशों को उचित हिस्सेदारी देनी होगी। हमें जलवायु वित्त, प्रौद्योगिकी, हानि और क्षति इन सब विषयों पर अधिक संतुलन बनाकर आगे बढ़ने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा, भारत नए सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य पर ठोस और वास्तविक प्रगति की उम्मीद करता है।

शिखर सम्मेलन से पहले ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने कहा कि जलवायु कार्रवाई की दिशा में भारत का नेतृत्व बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि भारत पेरिस समझौते डाटा में अपने वादों को तेजी से पूरा कर रहा है।

ट्रंप की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, यूएस कैपिटल हिंसा मामले में हो सकती है कार्रवाई

वॉशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। पहले से ही कई मुकदमों का सामना कर रहे डोनाल्ड ट्रंप पर अब 6 जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद यूएस कैपिटल में हिंसा मामले में भी कार्रवाई हो सकती है। दरअसल शुक्रवार को अमेरिका की संघीय अपीलीय अदालत ने यूएस कैपिटल हिंसा मामले में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकदमा आगे बढ़ाने का आदेश दिया है। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने यूएस कैपिटल हिंसा मामले में अपील की थी कि उनके खिलाफ दर्ज मामले को खारिज कर दिया जाए। हालांकि अब कोर्ट ने ट्रंप को झटका देते हुए मुकदमे की कार्रवाई आगे बढ़ाने का आदेश दिया है। ट्रंप ने अपनी अपील में कहा था कि हिंसा के वक्त वह राष्ट्रपति पद पर थे और राष्ट्रपति होने के नाते उन्हें विपक्षी पार्टी और पुलिस अधिकारियों द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमें से इम्युनिटी दी जानी चाहिए। हालांकि तीन जजों के पैनल ने कहा है कि ट्रंप 2024 का चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन कानूनी

कार्यवाही भी साथ चलती रहेगी। बता दें कि साल 2020 में अमेरिका में हुए राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हार हुई थी। इसके बाद ट्रंप समर्थकों ने यूएस कैपिटल हिल का घेराव कर लिया था। इस दौरान ट्रंप समर्थकों ने अमेरिकी संसद में तोड़फोड़ और आगजनी की। 6 जनवरी 2021 को हुई इस हिंसा में एक पुलिस अफसर समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी। ट्रंप पर अपने समर्थकों को भड़काने का आरोप लगा था। कैपिटल हिल हिंसा मामले में कई लोगों को दोषी भी ठहराया जा चुका है। इस मामले की जांच कर रही कमेटी ने ट्रंप पर हार के फैसले को पलटने, विद्रोह भड़काने, आधिकारिक कार्रवाई में बाधा डालने, साजिश रचने और देश को धोखा देने जैसे आरोप लगाए थे।

दैवीय आपदा में एक दूसरे की मदद करना ही स्काउट का कर्तव्य स्काउट कमिश्नर

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज में शनिवार को पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर के समापन में जिला स्काउट गाइड कमिश्नर पूर्व प्रधानाचार्य रणजीत सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड प्रतिभागियों को दैवीय आपदा से निपटने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। स्काउट गाइड प्रतिभागियों को दैवीय आपदा से निपटने के लिए ट्रेनिंग दी गई। स्काउट गाइड को टोली विधि, प्रार्थना, झंडागीत, प्रतिज्ञा नियम सिद्धांत, सेल्यूट इतिहास की जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर अब्दुल कादिर खान ने अपने स्वागतीय संबोधन में स्काउट गाइड को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हुए बताया कि यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कठिनाई हो तो उसकी तन मन धन से मदद करें।किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर पूरी तरह से तत्पर रहकर कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मलेशिया की में बैंकके वाइस प्रेसिडेंट अब्दुल्ला ने स्काउट गाइड शिविर के बच्चों को संबोधित किया के बिना लालच बिना दिखावे के समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ लेखपाल सदर कृष्णानंद पांडे,विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अमृतलाल, एडवोकेट नसीमुद्दीन उपस्थित रहे साथ साथ स्काउट डी0ओ0सी0 राकेश मिश्रा एवं ट्रेनिंग काउंसलर अजय चौहान और ट्रेनर नितेश प्रजापति, श्री निसार अहमद, श्री अंबुज सिंह, खुशबू मौर्य, अपशा तरन्नुम ने स्काउट गाइड को पूर्ण रूप से प्रशिक्षित किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर खान ने स्काउट गाइड को अनुशासन एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और लगन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहना चाहिए जिससे भविष्य उज्जवल हो। कार्यक्रम का संचालन स्काउट अध्यापक श्री धर्मेंद्र कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक मोहम्मद जैस खान, अनवर इकबाल अल्वी, सुशील कुमार सिंह, डॉक्टर शाहिद अलीम, अनुपम सिंह, शहजाद आलम, सुफियान अहमद, मोहम्मद अली, मसरूर अहमद, सलमान अहमद, मोहम्मद आजम, शादात मोहम्मद रुशदी, मोहम्मद जैद आदि उपस्थित रहे।

ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता सम्पन्न

मुबारकपुर,आजमगढ़। मुबारकपुर ,मोहम्मदाबाद मुख्य मार्ग पर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमिलो के परिसर मे शुक्रवार को सायं चार बजे ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का का समापन को आपरेटिव बैंक चेयरमैन लक्ष्मण मौर्या ने किया। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन युवा कल्याण प्रादेशिक विकास दल आजमगढ़ की ओर से किया गया था। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को सौ मीटर की दौड़ में मोहम्मद राशिद ने प्रथम स्थान पर रहा ।कबड्डी सठियांव और इब्राहीमपुर के बीच हुई जिसमें इब्राहीमपुर की टीम ने सठियांव को हरा कर प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रही। 45किलो भार मे कुश्ती में बालक राजन तो वहीं50किलो भार में बालिका सुगन्धा यादव विजयी रही। खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

दोहरे हत्याकांड में पीड़ित परिवार को मिले सरकारी नौकरीः कांग्रेस

- न्याय में तेज़ी के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला चलाया जाए
- प्रतिनिधिमंडल ने घटना स्थल का दौरा कर पीड़ित परिजनों से मिला

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (खेतासराय) नगर में दुस्साहस तरीक़े से दो भाइयों की हत्या किए जाने पर राजनीतिक पार्टियों का आने का क्रम जारी है। शनिवार को कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में शामिल वरिष्ठ नेता विकेश उपाध्याय, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सन्दीप सोनकर, गौरव सिंह, जिला उपाध्यक्ष आदिल व अबसार कुरैशी ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर ढाढस बंधाते हुए आर्थिक सहायता दी। घटना स्थल का भी दौरा कर प्रदेश सरकार पर भी सवाल उठाए। यहां पहुँचा प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित के पिता फूलचंद्र और माँ मनभावती से मिलकर उनके आँसू पोछे। क़रीब आधे घण्टे रुकने के बाद मीडिया से खुलकर सरकार पर निशाना साधा।नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेता विकेश उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार सिर्फ़ अपराध पर ज़ीरो टारलेंस की बात कहकर जनता को गुमराह कर रही है। अपराधी सरेआम सड़क पर हत्या कर दे रहे है। पुलिस भी मुठभेड़ में गिरफ्तारी दिखाकर झूठी वाहवाही लेने में व्यस्त है। बेगुनाहों का खून का कोई मतलब नही रह गया। उपाध्याय ने पुलिस पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि पुलिस पहले दिन सक्रियता दिखाती तो दोनों बच्चें की जान बच जाती। घटना स्थल से पुलिस बूथ की दूरी चंद कदम पर है। उन्होंने कहा कि पाँच दिन बाद भी सरकार कोई ठोस राहत नही पहुँचा सकी। यदि सरकार चाहे तो पीड़ित परिवार को नौकरी मिल सकती है। लेकिन बीजेपी सरकार मामले में चुप्पी साधे हुए है। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि न्याय में तेज़ी लाने के लिए मामले की सुनवाई फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट में होनी चाहिए। स्वजनों को पचास लाख रुपये की मदद सरकार अविलंब मुहैया कराए।

नाम मतदाता सूची में पंजीकरण कराने हेतु जागरुकता

अवधनामा संवाददाता

- दिव्यांगजनो को वोटर बनाने के लिए निकली मतदाता जागरूकता रैली

जौनपुर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा जी के नेतृत्व में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत 18 वर्ष से ऊपर के सभी दिव्यांगजनों का मतदाता सूची में पंजीकरण कराने के लिए स्थान रचना विशेष विधालय से दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में अधिकांश दिव्यांग लोग मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखे बैनर, तख्ती लिए चल रहे हैं। कुछ लोग ट्राईसाईकिल से भी चल रहे थे और लोगों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित कर रहे थे। रैली गुरुद्वारा, रासमण्डल, चौक शाही किला, अटाला मस्जिद, राजा बाज़ार होतें हुए पुनः रचना विशेष विधालय में पहुंचकर समपन्न हुई। इस अवसर पर स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि दिव्यांगजन को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए और 18 वर्ष से ऊपर के सभी दिव्यांगजनों का नाम मतदाता सूची में पंजीकरण कराने के लिए जागरुक किया जा रहा है। अभिभावक सभी पात्र दिव्यांगजनों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें। ताकि कोई भी पात्र दिव्यांग वोटर बनने से वंचित न रह पाये। 9 दिसम्बर तक मतदाता बनने का कार्यक्रम चलेगा। तथा रविवार 3 दिसम्बर को सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ बैठकर दावे व आपत्ति प्राप्त करेगी।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय का नैक मूल्यांकन 3 से 5 दिसंबर

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का नैक मूल्यांकन 3 से 5 दिसंबर तक होगा. विश्वविद्यालय ने नैक मूल्यांकन की तैयारियां पूरी कर ली है. विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने नैक की तैयारियों की समीक्षा की।विश्वविद्यालय में नैक मूल्यांकन के लिए टीम 3 दिसंबर को सुबह पहुंचेगी. सबसे पहले कुलपति कांफ्रेंसिंग रूम में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह की प्रस्तुति होगी. नैक मूल्यांकन टीम पहले दिन बोर्ड ऑफ़ स्टडीज के अध्यक्ष एवं संकायाध्यक्षों के साथ बैठक करेगी. इसके साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों का निरीक्षण करेगी। पहले दिन विश्वविद्यालय के शोध केंद्र, कंप्यूटर सेंटर और इन्क्यूबेशन सेंटर का अवलोकन करेगी. आर्यभट्ट सभागार में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र, सहायक कुलसचिव दीपक कुमार समेत अन्य अधिकारी विश्वविद्यालय के विभागों का स्थलीय निरीक्षण किया।

सरकारी स्कूल के पुरातन छात्र ने स्कूल के लिए खोला खजाना

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। प्राथमिक विद्यालय कादीपुर जगतगंज, विकासक्षेत्र सिरकोनी के पुरातन छात्र और वर्तमान में अमेरिका में चिकित्सक के रूप में सेवा दे रहे कुद्दूपुर निवासी डॉ. कृष्णराज सिंह ने आज अपने प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने वाले सरकारी स्कूल के बच्चो की जरूरतों को देखते हुए विद्यालय को 1200 स्क्वायर फीट का हाल बनाने हेतु विधि विधान के साथ भूमिपूजन किया। साथ ही साथ बच्चो को कक्षा में बैठने के लिए 80 सेट डेस्क बेंच तथा स्मार्ट क्लास के संचालन हेतु टेलीविजन और इनवर्टर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार पांडेय को हैंडओवर किया। इस अवसर पर पुरातन छात्र एवम समाजसेवी डॉक्टर कृष्णराज सिंह के सम्मान में विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. कृष्णराज सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रांगण में आते ही हमारी बचपन की यादें ताजा हो गई और मेरी सफलता में मेरे प्राथमिक शिक्षा की अहम भूमिका रही है इसलिए इस विद्यालय के उन्नयन के लिए जो भी आवश्यकता होगी, वो मैं पूरा करूंगा, ये तो सिर्फ शुरुआत भर है। कार्यक्रम की शुरुआत डा. कृष्णराज सिंह के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ। स्वागत भाषण विकासक्षेत्र सिरकोनी के खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से डॉ. घनश्याम सिंह, प्रह्लाद सिंह, तारा सिंह, जया सिंह, राकेश कुमार पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, रामकृष्ण विश्वकर्मा, शिल्पी तिवारी, आकांक्षा सिंह, श्वेता पांडेय, सुनील सिंह, ममता प्रजापति, अनुराधा सिंह, ज्ञानवती, अनामिका सिंह, प्राणवेंद्र दुबे, अमित सिंह सहित ग्रामसभा के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला एवम संचालन डा. अखिलेश सिंह ने किया।

संक्षिप्त समाचार

रोजगार मेले में 460 अभ्यर्थियों का चयन

प्रयागराज। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज परिसर में 30 नवंबर, 01 एवं 02 दिसंबर तक तीन दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 460 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 800 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक निदेशक, सेवायोजन रत्नाकर अस्थाना द्वारा की गयी एवं अपने उद्बोधन में सहायक निदेशक, सेवायोजन द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को सफल होने तथा जो अभ्यर्थी सफल नहीं हो पाये उन्हें आगामी 06 दिसंबर को राजा कमलाकर डिग्री कालेज, शंकरगढ़, प्रयागराज में आयोजित रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु कहा गया। इस कार्यक्रम में कार्यालय के जिला सेवायोजन अधिकारी चन्द्रकान्त सिंह, मेला अधिकारी प्रशांत, गुलाब चन्द्र मौर्य तथा मेला प्रभारी मारूफ अहमद व कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। मेले में कैरियर काउंसलिग का कार्य विश्वमोहन द्विवेदी, अनु0 द्वारा किया गया।

हर बीमारी का उपचार जैविक फसल- डॉ चतुर्वेदी

प्रयागराज। सी. एम. पी. कॉलेज के जन्तु विज्ञान विभाग में चल रहे वर्मीकम्पोस एवं वर्मीकम्पोस्टिंग नामक शार्ट कोर्स के अन्तर्गत आज डा.रजनीश चतुर्वेदी, एसोसिएट्स प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग, हंडिया पी जी कॉलेज, हंडिया, प्रयागराज ने अपना वक्तव्य रखा। उन्होंने बताया की जैविक खाद किस तरह से अपने जीवन को बदल सकते है तथा विभिन्न सरकारी योजनाओ के बारे में छात्रों को अवगत कराया। इसके साथ ही सभी छात्रों को जैविक खाद बनाने की राय दी तथा इसके अंगिनत फायदे बताये। वर्मीकंपोस्ट से हम स्वरोजगार उत्पन्न कर सकते है। वर्मीकंपोस्ट, वेर्मीवाश, केचुओ के विक्रय की भी जानकारी दी। इस कार्यक्रम में सभी का स्वागत डा. हेमलता पन्त एवम् कार्यक्रम की जानकारी डॉ ज्योति वर्मा ने दिया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन सुयश ने किया। कार्यक्रम में अनुष्का, प्रिंस, राम, अनामिका, आभा, शिवांगी, श्रेया सहित 30 प्रतिभागियों की उपस्थिति रहे।

विकास और सृजल ने स्टेडियम ब्वॉयज को जिताया

प्रयागराज। विकास कोहली की अचूक गेंदबाजी (4-1-07-4) और सृजल प्रकाश के बहुमुखी खेल (27 रन एवं 3 विकेट) की बदौलत स्टेडियम ब्वॉयज ने भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब को 27 रन से हराकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक/ बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। चक हरिहरवन झूसी मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में टॉस जीतकर स्टेडियम ब्वॉयज ने 20 ओवर में 76 रन (सृजल प्रकाश 27, दिव्यांश यादव 2/04, अमन भारतीय 2/09) बनाये। जवाब में भानु प्रताप सिंह क्लब की टीम 12 ओवर में 49 रन (कोई बल्लेबाज दो अंक में नहीं, विकास कोहली 4/07, सृजल प्रकाश 3/15) पर सिमट गई। मैच में रामचंद्र यादव व श्याम यादव ने अंपायरिंग और खुर्शीद अहमद राईन ने स्कोरिंग की।

प्रदेशीय स्कूली क्रिकेट में चयनकर्ता बने हसबीन

प्रयागराज। 67वीं प्रदेशीय विद्यालयीय वीनू मांकड (अंडर-17) एवं सीके नायडू (अंडर-19) विद्यालयीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए पं हनुमत दत्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के क्रीड़ाध्यक्ष एवं शहर के पूर्व क्रिकेटर हसबीन अहमद को चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। प्रतियोगिता 4 से 8 दिसंबर तक प्रयागराज में आयोजित की जायेगी। 1988-89 में इविवि के क्रिकेट कलर अवार्ड से सम्मानित हसबीन ने 1999-2000 में राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) पटियाला से क्रिकेट कोचिंग में डिप्लोमा लिया है। हसबीन पिछले 17 वर्षों से प्रदेशीय विद्यालयीय क्रिकेट प्रतियोगिता में कोच एवं चयनकर्ता की जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। हसबीन को यह सूचना डॉ. भीमराव अंबेडकर राज्य क्रीड़ा संस्थान अयोध्या के प्रधानाचार्य ने ईमेल के जरिए दी।

डीएम ने बूथों का निरीक्षण कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर(शाहगंज)। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज झा ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय शाहगंज (भादी) में बने बूथ संख्या 204, 205, 206, 207, 208 का निरीक्षण किया। इस दौरान बूथ संख्या 207 में फार्म कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बीएलओ और सुपरवाइजर को नये फॉर्म बढ़ाने के निर्देश दिया। सर सैयद अहमद इंटर कॉलेज सबरहद में बने बूथ संख्या 233, 234, 235, 236 का निरीक्षण करते हुये बूथ संख्या 236 एवं 234 में सर्व कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी बीएलओ से कहा कि अधिक से अधिक संख्या में महिला मतदाता एवं 18-19 वर्ष से ऊपर के युवाओं/ युवतियों मतदाताओं का नाम सूची में शामिल करने का कार्य करें। सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि सर्वे सूची की समीक्षा करें और जिनका फॉर्म नहीं आया है, फार्म प्राप्त कर उसे अपलोड करायें। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय शाहगंज (भादी) में कक्षा 7 के बच्चों से विज्ञान के प्रश्न पूछे और अध्यापकों को निर्देशित किया कि बच्चों को अधिक से अधिक अभ्यास कराया जाय। साथ ही सर सैयद अहमद इंटर कॉलेज सबरहद में उन्होंने बच्चों के उपस्थिति रजिस्टर अध्यापकों की उपस्थिति रजिस्टर मिड डे मील सहित आने की जानकारी लिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी शाहगंज सहित अन्य सभी बीएलओ उपस्थित रहे।

शराब की दुकानों पर एसडीएम सगड़ी ने की छापेमारी

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के जीयनपुर व मालटारी में स्थित देसी व विदेशी मदिरा की दुकानों पर जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम सगड़ी अतुल गुप्ता ने की छापेमारी जांच में नहीं मिली बाहरी शराब दुकान के बाहर साफ सफाई के दिये दिशा निर्देश। जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम 4 बजे जिलाधिकारी के निर्देश पर सगड़ी एसडीएम अतुल गुप्ता ने जीयनपुर व मालटारी बाजार में स्थित देशी व विदेशी मदिरा की आधा दर्जन दुकानों पर पहुंचकर छापेमारी की किंतु किसी भी दुकान में बाहरी शराब नहीं पाई गई दुकान के स्टॉक रजिस्टर व शराब की शीशी की गहनता से अनुपम सिंह ने जांच की वहीं इस दौरान उपजिलाधिकारी सगड़ी अतुल गुप्ता ने दुकान संचालक को फटकार लगाई और दुकान के आसपास साफ-सफाई,सीसी कैमरा व उचित मूल्य बेचने के लिए निर्देशित किया वहीं बेची जा रही। शराब की शीशी को लेकर निरीक्षण किया।

योगी सरकार द्वारा प्रयागराज में लागू की गई कमिश्नरेट प्रणाली का एक साल पूरा

कानून व्यवस्था कायम करने में दर्ज हुई कामयाबी, एक साल में 349 अपराधियों पर हुई कार्यवाही

- 12 महीने में 12 एनकाउंटर, माफिया की अरबों की संपत्ति पर चोट

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश भर में कानून व्यवस्था के अपने मॉडल को लेकर एक नज़ीर पेश की है। इस मॉडल को लागू करने के लिए योगी सरकार ने सूबे के जिन जिलों में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू की है उसमे प्रयागराज भी शामिल है। इस प्रणाली के लागू होने के अपने एक साल पूरा होने पर इसके बेहतर नतीजे सामने आए हैं।

प्रयागराज में 26 नवंबर 2022 को पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू की गई थी। इस प्रणाली में पुलिसिंग के साथ साथ तकनीकी के इस्तेमाल से संगठित अपराध को रोकने में अहम मदद मिली है। इसके अंतर्गत उठाए गए कदमों से पुलिस स्टेशन से लेकर पुलिस कार्यालय तक की कार्य प्रणाली के साथ ही पुलिस की कार्य संस्कृति में भी महत्वपूर्ण बदलाव आया है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा बताते हैं कि माफिया राज, संगठित अपराध और अपराधियों पर प्रभावी कानूनी कार्यवाही करने में इस प्रणाली ने अहम योगदान दिया है। इसका सबसे महत्वपूर्ण असर माफिया अतीक अहमद और उसके गैंग आईएस -227 के खिलाफ कार्रवाई के रूप में देखा जा सकता है। इस प्रणाली से माफिया के 44 सहयोगी जेल भेजे गए हैं जबकि 116 के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। पुलिस कमिश्नर ने यह भी बताया है कि 1 साल में इस प्रणाली से 12 पुलिस एनकाउंटर हुए हैं जिसमें दो अपराधियों की मौत हुई है जबकि 10 अपराधी गोली लगने से जख्मी हुए हैं। इसके अलावा माफियाओं और उनके करीबियों को आर्थिक चोट भी पहुंचाई गई है। पुलिस अधिकारियों की संख्या बढ़ने से गंभीर अपराधों की मॉनिटरिंग तेज हुई है और आम जनता की समस्याओं के निराकरण में भी गुणवत्ता आई है। इसके अलावा सरकार की सेफ सिटी योजना के तहत महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान देते हुए पूरे जिले में 60,576 सीसीटीवी लगाए गए हैं। इन कैमरा की मदद से लूट, चोरी, छिनैती, छेड़खानी व दूसरे अपराध करने वालों पर कड़ा शिकंजा कसा गया है।

पहली बार मॉनिटरिंग सेल का हुआ गठन, एक साल 349 अपराधियों को दिलाई गई सजा

प्रयागराज। कमिश्नरेट गठित होने के बाद माफिया राज पर चोट के साथ ही जनपदीय पुलिस ने रोजाना औसतन एक अपराधी को सजा दिलाई। शासकीय अधिवक्ता अपराध गुलाब चंद्र अग्रहरी बताते हैं कि पिछले 12 महीनों की अवधि में कुल 349 अपराधियों की दोषसिद्धि की कार्यवाही कराई गई है। इसमें इस साल जुलाई से अब तक 171, जबकि शेष 178 अपराधियों को पिछले साल दिसंबर से मौजूदा साल के जून तक दोषसिद्ध कराया गया था। इसी के अंतर्गत एक बड़ी उपलब्धि माफिया अतीक के खिलाफ मजबूत पैरवी करते हुए पहली बार उसे किसी मुकदमे में सजा दिलाना शामिल है। अतीक अहमद के वकील और उमेश पाल हत्याकांड के सह आरोपी शौलत हनीफ व दिनेश पासी को भी आजीवन कारावास का दंड इसी पैरवी का नतीजा था। इसके पूर्व की सरकारों में लंबित केसों में प्रभावी पैरवी के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी लेकिन योगी सरकार ने पहली बार लंबित केसों की प्रभावी पैरवी के लिए अलग से मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया। प्रभावी अभियोजन का ही परिणाम है कि पिछले एक साल में 349 अभियुक्तों को सजा दिलाई गई। कमिश्नरेट के गठन के बाद पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के निर्देश पर जनपद में अभियोजन को और मजबूत व प्रभावी बनाने के लिए मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया। इस सेल को न्यायालय में गंभीर अपराध के लंबित मामलों को चिह्नित करने व उनमें प्रभावी पैरवी करने का काम सौंपा गया। इनमें विशेष रूप से हत्या, लूट, दुष्कर्म के अलावा महिला अपराध संबंधी व पॉक्सो के मुकदमों को रखा गया।

इस सेल के गठन के बाद यह सुनिश्चित किया कि मुकदमों से संबंधी ट्रायल तेजी से हो। साथ ही वैज्ञानिक साक्ष्य के साथ कोर्ट में गवाहों को पेश किया गया।

बमबाज गुड्डू मुस्लिम और शूटर साबिर का मकान कुर्क

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी और फरार चल रहे पांच लाख रुपये के इनामी बमबाज गुड्डू मुस्लिम और शूटर साबिर का मकान शनिवार को कुर्क कर दिया। पुलिस ने मुनादी कराकर गुड्डू मुस्लिम का चकिया के चकनिरातुल स्थित मकान और पुरामुफ्ती इलाके के बमरौली में मरियाडीह गांव स्थित मकान को कुर्क कर दिया। दोनों आरोपियों के ऊपर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम है। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही दोनों फरार चल रहे हैं। कोर्ट ने कुर्की के लिए आदेश जारी किया था। जिसके अनुपालन में शनिवार को पुलिस ने यह कार्रवाई की। उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी गुड्डू मुस्लिम का मकान शहर के दो स्थानों चकिया के चकनिरातुल और शिवकुटी इलाके के लाला की सराय में है। उमेश पाल की हत्या के बाद से ही दोनों घरों में ताला बंद है। पुलिस दोनों मकानों पर कुर्की की नोटिस चस्पा कर चुकी है। आठ अगस्त को दोनों के घरों पर नोटिस चस्पा किया गया था। उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी और पांच लाख के इनामी गुड्डू मुस्लिम की चकिया तिराहे पर स्थित चिकन और मटन की दुकान बिना किसी अनुमति के खोल ली थी। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने इस दुकान को सील करने के बाद इस पर ध्वस्तीकरण का नोटस चस्पा कर दिया था। बावजूद इसके दुकान को खोल लिया गया था। दो दिन तक दुकान पर मटन और चिकन की बिक्री भी धड़ल्ले से की गई। बाद में पता चलने पर आनन फानन दुकान को बंद कराकर फिर नोटिस चस्पा किया गया था।

पूर्वांचल जनमोर्चा नेस्थापना दिवस पर19 सूत्रीय का घोषणा पत्र जारी

आजमगढ़। सामाजिक संगठन पूर्वांचल जनमोर्चा का छठवाँ स्थापना दिवस आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित रिक्शा स्टैंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । संगठन ने आज 19 सूत्रीय एक घोषणा पत्र जारी कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष करने और गरीबों को न्याय दिलाने के साथ ही आज अनेक संकल्प लिया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवमोहन शिल्पकार ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों और भ्रष्टाचार देश के लिए नासूर हो गए हैं इसलिए हमें यह संकल्प लेना पड़ा है। हम सरकार से कमीशन खोरी, घूसखोरी को देशद्रोह घोषित करने की मांग कर रहे हैं।

सम्पूर्ण समाधान दिवसः 04 मामलों का निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

सगड़ी,आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की अध्यक्षता में आज तहसील सगड़ी के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने महत्वपूर्ण प्रकरणों में भूमि संबंधी विवादों हेतु राजस्व एवं पुलिस की टीम गठित करते हुए तहसील दिवस समाप्त होने के उपरान्त निराकरण कराये जाने के निर्देश दिये।इस अवसर पर कुल 175 मामले आये, जिसमे से 04 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 171 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 144, पुलिस के 19, विकास के 06 एवं अन्य के 06 मामले शामिल है। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक नही जाना पड़ेगा। इसलिए अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भिक स्तर पर ही जन समस्याओं का वास्तविक निस्तारण कर दें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री परीक्षित खटाना, जिला विकास अधिकारी श्री संजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सगड़ी, तहसीलदार सगड़ी, डीएफओ सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

टाटा मोटर्स ने अपने प्राइमा वीएक्स टिपर ट्रक की डिलीवरी शुरू की

डिलीवरी

तकनीकी रूप से बेहद उन्नत और खूबियों से भरपूर पहले प्राइमा 2830. टीके वीएक्स ट्रक की डिलीवरी अरायाही इंफ्रा को दी गई

मुंबई। भारत में व्यावसायिक वाहनों के सबसे बड़े निर्माता टाटा मोटर्स ने अपने अत्याधुनिक टाटा प्राइमा वीएक्स टिपर ट्रक की डिलीवरी शुरू कर दी है। इस ट्रक में सबसे बेहतरीन सुरक्षा खूबियां दी गई हैं। ये टिपर ट्रक उच्च उत्पादकता के लिहाज से डिजाइन किए गए हैं। ड्राइवर और वाहन की सुरक्षा के लिए यह बेहतरीन सुविधाओं और फीचर्स के साथ मिलते हैं। अब प्राइमा रेंज की गाड़ियां ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए एलएक्स और वीएक्स ट्रिम्स में उपलब्ध हैं।

प्राइमा वीएक्स टिपर ट्रक आधुनिक खूबियों से भरपूर है। यह ड्राइवर मॉनिटिरिंग सिस्टम, ऑटोमैटिक ट्रैक्शन कंट्रोल, हिलस्टार्ट असिस्ट, मल्टीमोड एफई(फ्यूल एफिशिएंसी) स्विच, कैमरा बेस्ड पार्क असिस्ट सिस्टम, इनबिल्ट टच स्क्रीन इनफोटेनमेंट सिस्टम, फ्यूल मॉनिटरिंग सिस्टम, सुविधा के लिहाज से एडजस्ट की जा सकने वाली ड्राइवर सीट, एचवीएसी यूनिट, इंजन ब्रेक और टीएचयू एक्सेल से लैस है। यह स्टैंडर्ड ट्रक 4 जी कनेक्टिविटी और फर्मवेयर ओवर द एयर (एफओटीए) की क्षमता से लैस है। ट्रकों का आदर्श ढंग से प्रबंधन करने के लिए टाटा मोटर्स ने नेक्स्ट जेनरेशन का डिजिटल सोल्यूशन, फ्लीट ऐज पेश किया है, जिसस ट्रकों के संचालन का समय बढ़ता है और स्वामित्व की कुल लागत में कमी आती है। यह प्लेटफॉर्म कारोबारी परिचालन को बेहतर बनाएगा। इसके द्वारा पूरी ट्रिप के प्रबंधन का ध्यान रखा जाएगा, साथ ही खर्च की निगरानी और मेंटेनेंस का शेड्यूल भी तय किया जाएगा। ड्राइवरों, ट्रकों के मालिकों और उपभोक्ताओं से उनकी जरूरतों के बारे में फीडबैक लेकर यह ट्रक बनाया गया है। टाटा प्राइमा ने दुनिया भर में ट्रिप को आदर्श समय में पूरा करने, ईंधन बचाने की क्षमता और चुनौतीपूर्ण हालात में अपने स्थायित्व को साबित किया है। टाटा मोटर्स ने अपने पहले टाटा प्राइमा 2830. टीके वीएक्स की चाबियां अरायाही इंफ्रा के श्री नितिन चक्रवर्ती सज्जा को सौंपी।

टाटा मोटर्स में वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड- ट्रक्स राजेश कौल ने इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए कहा, हम प्राइमा वीएक्स वैरिएंट को लॉन्च करके काफी उत्साहित हैं, जिसने सुरक्षा, उत्पादकता और ड्राइवरों की सुरक्षा के लिहाज से इंडस्ट्री में नए मानक स्थापित किये हैं। अपने उपभोक्ताओं की जरूरतों को समझते हुए, प्राइमा वीएक्स उद्योग में पहली बार ऐसी खूबियों की पेशकश कर रहे हैं जोकि ग्राहकों को पूरा मानसिक सुकून देती हैं। अपने लगातार प्रयासों से हमने ट्रक ड्राइवरों की अलग-अलग जरूरतों को ध्यान में रखकर बेहद उन्नत ट्रक बनाए हैं। हमें पक्का भरोसा है कि हमारे उपभोक्ताओं को इन ट्रकों के संचालन में सुरक्षा, उत्पादकता में बढ़ोतरी और शानदार परफॉर्मेंस का अनुभव होगा। मैं भारत के पहले प्राइमा वीएक्स ट्रक के निर्माण में सहयोग के लिए अरायाही इंफ्रा को दिल से धन्यवाद देता हूं, जिसने भारत में ट्रक ड्राइविंग को सुरक्षित और स्मार्ट बना दिया है।

टाटा मोटर्स ट्रकिंग इंडस्ट्री में हर जरूरत को पूरा करने के लिए तरह-तरह के ट्रकों की पेशकश करती है। कंपनी केवल बीएस 6 मानकों के पालन से काफी आगे निकल गई है। कंपनी ने ज्यादा फीचर्स, प्रभावी पावर ट्रेन और शानदार सुविधाओं के लिए 'बंपर टु बंपर' में व्हीकल्स को अपग्रेड किया है। इस सर्वश्रेष्ठ वाहन को खरीद कर फ्लीट ओनर्स ईंधन की बेहतर ढंग से बचत कर सकते हैं, परिचालन लागत को कम कर सकते हैं, वाहनों के संचालन समय को बढ़ा सकते हैं, वाहनों पर वास्तविक समय में निगरानी की जा सकती है। इसके साथ ही वह बेड़े का प्रभावी ढंग से संचालन करन के लिए आंकड़ों का विश्लेषण कर सकते हैं।

टाटा मोटर्स बेहतरीन क्वॉलिटी के प्रॉडक्ट्स प्रदान करता है। कंपनी अपनी संपूर्णसेवा 2.0 पहल के जरिये बेहतरीन लाइफसाइकल मैनेजमेंट सेवाओं की पेशकश करती है जिनमें फ्लीट प्रबंधन सेवाएं, वार्षिक मेंटेनेंस अनुबंध और रोडसाइड असिस्टेंस जैसी सेवाएं शामिल हैं। टाटा मोटर्स क्वॉलिटी और सर्विस को लेकर समर्पित है और इसका 2500 से ज्यादा टच पाइंट्स का विस्तृत सर्विस नेटवर्क है, इनके पास प्रशिक्षित विशेषज्ञ हैं और टाटा के असली पार्ट्स से इन्हें सहयोग मिलता है।

अहमदाबाद के मारेंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने पश्चिम भारत में लिवर ट्रांसप्लांट के सर्वोत्तम केंद्र के रूप में बनाई है अपनी पहचान

लखनऊ। अहमदाबाद के मारेंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल को सबसे जटिल ऑर्गन ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने, तथा मरीज के उपचार में सर्वोत्तम नतीजों के साथ उन्हें नई ज़िंदगी देने के लिए जाना जाता है। इस देश के उन गिने-चुने अस्पतालों में से एक है, जहाँ हार्ट, लंग्स, लिवर, किडनी और बोन-मैरो जैसे कई तरह के ऑर्गन ट्रांसप्लांट की सुविधाएँ एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। बड़ी संख्या में मरीजों का लिवर ट्रांसप्लांट करने वाला मारेंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, आज पश्चिम भारत में इस उच्च-स्तरीय सर्जरी के लिए सबसे पसंदीदा केंद्र के रूप में उभर कर सामने आया है। अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट की टीम की कमान डॉ. पुनित सिंगला, क्लिनिकल डायरेक्टर, लिवर ट्रांसप्लांट एवं सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, मारेंगो एशिया हॉस्पिटल्स, संभाल रहे हैं।

शराब का सेवन वास्तव में सबसे बड़ा कारण है जिसकी वजह से ज्यादातर मरीजों को ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है, और इसी वजह से मरीज लिवर से संबंधित बीमारियों के अंतिम चरण में पहुंच जाते हैं। शराब का सेवन करना सेहत के लिए बेहद नुकसानदेह होने के साथ-साथ लिवर की क्षति का एक प्रमुख कारण है। लिवर हमारे शरीर का बेहद महत्वपूर्ण अंग है, जो शरीर से टॉक्सिक को निकालने, मेटाबॉलिज्म, और प्रोटीन के निर्माण जैसे कई तरह के काम करता है। लंबे समय तक शराब के सेवन से लिवर में कई तरह की समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें फैटी लिवर, अल्कोहलिक हेपेटाइटिस, लिवर सिरोसिस जैसे रोग शामिल हैं।

इस बारे में लिवर ट्रांसप्लांट एवं सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के क्लिनिकल डायरेक्टर, डॉ. पुनित सिंगला कहते हैं, शराब का अनियमित तौर पर सेवन करना, लिवर को गंभीर नुकसान होने और बीमारी के अंतिम चरण में पहुंचने की सबसे बड़ी वजह है। फैटी लिवर की बीमारी लिवर को होने वाले नुकसान का शुरुआती है, जिसमें लिवर की कोशिकाओं में फैट यानी वसा जमा होने लगता है। फैटी लिवर को ठीक किया जा सकता है, लेकिन लगातार शराब के सेवन की वजह से उस स्थिति गंभीर हो जाती है और इसे ठीक करना असंभव हो सकता है। इसके बाद मरीज के पास ट्रांसप्लांट के अलावा और कोई भी दूसरा विकल्प नहीं रह जाता है। अल्कोहलिक हेपेटाइटिस की वजह से भी ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ सकती है। अत्यधिक शराब के सेवन से होने वाली सूजन के चलते लिवर पूरी तरह खराब हो सकता है। मरीज को पीलिया, पेट दर्द और बुखार हो सकता है, जो लिवर फेल्योर की शुरुआत का संकेत हो सकता है।

तनिष्क के स्ट्रिंग इट कलेक्शन के साथ हर पल को बनाएं सुनहरा

नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े ज्वेलरी ब्रांड और टाटा समूह के एक सदस्य, तनिष्क ने प्रस्तुत किया है एक खूबसूरत, शानदार कलेक्शन स्ट्रिंग इट आधुनिक, आज के दौर के अनुरूप और वज़न में हल्के आभूषणों का यह कलेक्शन आपके नज़दीकी तनिष्क स्टोर में, https://www.tanishq.co.in/string-it पर और तनिष्क ऐप पर भी ख़रीदा जा सकता है। नेकलेस से लेकर, चेन के पेंडेंट तक, स्ट्रिंग इट में हर आभूषण आपके स्टाइल कोशंट को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

आधुनिक स्टाइल के नेकवेयर का यह विविधतापूर्ण कलेक्शन आज की लाइफस्टाइल के अनुरूप डिज़ाइन किया गया है। आधुनिक चेन, नेकलेस, नेकलेस-इयररिंग्स सेट्स और चेन के साथ पेंडेंट आदि सभी नेकवेयर इसमें शामिल हैं। चकाचौंध कर देने वाली चमक वाले हीरे, सोने और रोज़ गोल्ड से बनी, महिलाओं को पसंद आने वाली कई स्टाइल्स को इसमें शामिल किया गया है। इसमें हर डिज़ाइन को स्टाइलिश और आरामदेह बनाने पर पूरा ध्यान केंद्रित किया गया है। वज़न में हल्के और खूबसूरत डिज़ाइन्स की यह रेन्ज हर दिन पहनने के लिए सही है और किसी भी आउटफिट की शान बढ़ाती है। कीमत का पूरा मूल्य देने वाला, बहुत ही उपयुक्त तनिष्क का स्ट्रिंग इट कलेक्शन उच्च गुणवत्तापूर्ण और फैशनेबल है।

अब तनिष्क के स्ट्रिंग इट के साथ हर दिन बनेगा खास और शानदार, जिसमें सादगी और खूबसूरती का मिलाप है। ज़िन्दगी को खूबसूरत बनाने वाले, खरे और क्लासी पलों के लिए तनिष्क का यह नया कलेक्शन बनाया गया है। यह डिज़ाइन्स आपकी ज़िन्दगी के हर पल के साथी बनेंगे। प्रसंग कैज्युअल हो या स्पेशल, यह आभूषण आसानी से पहने जा सकते हैं। बहुत ही खरे और बिना किसी दिखावे वाले पलों की खुशियों को हम यहां मना रहे हैं। टाइटन कंपनी लिमिटेड की चीफ डिज़ाइन ऑफिसर रेवती कांत ने कहा, वज़न में हल्के आभूषण काफी मशहूर हो रहे हैं। इस ट्रेंड के अनुरूप हम वज़न में हल्के आभूषणों के डिज़ाइन्स की हमारी श्रेणी को बढ़ाकर उपभोक्ताओं की मांगों और पसंद को पूरा कर रहे हैं। स्ट्रिंग इट यह हमारा स्टाइलिश और वज़न में हल्का नेकवेयर कलेक्शन प्रस्तुत करते हुए हमें बहुत ख़ुशी हो रही है। इसे बहुत अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। तनिष्क के स्ट्रिंग इट में क्लासी, खरे और सहजता से खूबसूरत दिखने वाले नेकवेयर की रेंज है। इसमें हर डिज़ाइन में स्टाइल और आराम का मिलाप है। हम चाहते हैं कि हमारे ज़्यादा से ज़्यादा उपभोक्ता इन खुशियों को अपनाएं।

रेडक्लिफ लैब्स ने प्रयागराज, आगरा और झांसी में तीन नई डायग्नोस्टिक्स लैब्स के साथ अपनी उपस्थिति बढ़ाई

आगरा। रेडक्लिफ लैब्स देश भर में कई चैनलों के माध्यम से हाई क्वालिटी डायग्नोस्टिक्स सेवाएं प्रदान करने वाली एक कंपनी है। इसने उत्तरप्रदेश के प्रयागराज, आगरा और झांसी में तीन नई अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक्स लैब की शुरूआत की है। ये लैब्स इन शहरों में गुणवत्तापूर्ण डायग्नोस्टिक सेवाओं की मांग और आपूर्ति के बीच मौजूद अंतर को कम करने में मदद करेंगी।

उत्तर प्रदेश देश का सबसे ज्यादा आबादी वाला राज्य है। यहां की आबादी 240 मिलियन (जो देश की कुल आबादी का 16.5 फीसदी) है। राज्य में गैर संक्रामक रोगों (एनसीडी) में 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इस स्वास्थ्य संबंधी चुनौती से निपटने की जरूरत को समझते हुए, रेडक्लिफ लैब्स ने यूपी में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। रेडक्लिफ लैब्स टियर 2 एवं इससे छोटे शहरों में अपना विस्तार करना चाहती है और कंपनी का यह कदम इसके इसी मिशन का हिस्सा है। रेडक्लिफ का मकसद जमीनी स्तर के साथ ही उच्च वर्गों तक पहुंच बनाकर भारत को ज्यादा स्वस्थ बनाना है ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि लोगों को बेहद आसानी से सस्ते दामों में डायग्नोस्टिक सेवाएं मिल सकें।

रेडक्लिफ लैब्स ने अपनी सेवाओं में आधुनिक तकनीक को आसानी से शामिल कर अपना अलग स्थान बनाया है। स्थानीय समुदाय की जरूरतों को पूरा करने के साथ ही, आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी अत्याधुनिक सुविधाओं तक आसानी से पहुंच सकते हैं। वे अपनी स्वास्थ्य जांच कराने के लिए होम सैंपल कलेक्शंस की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इतना ही नहीं, एकत्र किए गए सैंपल को टेम्परेचर-कंट्रोल्ड बैग्स में लैब्स तक पहुंचाया जाता है। इससे उनके सैंपल की सुरक्षा सुनिश्चित होती है और मरीजों को बिल्कुल सटीक रिपोर्ट मुहैया कराई जाती हैं।

प्रयागराज, आगरा और झांसी में खोली गईं नई लैब्स मरीजों को विभिन्न तरह की डायग्नोस्टिक्स सुविधाएं प्रदान करेंगी। इनमें बायोकेमिस्ट्री, हेमैटोलॉजी, इम्यूनोएसेस, क्लिनिकल पैथोलॉजी, सीरोलॉजी और हॉरमोन्स से जुड़ी जांच शामिल हैं। मरीज होम सैंपल कलेक्शन के जरिए इन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं या फिर वे अपनी सहूलियत के अनुसार कलेक्शन सेंटर जाकर भी सैंपल दे सकते हैं।

रेडक्लिफ लैब्स की उत्तरप्रदेश में 21 से ज्यादा लैब्स और 500 से ज्यादा कलेक्शन सेंटर्स हैं और इसने डायग्नोस्टिक हेल्थकेयर सेवाओं में नेतृत्व की अपनी स्थिति बरकरार रखी है। एमडी पैथोलॉजिस्ट डॉ. रवि रानी प्रयागराज के जॉर्ज टाउन में खोली गई लैब का संचालन करेंगी। आगरा के शांति मधुबन प्लाजा में खोली गई नई लैब भी रेडक्लिफ लैब्स की उपस्थिति का लाभ उठाएगी। आगरा में रहने वाले लोगों को लाभ होगा। कंसल्टेंट पैथोलॉजिस्ट डॉ. प्रिया जैन इस लैब का कामकाज संभालेंगी। झांसी के वीरांगना नगर की जीडीए कॉलोनी में स्थित अत्याधुनिक लैबोरेटरी का नेतृत्व कंसल्टेंट पैथोलॉजिस्ट डॉ. तृप्ति अग्रवाल द्वारा किया जाएगा। ये लैब्स हेल्थकेयर सेवाओं में रेडक्लिफ की उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाती हैं।

रेडक्लिफ लैब्स के सभी एमडी पैथोलॉजिस्ट्स को पांच साल से ज्यादा का अनुभव है। वे सैंपल के विश्लेषण में सिक्स-सिग्मा प्रोसेस सुनिश्चित करने के लिए अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल करेंगे।

कोविड के दौरान ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने में घपला, ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के तहत दर्ज किया केस

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोविड-19 महामारी के दौरान अस्पतालों में ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करने में कथित धोखाधड़ी को लेकर धन शोधन का एक मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) को छह करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोप में 24 नवंबर को मेसर्स हाईवे कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार रोमिल छेड़ा को गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि ईडी ने धोखाधड़ी के संबंध में शुक्रवार को धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया। उन्होंने बताया कि छेड़ा को बीएमसी संचालित नौ अस्पतालों और दो जंबो कोविड-19 केंद्रों में ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करने का ठेका दिया गया जबकि उसके पास इस तरह के काम को अंजाम देने का कथित तौर पर पूर्व अनुभव नहीं था। ईओडब्ल्यू के अनुसार, भायखला में नगरपालिका कार्यशाला और नगर निगम की ओर से संचालित अस्पतालों वीएन देसाई, डॉ बाबासाहेब अंबेडकर, जीटीबी, कस्तूरबा, बीवाईएल नायर, आरएन कूपर, केबी भाभा, केईएम और एटीएमजी सायन के परिसर में ऑक्सीजन संयंत्रों में अप्रैल 2021 और जनवरी 2022 के बीच धोखाधड़ी हुई। अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि संबंधित निकाय अधिकारियों ने अनुबंध देते समय पात्रता नियमों की अनदेखी की और निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित नहीं किए गए।

आईआईएफएल समस्ता बॉन्ड्स की मदद से 1,000 करोड़ रु. तक की पूंजी जुटाएगा, प्रतिवर्ष 10.50 प्रतिशत तक का रिटर्न पेश किया

नई दिल्ली। भारत की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग माईक्रोफाईनेंस कंपनियों (एनबीएफसी-एमएफआई) में से एक, आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस सिक्योर्ड बॉन्ड्स के अपने पहले पब्लिक इश्यू की मदद से 1,000 करोड़ रु. तक की पूंजी जुटाएगा, जिसका उद्देश्य व्यावसायिक वृद्धि और पूंजी निर्माण के लिए किया जाएगा। ये बॉन्ड अत्यधिक सुरक्षा के साथ 10.50 प्रतिशत तक का रिटर्न प्रदान करेंगे। ये इश्यू सोमवार, 4 दिसंबर, 2023 से मिलना शुरू होंगे, और शुक्रवार, 15 दिसंबर, 2023 तक मिलेंगे। आईआईएफएल समस्ता आईआईएफएल फाईनेंस का अंग है, जो भारत के सबसे बड़े रिटेल केंद्रित एनबीएफसी समूहों में से एक है, जिसके पास 73,066 करोड़ रु. के लोन एस्सेट अंडर मैनेजमेंट हैं। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस 200 करोड़ रु. के बॉन्ड्स जारी करेगा, और उसके पास 800 करोड़ रु. तक के ओवर-सब्सक्रिप्शन (कुल मिलाकर 1,000 करोड़ रु.) बनाए रखने के लिए ग्रीन-शू का विकल्प भी होगा। आईआईएफएल समस्ता बॉन्ड 60 महीने की अवधि के लिए 10.50 प्रतिशत प्रतिवर्ष की सर्वाधिक कूपन दर प्रदान करते हैं। ये एनसीडी 24 महीने, 36 महीने और 60 महीने की अवधि के लिए उपलब्ध हैं। ब्याज के भुगतान की फ्रीक्वेंसी हर सीरीज़ के लिए मासिक और वार्षिक आधार पर उपलब्ध होगी। इसकी क्रेडिट रेटिंग क्रिसिल रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा क्रिसिल एए-/पॉज़िटिव और एक्विटी रेटिंग्स एंड रिसर्च लिमिटेड द्वारा एक्विटी एए। स्टेबल है, जिससे प्रदर्शित होता है कि ये इंस्ट्रूमेंट अत्यधिक सुरक्षित माने जाते हैं, और बहुत कम क्रेडिट रिस्क के साथ वित्तीय दायित्वों की समय पर सर्विसिंग प्रदान करते हैं। आईआईएफएल समस्ता को इस माह क्रिसिल द्वारा 'स्टेबल' से 'पॉज़िटिव' रेटिंग में अपग्रेड किया गया है। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस के एमडी एवं सीईओ, श्री वेंकटेश एन ने कहा, ''आईआईएफएल समस्ता अपनी 1,500 शाखाओं के द्वारा पूरे भारत में मजबूत स्थिति में मौजूद है। यह सेवाओं की कमी वाले और उनसे वंचित लोगों की क्रेडिट की जरूरतों को पूरा करता है, जो मुख्यतः अपने विस्तृत पोर्टफोलियो के साथ वंचित पृष्ठभूमि की महिला उद्यमियों पर केंद्रित है। इन बॉन्ड्स की मदद से एकत्रित किए गए फंड का उपयोग इन ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने और व्यावसायिक वृद्धि लाने के लिए किया जाएगा।'' आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस उन महिलाओं को किफायती और अभिनव वित्तीय उत्पाद प्रदान करता है, जो सदस्यों के रूप में पंजीकृत होती हैं, और समाज के वंचित वर्गों से संयुक्त दायित्व समूह में नियोजित होती हैं। इनमें भारत के ग्रामीण, अर्द्धशहरी और शहरी इलाकों से किसान, कृषि मजदूर, सब्जी और फल विक्रेता, कपड़ा व्यापारी, दर्जी, शिल्पकार, और गृहणियाँ एवं औद्योगिक मजदूर आते हैं। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस के पास सितंबर, 2023 के अंत में 12,196 करोड़ रु. के लोन एस्सेट अंडर मैनेजमेंट थे, और वित्तवर्ष 2024 के पहले छः महीनों में इसने 233 करोड़ रु. का लाभ दर्ज किया है। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस के पास पूरे देश में 1,485 शाखाओं का विस्तृत नेटवर्क है, जिसमें 14,286 कर्मचारी काम करते हैं। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस ने पिछले सालों में लगातार एनपीए को कम बनाकर रखा है, और यह अच्छी क्वालिटी एस्सेट पर ध्यान केंद्रित करता रहा है।

एक्स पर विज्ञापन देने से अब वॉलमार्ट भी पीछे हटा, बयान जारी कर दी जानकारी

नई दिल्ली। महज मस्ती में सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियां दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क के कारोबार पर असर डालने लगी हैं। ताजा मामला एक्स पर विज्ञापन से जुड़ा है। कई बड़ी कंपनियों के बाद वॉलमार्ट ने भी शुक्रवार को बताया कि अब वह एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर अपना विज्ञापन नहीं कर रहा। एक बयान में वॉलमार्ट के प्रवक्ता ने लिखा, अब हम एक्स पर अपना विज्ञापन नहीं कर रहे। हमने अपने ग्राहकों तक बेहतर पहुंच बनाने के लिए अन्य प्लेटफॉर्म्स की तलाश कर ली है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दावा किया गया था कि यहूदी लोग गोरे लोगों के खिलाफ नफरत फैला रहे थे। एलन मस्क ने इस ट्वीट को सपोर्ट करते हुए इसे बिल्कुल सच करार दिया था। यहीं से यह पूरा प्रकरण शुरू हुआ था। समाचार एजेंसी रॉयटर ने सबसे पहले वॉलमार्ट के एक्स से विज्ञापन वापस लेने की जानकारी दी थी। एक महीने में इस्राइल- हमास युद्ध के दौरान मस्क के रुख के बाद कई बड़े ब्रांड्स ने एक्स से अपने विज्ञापन वापस ले लिए हैं। ब्लूमबर्ग की एक खबर में बताया गया था कि यहूदियों के गोरे लोगों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले ट्वीट का समर्थन करने के बाद एपल और डिज्नी ने एक्स पर अपने विज्ञापन रोक दिए। वहीं, व्हाइट हाउस ने भी बयान जारी कर मस्क की आलोचना की थी। व्हाइस हाउस की तरफ से कहा गया है कि मस्क का जवाब अस्वीकार्य और यहूदी समुदाय को खतरे में डालने वाला है। चर्चित ब्रांडों के एक्स से हाथ खींचने की खबरों के बीच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के संचालन प्रमुख जो बेनारोक ने बताया कि एक्स पर विज्ञापन देने वाले ब्रांड्स एक बड़ी आबादी के बीच अपनी पहुंच हासिल करते हैं।

पिनेकल 2023: 5वीं अंतर-जयपुरिया स्कूल एथलेटिक्स चैंपियनशिप लखनऊ में आयोजित हुई

7 राष्ट्रीय गौरव के लिए 49 स्कूलों के 1,500 से अधिक चैंपियनों ने भाग लिया

लखनऊ। सेठ एम. आर. जयपुरिया स्कूल्स ने पिनेकल 2023 5वीं इंटर-जयपुरिया स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। खेल टूर्नामेंट में पूरे भारत में जयपुरिया के 50+ स्कूलों से लगभग 40000+ छात्रों (स्कूल चैंपियन) ने भाग लिया, साथ ही 1500+ विषम छात्रों ने विशेष रूप से मार्च-पास्ट, ड्रिल और सांस्कृतिक प्रदर्शन में भाग लिया। गणमान्य व्यक्तियों ने खेल उत्कृष्टता के लिए सभी सम्मानित छात्रों को विशेष सम्मान से सम्मानित किया। सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल को स्वर्ण पदक जीतकर समग्र विजेता घोषित किया गया। उपविजेता रहा। अर्जुन वाजपेई, जो वर्ष 2018 में 8,000 मीटर से अधिक लंबी छह चोटियों पर चढ़ने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही बन गए, ने दुनिया के शिखर तक की अपनी यात्रा साझा की, जब उन्होंने 2010 में 16 साल, 11 महीने की उम्र में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। और 18 दिन! उन्होंने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि हर बच्चा स्कूल जाने

प्रथम विजेता सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल बाबतपुर
द्वितीय विजेता सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल पारॉ, बनारस

का हकदार है और शिक्षित होने का हकदार है। मुझे स्कूली शिक्षा के लिए सर्वोत्तम अवसर मिल सकते थे, लेकिन देश के लिए और खेल में कुछ करने की इच्छा ने यह सुनिश्चित किया कि मैंने वह सब कुछ हासिल किया जो मेरे पास है। आपके लिए भी, स्कूल जाना न केवल शिक्षा के बारे में है, बल्कि अनुशासन बनाने, दिनचर्या में शामिल होने के बारे में भी है; यह वह नींव है जिस पर हम अपना जीवन बनाते हैं। जयपुरिया यह कार्य करके एक महान सेवा कर रहा है इस पहल को और निश्चित रूप से, हमें इसे संगठनात्मक स्तर पर प्रोत्साहित करना चाहिए, लेकिन व्यक्तिगत स्तर पर भी प्रयास शुरू करना चाहिए।

दक्षिण कोरिया में मास्टर्स गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज श्री विनोद मिश्रा ने एक प्रेरणादायक और विचारोत्तेजक भाषण दिया। उन्होंने स्कूल समूह-प्रबंधन, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों को बधाई दी और कहा कि ÷भारत के विकास और देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि इन उभरते युवाओं को बदलाव का नेतृत्व करने के लिए प्रेरणा का एहसास हो।÷ देश में। और, खेल समग्र वृद्धि और विकास का एक अभिन्न अंग है। आपका भला हो!

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) अजय कुमार चतुर्वेदी (एवीएसएम, वीएसएम), एक असाधारण व्यक्ति जिनकी यात्रा सैन्य नेतृत्व, शैक्षणिक उत्कृष्टता और रोमांच के जुनून का एक अनूठा मिश्रण दर्शाती है। एक प्रतिष्ठित खिलाड़ी, उन्होंने एक कोच के रूप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए, 1990 के एशियाई खेलों में भारतीय रोइंग टीम को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। विज़न इंडिया फाउंडेशन जैसे थिंक टैंक में एक सम्मानित लेखक और संरक्षक के रूप में, उनका योगदान शैक्षणिक, एथलेटिक और बौद्धिक क्षेत्रों में गूंजता है।

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ में सीएफए इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी एफिलिएशन कार्यक्रम शुरू हुआ

लखनऊ। इन्वेस्टमेंट प्रोफेशनल्स के वैश्विक संगठन सी एफ ए (CFA) इंस्टीट्यूट, ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ को सीएफए इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी एफिलिएशन प्रोग्राम (यू ए पी/ UAP) में शामिल करने की घोषणा की है।

यह गठबंधन कुशल प्रबंधकों और नेतृत्वकर्ताओं का विकास करने के आईआईएम लखनऊ के उद्देश्य के अनुरूप किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट उद्योग में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को सीएफए पदनाम प्राप्त करने में मदद मिलेगी, जो कि दुनिया में सबसे सम्मानित और मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र है। भारत में सीएफए प्रोग्राम की बढ़ती माँग के साथ, सीएफए इंस्टीट्यूट ने भी लखनऊ के साथ ही भारत के 23 शहरों में परीक्षा केंद्र खोलकर देश में अपनी उपस्थिति बढ़ाई है।

यूनिवर्सिटी एफिलिएशन प्रोग्राम के लिए संस्थान या यूनिवर्सिटी को अपने पाठ्यक्रम में कम से कम 70 प्रतिशत सीएफए प्रोग्राम कैंडिडेट बॉडी ऑफ नॉलेज (सीबॉक) को शामिल करना होता है। इस एफिलिएशन के बाद आईआईएम लखनऊ को सीएफए इंस्टीट्यूट के साथ काम करने की सुविधा मिलेगी, ताकि कक्षाओं में व्यावहारिक ज्ञान दिया किया जा सके। इससे विद्यार्थियों को तो लाभ मिलेगा ही, और साथ ही वे विभिन्न सत्रों में उद्योग के वैश्विक नेतृत्वकर्ताओं से इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट उद्योग के बारे में बहुमूल्य जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही, उन्हें सीखने के लिए अन्य अद्वितीय अवसर भी प्राप्त होंगे। इसके अलावा, चुनिंदा विद्यार्थियों को सीएफए परीक्षा के लिए छात्रवृत्ति और शुल्क में भी छूट मिल सकेगी।

डीन, फैकल्टी आईआईएम लखनऊ प्रो. अजय गर्ग ने कहा, सीएफए इंस्टीट्यूट यू ए पी (UAP) छात्रों को स्कॉलरशिप प्रदान करते हुए, फाइनेंस और प्रोफेशनल डेवलपमेंट के मामले में क्वालिटी एजुकेशन को बढ़ावा दे रहा है। यह आपसी सहयोग हर गुणों से संपन्न छात्रों को तैयार करता है, जो छात्रों को बेहतरी पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करने के साथ-साथ इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट में सर्वश्रेष्ठ बनाने में सहयोग करता है। कंट्री हेड, इंडिया सीएफए (CFA) इंस्टीट्यूट आरती पोरवाल ने कहा,हमें सीएफए इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी एफिलिएशन प्रोग्राम के साथ आईआईएम लखनऊ का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है, और हम इस पार्टनरशिप के तहत होने वाले सहयोग को लेकर उत्साहित हैं। हम इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट इंडस्ट्री और देश की अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए आवश्यक टैलेंट पूल को एकसाथ मिलकर तैयार करने के लिए तत्पर हैं।

एनआईए ने जाली नोटों के रैकेट का किया भंडाफोड़, यूपी समेत चार राज्यों में छापेमारी

नई दिल्ली। एनआईए अधिकारियों ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 120B, 489B, 489C और 489D के तहत 24 नवंबर को दर्ज एक मामले (RC-02/2023/NIA/BLR) की जांच के तहत यह छापेमारी की गई। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने देश के विभिन्न हिस्सों में चल रहे जाली नोटों के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई के दौरान उत्तर प्रदेश समेत देश के चार राज्यों में हुई छापेमारी में नकली नोट, करेंसी प्रिंटिंग पेपर, प्रिंटर और डिजिटल गैजेट जब्त किए गए हैं।

एनआईए अधिकारियों ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 120B, 489B 489C और 489D के तहत 24 नवंबर को दर्ज एक मामले की जांच के तहत यह छापेमारी की गई।

यह मामला संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा सीमा पार एफआईसीएन की तस्करी और भारत के विभिन्न राज्यों में इसके प्रसार को बढ़ावा देने के लिए रची गई एक बड़ी साजिश से संबंधित है। एनआईए की टीमों ने उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर और महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक में अन्य स्थानों पर छापेमारी की।

अवैध भूमि अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें: डीएम

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी व अपर पुलिस अधीक्षक रीतेश कुमार सिंह की उपस्थिति में शनिवार को तहसील तमकुहीराज के सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायत- निस्तारण पंजिका का अवलोकन कर उपजिलाधिकारी तमकुहीराज को निस्तारण संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पैमाईश के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में कानूनगो और लेखपाल विशेष ध्यान दें: डीएम

तत्पश्चात सभागार में आए हुए जनता/फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को बारी -बारी से गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित, समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं निष्पक्ष निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें तथा अवैध भूमि अतिक्रमण करने वालों पर नियमानुसार कड़ी करवाई करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही *पैमाईश के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में कानूनगो और लेखपाल विशेष ध्यान दें। शिकायतकर्ता को सर्वप्रथम समझाने का प्रयास करें। तब आवश्यकता अनुसार पैमाईश की कार्यवाही करें। इसी क्रम में एक प्रार्थना पत्र हरिंदर देवी निवासी रकबा दुलमा पट्टी द्वारा ग्राम सभा पकड़ीयार पट्टी में स्थित भूमि के वसीयत और कब्जा से संबंधित शिकायत की गई जिसमे जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी को प्रकरण के निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

52 शिकायती पत्रों में से मात्र 5 निस्तारण

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 52 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 22 में से 05 को तत्काल निस्तारित कराया गया, पुलिस विभाग से संबंधित 11, विकास विभाग से संबंधित 07 तथा अन्य विभाग के 12 प्रार्थना पत्र आए। इस प्रकार कुल 52 में से 05 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 47 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयंतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।

हड़हवा पुल के पास मिला 40 वर्षीय व्यक्ति का शव

खड्डा, कुशीनगर। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के ग्रामसभा देवतहा के बरगदही टोला से लगभग चार सौ मीटर पश्चिम सरेह में शनिवार की सुबह भोर में हड़हवा पुल के पास एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फ़ैल गई। सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने लाश को देख शोर मचाया व किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुटी। शनिवार की सुबह भोर में शौच के लिए निकले लोगों ने ग्राम देवतहा के बरगदही टोला से पश्चिम की तरफ लगभग 400 मीटर की दूरी पर जगदीश के खेत में ग्रामीणों ने एक बुलेट मोटरसाईकिल गिरी हुई और बगल में ही एक 35 वर्षीय युवक को मृत अवस्था में देखा और शोर मचाया। शोर सुनकर अगल बगल के गांव लोग काफी संख्या में एकत्रित हो गए। मृतक की पहचान संगम पुत्र नन्हू ग्राम सेमरा राजा थाना भिटौली जिला महाराजगंज के रूप में हुई है।बताया जा रहा है कि रात्रि में ही घर जाने को कहकर अपने मामा के घर से चल दिया लेकिन शनिवार की सुबह भोर में बरगदही गांव के सरेह में उसकी लाश मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

कृषि विभाग के छापेमारी से दवा व्यवसाईयों में मची खलबली

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। अपर मुख्य सचिव कृषि उत्तर प्रदेश के निर्देश एवं जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश के आदेश पर शनिवार को जनपद के कीटनाशक दवा विक्रेताओं के यहा उप कृषि निदेशक कृषि रक्षा डॉ अरविंद सिंह के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन कर छापामारी किया गया। इस दौरान व्यवसाईयों में मच गई खलबली। कृषि विभाग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई जानकारी के अनुसार सदर एवं चौरी चौरा तहसील में जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ आर डी वर्मा कैंपियरगंज सहजनवा में डॉ अरविंद सिंह तथा गोला खजनी बांसगांव तहसील में डॉ श्रुति पटेल ने फसल सुरक्षा दवा के विक्रेताओं के यहा छापा मारा। इसके पश्चात दवाओं की जांच की और नमूना लिया। गोला तहसील में गोला बड़हलगंज हाटा आदि बाजारों में डॉक्टर पटेल ने दुकानों की जांच किया और दुकानदारों को निर्देश दिया कि अच्छी कंपनी की दवा निर्धारित दर पर ही बिक्री करें किसी प्रकार की शिकायत पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर डॉ अरविंद सिंह ने कहा कि इस कार्रवाई का उद्देश्य किसान भाइयों को उचित दर एवं उच्च गुणवत्ता की फसल की दवा मिले। इस दौरान 48 दुकानों की जांच की गई और 20 नमूना लिया गया और प्रयोगशाला हेतु जांच के लिए भेजा गया तथा चौरी चौरा में स्थित एक दुकान का लाइसेंस निलंबित किया गया और 6 दुकानों को कारण बताओं नोटिस दी गई। जांच के समय बड़हलगंज में अशोक मौर्य अवधेश यादव विजय मोर चंद्र मणी मौर्य अनिल मौर्य प्रदीप चंद बृजेश गुप्ता विनोद कुमार प्रमोद नायक आनंद वर्धन तिवारी आदि कीटनाशक दवा व्यवसायी अपनी अपनी दुकान पर रहे और जांच में कृषि विभाग का सहयोग किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में तीन मामलों का निस्तारण

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी कुंवर सचिन सिंह ने किया। इस दौरान 90 मामले आए जिसमे 3 का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। राजस्व 45, पुलिस, 18, विकास 9, समाज कल्याण 2, अन्य 16 मामले आए थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित की गई है। जबकि पुलिस के मामले के निस्तारण के लिए जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह,नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया, एसडीओ पुष्पेंद्र सिंह शीत अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

देवरिया में शशांक मणि जी के अध्यक्षता में हुई बैठक

देवरिया अवधनामा संवाददाता। शनिवार को जिला पंचायत परिसर में स्थित शशांक मणि के आवास पर जगतगुरु पद्मविभूषण रामभद्राचार्य जी महाराज के फाजिलनगर आगमन के संबंध में शशांक मणि जी के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में सदर के प्रबुद्धजनों ने सम्मिलित होकर रामकथा के संबंध चर्चा की। शशांक मणि ने बताया कि जगतगुरु पद्मविभूषण रामभद्राचार्य जी महाराज के श्रीमुख से आगामी 5 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक रामकथा फाजिलनगर के सेमरा धाम में होने जा रही है। उन्होंने अह्वान करते हुए कहा कि रामकथा में सभी श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित रहें और कथा का रसपान करें। मौके पर आयोजन समिति के सदस्य चंद्रप्रकाश यादव चमन, दीपक द्विवेदी, प्रमोद सिंह, अमिताभ मिश्रा मौजूद थे।

फ़र्ज़ी जाति प्रमाण पत्र मामले में ग्राम प्रधान बर्खास्त

देवरिया अवधनामा संवाददाता। जिला पंचायत राज अधिकारी सर्वेश कुमार पांडेय ने बताया है कि विकास खण्ड पथरदेवा अंतर्गत ग्राम पंचायत महुअवां खुर्दग्राम के ग्राम प्रधान प्रियंका खरवार ग्राम प्रधान को फ़र्ज़ी जाति प्रमाण पत्र मामले मे बर्खास्त किया गया है। प्रियंका खरवार द्वारा निर्वाचन के समय प्रस्तुत प्रमाण पत्र जनपद स्तरीय जाति संविक्षा समिति द्वारा निरस्त किये जाने के कारण कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट, देवरिया के निर्देशानुसार इनके प्रधान पद से सम्बन्धित शक्तियों के प्रयोग एवं कृत्यों के सम्पादन को प्रतिबंधित करते हुए ग्राम पंचायत सदस्य शांति देवी को प्रधान के कर्तव्यों का निर्वहन करने और उसकी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए नामित किया गया। उक्त प्रकरण में जाति प्रमाण पत्रों के सत्यापन / संवीक्षा हेतु मण्डल स्तरीय समिति, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर में योजित अपील प्रियंका खरवार बनाम जिलाधिकारी देवरिया व अन्य में कार्यालय आयुक्त, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर द्वारा पारित आदेश द्वारा की गयी अपील बलहीन होने के कारण निरस्त कर दी गयी है एवं मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा रिट याचिका प्रियंका खरवार बनाम उ0प्र0 सरकार एवं अन्य में पारित आदेश के क्रम में प्रियंका खरवार का प्रत्यावेदन भी उपरोक्तानुसार निस्तारित कर दिया गया है।

भाजपा सरकार भष्ट्राचार मुक्त नियुक्तियां कर रही

अवधनामा संवाददाता

सलेमपुर। सलेमपुर की विधायक एवम प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि भाजपा सरकार भष्ट्राचार मुक्त नियुक्तियां कर रही है। आज गरीब से गरीब का बेटा नौकरी पा रहा है। पूर्ववर्ती सरकारों में जब नियुक्तियां निकलती थी तो उससे पहले ही नियुक्तियां तय हो जाती थी और गरीब के बेटा - बेटी को नौकरी नही मिल पाता था। आज प्रदेश की महिलाएं सरकार से कदम से कदम मिलाकर चल रही है। आज पूरे प्रदेश में बिजली आसानी से मिल रही है। किसानों को अब सिचाई के लिए रात में जगना नही पड़ता है। अब किसानों को भरपूर बिजली मिल रही है। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम द्वाराविधानसभा में किसानों की बात रखने पर भाजपा मीडिया प्रभारी अजय दूबे वत्स ने कहा कि यह सलेमपुर के लिए गौरव की बात है। आज हमलोगों की बात सदन में राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम जी बेबाकी से रख रही है।

खेल से होता है शरीर और मन का विकास

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। खेल, व्यक्ति के जीवन में सामाजिकता, सहयोग की भावना का विकसित करने के साथ उसके मन और स्वास्थ्य का ही विकास करता है। शनिवार को चिल्लूपार के बड़हलगंज विकास खण्ड स्थित असम्पसन पब्लिक स्कूल में आयोजित स्पोर्ट्स डे कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुये नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि महेश उमर ने उक्त उदगार व्यक्त करते कहा कि वह समय बीत गया जब लोग कहा करते थे कि खेलोगे-कूदोगे होंगे खराब अब दुनियां जान गई है खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिये आवश्यक तत्व है।

अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कुश्ती कोच चन्द्रविजय सिंह ने कहा कि छात्र यदि खेल और पढ़ाई में सन्तुलन बनाते हुये समय प्रबन्धन का गुर सीख ले तो उससे सफलता दूर रह ही नही सकती। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन द्वारा किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी संदीप पुंडीर, सोनू सिंह, अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी रवि त्रिपाठी एवं माध्यमिक शिक्षा संघ के अध्यक्ष श्री दिनेश त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। खेल कार्यक्रम का आरंभ बच्चों द्वारा मार्च पास्ट एवं परेड द्वारा किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में ग्रीन हाउस के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विनय शाही, सौम्या तिवारी एवं श्रेया त्रिपाठी ने किया।विद्यालय की प्रबंधिका निर्मला त्रिपाठी, प्रधानाचार्य निर्मल सिंह और मयंक त्रिपाठी, प्रिया त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों द्वारा फ्लॉग रेस बैलून रेस लेमन रेस तथा बड़े बच्चों द्वारा 100, 200, 400, 800 मी रेस शॉट पुट जैवलिन थ्रो आदि प्रतियोगिताएं हुई। 200 मीटर बालक वर्ग में आकाश यादव, मनीष यादव, अमित कुमार ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 200 मीटर में पायल तिवारी ट्विंकल, सुनीता निषाद ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया 400 मीटर बालक वर्ग में विवेक पाल शिवम एवं अमृतेश ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया 800 मीटर में बालक वर्ग में आयुष यादव दीपांश एवं अभिजीत ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

नगर आयुक्त ने बैठक में कसे पेच, तय की निर्माण कार्य पूरा करने की समय सीमा

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। नगर निगम क्षेत्र में कराया जा रहा नाला सड़क निर्माण कार्यों नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवल नगर निगम सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर लापरवाह अधिकारियों को फटकार लगाई कहा कि समय सीमा के अंतर्गत निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जाए। आज शनिवार को नगर आयुक्त ने बैठक कर नगर निगम क्षेत्र में सड़क व नाला निर्माण कार्यों में हो रहे शिथिलता को देखते हुए निर्माण कार्यों के अधिकारियों के पेच कसते हुए उनके तय सीमा के अंतर्गत निर्माण कार्य पूरा करने की समय सीमा तय किया बैठक में उन्होंने चल रहे निर्माण कार्यों पर फोकस किया। उन्होंने विभागीय कार्यों में लेट लतीफी के लिए मातहों के पेंच कसे। कहा कि शहरी क्षेत्र में जिन स्थानों पर निर्माण कार्य चल रहे हैं उन्हें तक हर हाल में जल्द से जल्द पूरा करा लिया जाए। उन्होंने मुख्य अभियंता निर्माण को नाली, सड़क सहित अन्य कार्यों को इसी माह के अंत तक मुकम्मल कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। नगर आयुक्त ने विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार जो भी कार्य गोरखपुर में कराए जा रहे हैं उनकी समय-समय पर मानीटरिंग की जाती है। सभी कार्यों को समय से पूरा कराया जाए। उन्होंने विभागीय कर्मचारियों को कार्यालय में समय से आने और कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश देने की भी हिदायत विभागाध्यक्षों को दी। बैठक में तीनो अपर नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नगर निगम में फैले भ्रष्टाचार की शिकायत करना ठेकेदार को पड़ा महंगा

अवधनामा संवाददाता

कोतवाली थाने पर दो ठेकेदारो के खिलाफ एससी-एसटी का दर्ज हुआ मुकदमा

गोरखपुर। किसी शायर ने सही ही लिखा है कि सच्चाई छुप नहीं सकती है बनावट के उसूलों से कभी खुशबू आ नहीं सकती है कागज के फूलों से। नगर निगम में फैले भ्रष्टाचार की शिकायत करने पर ठेकेदार के खिलाफ कोतवाली थाने पर एससी एसटी का मुकदमा दर्ज हुआ। नगर निगम में काम के बदले कमीशन का खेल वर्षो पुराना है। पूर्ववर्ती सरकारों में भी यह खेल खूब चलता था लेकिन वर्ष 2017 में जब से उत्तर प्रदेश की कमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभाली है तब से अपराधियों और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ योगी सरकार ने कड़ी कार्रवाई करके संदेश दिया है कि अपराधी या भ्रष्टाचारी चाहे कितना रसूख वाला ही क्यों ना हो योगी सरकार उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।

पिछले महीने कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश मिश्रा ने 8 सितंबर 2023 को नगर निगम में काम के बदले एडवांस कमीशन की शिकायत की थी। बाकायदा ठेकेदार ने अधिकारियों के कमीशन की लिस्ट भी जारी की। जैसे यह खबर सोशल मीडिया और अखबारों में प्रकाशित हुई मानो जैसे नगर निगम में भूचाल से आ गया हो भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय ठेकेदार का ही उत्पीड़न शुरू हो गया नगर निगम में बने ठेकेदार के चेंबर को वहां से हटा दिया गया और लगातार उन्हें फर्जी मुकदमे में फंसने की धमकी देनी शुरू हो गई। नगर निगम में भ्रष्टाचारी तंत्र ठेकेदारों के खिलाफ लग गये। आखिरकार नगर निगम के एक चर्चित जेई राजकुमार की शिकायत पर कोतवाली थाने पर 29 नवंबर 2023 को अपराध संख्या - 0400/23 धारा 3 (1) व 3 (1) घ यानी एससी एसटी एक्ट के तहत नगर निगम के दो ठेकेदार अमरदीप शुक्ला व वेद प्रकाश मिश्रा के खिलाफ कोतवाली थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया। कौन है नगर निगम का राजकुमार इसका खुलासा आगे किया जाएगा। बात यहीं खत्म नहीं होती भ्रष्टाचारी तंत्र ने अपनी ताकत का एहसास दिला दिया कि उनके खिलाफ जो भी आवाज उठाएगा उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके उसे जेल भिजवाने का काम यह तंत्र करेगा। बरहाल उच्च अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय शिकायतकर्ता पर ही मुकदमा दर्ज करके भ्रष्टाचारियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश बार एसोसिएशन के पूर्व चेयरमैन व वरिष्ठ अधिवक्ता मधुसूदन त्रिपाठी ने कहा कि यह विडम्बना बना है कि भ्रष्टचरियो के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय शिकायतकर्ता के खिलाफ ही करवाई की जा रही है हम कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।

आम जनता तक योजनाएं पहुंचाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य: कुशवाहा

देवरिया अवधनामा संवाददाता। लार विकास खण्ड के मेहरौना में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान एलईडी टीबी के माध्यम से योजनाओं को विस्तार से जानकारी दी गई। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि प्रत्येक लाभार्थी तक सरकार की योजनाएं पहुंचाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को प्रचार वाहन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को मिले। सभी वैन पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन कि सुविधाएं, आवश्यक वित्त पोषण सुविधाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेय जल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लार अमित सिंह बबलू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्य योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जल जीवन मिशन सहित अटल पेंशन आदि योजनाओं से वंचित पात्र लाभार्थियों को जोड़ते हुए लाभान्वित किया जा रहा है।

बीआईटी में तकनीकी महोत्सव-2023 का शुभारम्भ

गोरखपुर। बुद्धा इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गीडा, गोरखपुर द्वारा दो दिवसीय तकनीकी महोत्सव-2023 (टेक-जेन्सिस) का आयोजन हुआ। इस तकनीकी महोत्सव में गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, बस्ती, खलीलाबाद जनपद के सैकड़ों विद्यालयों के हजारों छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस महोत्सव में तकनीकी से संबंधित दर्जनों प्रतियोगिताएँ एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि आरडी पाण्डे अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी गोरखपुर औद्योगीक विकाश प्राधिकरण गोरखपुर ने किया। दो दिवसीय तकनीकि महोत्सव कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका निभाने वालो में निदेशक प्रशासन दीपक अग्रवाल, टेक महोत्सव संयोजक ई0 उज्जवल श्रीवास्तव व निदेशक एच0आर0 संतोष त्रिपाठी की रही। कार्यक्रम में संस्थान के प्रशासन सहित कालेज के सभी शिक्षक, कर्मचारी तथा मीडियाकर्मी व छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

संस्कारवान पीढ़ी निर्माण में प्रधानाचार्यों का योगदान अहम: डॉ रामजियावन

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। संस्कारवान पीढ़ी के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। किंतु प्रधानाचार्यों की भूमिका शिक्षक से कहीं कम नहीं होती। अनुशासन के साथ जीवन का निर्माण भी प्रधानाचार्य करते हैं। प्रधानाचार्य बच्चों के लिए आदर्श व्यक्ति के रूप में चिह्नित होते हैं।

यह कहना है जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. रामजियावन मौर्य का। वह शनिवार को कुशीनगर के अज्ञेय सभागार में आयोजित प्रधानाचार्य परिषद के जनपदीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अनुशासित जीवन निर्माण में प्रधानाचार्य की अहम भूमिका है। देवरिया- कसया सहकारी बैंक व जिला पंचायत देवरिया के पूर्व अध्यक्ष सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि सभ्य समाज के निर्माण के प्रधानाचार्यों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। जो बच्चों को ज्ञान व संस्कार देने में महती भूमिका है। सम्मेलन को परिषद के प्रांतीय संरक्षक रामनरेश सिंह मंजुल, टी पी सिंह, डॉ वीरेंद्र त्रिपाठी, रमेश सिंह, प्रांतीय महामंत्री डॉ रविन्द्र त्रिपाठी, मिथिलेश कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार विनय राय, सेवानिवृत्त डीआईओएस प्रदीप कुमार द्विवेदी आदि वक्ताओं ने समाज निर्माण में शिक्षकों व प्रधानाचार्य की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। सम्मेलन की सफलता में सफलता के लिए जिलाध्यक्ष डॉ देवेंद्र मणि त्रिपाठी,, जिला उपाध्यक्ष सीबी सिंह, स्वागताध्यक्ष शैलेन्द्र दत्त शुक्ल, संरक्षक डॉ गोरख राय, जिला कोषाध्यक्ष गोविंद मिश्र प्रधानाचार्य विकास मणि त्रिपाठी आदि का बहुमूल्य योगदान रहा। इस दौरान जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य को प्रमुख सहभागिता रही।

प्रधानाचार्य परिषद का जनपदीय सम्मेलन व संगोष्ठी

अज्ञात वाहन की ठेकर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

अवधनामा संवाददाता

बोदरवार से मंसूरगंज जाने वाले मुख्य मार्ग पर गंगराई के पास हुआ हादसा

अहिरौली बाजार, कुशीनगर। कसानगंज थाना क्षेत्र के बोदरवार बाजार से मंसूरगंज जाने वाले मुख्य मार्ग पर शनिवार को ग्राम सभा गंगराई के टोला ढोढ़हवा के पश्चिम अज्ञात वाहन की ठोकर से वाईक सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय चौकी की पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी कसानगंज भेजवाया जहां पर चिकित्सकों के द्वारा दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।

कसानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कुंदूर निवासी सुदामा उर्फ शेरू निषाद उम्र लगभग 19 बर्ष पुत्र हरिनरायन उर्फ रुदल और आदित्य गुप्ता उम्र लगभग 18 वर्ष पुत्र सुभाष गुप्ता एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर सुबह में गांव से बोदरवार की तरफ जा रहे थे कि ढोढ़हवा गाँव के पश्चिम अगया-कुंदूर के सिवान में अज्ञात वाहन की ठोकर से दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से स्थानीय चौकी इंचार्ज राहुल कुमार सिंह ने घायलों को कसानगंज अस्पताल भेजवाया जहां पर चिकित्सकों द्वारा दोनों घायलों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस लाशों का पंचनामा भरकर आवश्यक कार्यवाही में लग गई। एक गांव के दोनों युवकों की मौत से गांव में मातम छा गया।

बच्चों ने दिया परागण में सहायक तितलियों को बचाने का संदेश

अवधनामा संवाददाता

कसानगंज, कुशीनगर। नगर स्थित जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज में पौधों के पुष्पों के परागण में सहायक कीटों और तितलियों के संरक्षण और संवर्धन विषय पर मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि वन रेंजर अमित श्रीवास्तव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि कीट पतंगे और तितलियां पर्यावरण के लिए बहुत ही आवश्यक है। ये सभी पौधों के पुष्पों का परागण करते हैं परंतु वर्तमान समय में प्रदूषण और कीटनाशकों के अधिक उपयोग के कारण इनकी संख्या निरंतर कम हो रही है जो चिंता का विषय है। अगर इसे रोका नहीं गया तो आने वाले समय में फलों और अनाजों का उत्पादन कम होगा और विश्व को भुखमरी का सामना करना पड़ेगा। इसके पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीराम प्रसाद ने आगंतुक अतिथियों को माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह तथा अंग वस्त्र देकर विद्यालय में स्वागत किया। इस दौरान बच्चों ने तितलियों और परागण में सहायक कीट पतंगों के संरक्षण के विषय पर विभिन्न आकर्षक मॉडल पोस्टर और स्लोगन की प्रदर्शनी लगाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीराम प्रसाद ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों के अंदर पर्यावरण के प्रति प्रेम और स्नेह की भावना जागृत होती है संरक्षित पर्यावरण से ही सुरक्षित पृथ्वी के भविष्य का निर्माण हो सकता है। तितलियां पर्यावरण के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होती हैं वर्तमान समय में जिस तरह से इनकी संख्या कम हो रही है वह चिंता का विषय है इस तरह के कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के लिए जनमानस को जागरूक भी करते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर चंदन कुमार गोंड ने किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य विशंभर प्रसाद, सगीर अहमद, रणजीत सिंह, प्रेमनारायण पांडेय, जनार्दन मद्धेशिया, बीडी यादव सहित अनेक गणमान्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बेटियों को दो इतनी पहचान, बड़ी होकर बने देश की शानः समीक्षा

40 किशोरीं बालिकाओं को कराई गई एक दिवसीय एक्सपोजर विज़िट

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। यूनिसेफ़ द्वारा सहायतित एवं एक्शनएड द्वारा संचालित नई पहल बाल संरक्षण परियोजना के अंतर्गत जनपद गोरख़पुर के ब्लॉक खोराबार के गाँव जंगल चौरी, जंगल सीकरी और सिटकौर की 40 किशोरीं बालिकाओं की एक दिवसीय एक्सपोजर विज़िट थाना खोराबार में कराई गई। पुलिस उपाधीक्षक मानुष परीक ने किशोरियों से बात कर उनके अंदर पुलिस को लेकर जो डर था उसको दूर करते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर उनकी समझ को विकसित किया साथ ही विभिन्न क़ानूनों की जानकारी भी दी। ज़िला समन्वयक समीक्षा यादव ने बताया कि इस विज़िट का मुख्य उद्देश किशोरी समूह की बालिकाओं के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा पुलिस की कार्यप्रणाली जैसे की किसी मुकदमे से लेकर उसके निस्तारण पर समझ को विकसित करना था। समीक्षा ने यह भी बताया कि नई पहल बाल संरक्षण परियोजना का मुख्य उद्देश किशोरी समूह का गठन कर उन्हें सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजना की जानकारी देना एवम् किशोरियों को जागरूक करना है।साथ ही थाना अध्यक्ष जयंत कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर अभिनव मिश्रा एवं महिला बीट कांस्टेबल अनिता, अंतिमा, निरंजना, हेड कांस्टेबल लोकनाथ सिंह के द्वारा किशोरियों को मिशन शक्ति के अन्तर्गत कुछ कानूनों की जानकारी भी दी गई एवं महिला एवं किशोरियों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन पर प्रकाश डाला गया ।विज़िट के दौरान महिला एवं किशोरी बच्चियों से संबंधित विभिन्न प्रमुख क़ानूनों यतः घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, अनैतिक व्यापार निवारण, पॉस्को, बाल विवाह प्रतिषेध, बॉल श्रम, महिला हेल्पलाइन नंबर,वोमेन पॉवर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, वन स्टॉप सेंटर 181, स्वास्थ सेवा हेल्पलाइन नंबर 102 पर जानकारी दी गई। इसके बाद खोराबार में वसुंधरा ने विभिन्न कोर्स जैसे ब्यूटिशियन कोर्स, कंप्यूटर कोर्स, सॉफ्टवेर एवं हार्डवेयर स्ट्रीम पर बच्चियों की समझ को विकसित करते हुए किशोरियों के अंदर नेतृत्व क्षमता को बढ़ाना पर ज़ोर दिया गया।

डीएम की अध्यक्षता में रेडक्रॉस कार्यकारिणी की बैठक हुई आयोजित

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की कार्यकारिणी की बैठक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं सचिव डा.एस.पी. पाठक के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गई जिसमें कुष्ठ रोग एवं टीवी रोग के मरीजों पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि रेडक्रॉस में अब साधारण सदस्य ना बनाकर सीधे संरक्षक एवं सहसंरक्षक बनाए जाएं। साथ ही उन्होंने रेडक्रॉस भवन तैयार करने तथा तहसील स्तरों पर रेडक्रॉस का गठन करने की बात कही।

इस अवसर पर सचिव डा.एस.पी.पाठक ने विगत में रेडक्रॉस द्वारा कराए गए कार्यों को प्रस्तुत किया। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.आर.एन.सोनी, डा.एस.पी.पाठक, संतोष शर्मा, अनिल जैन, डा.राजकुमार जैन, देवेंद्र चतुर्वेदी, राजेश लिटौरिया, डा. आर.सी. साहू, डा.अक्षय जैन, डा.राजेश शर्मा, डा.मनवीर सिंह तोमर, अजय बरया, डा.अनूप श्रीवास्तव, डा.सनत मोदी, डा.स्वामी प्रसाद उपस्थित रहे। अंत में सभी का आभार जिला प्रभारी अजय बरया द्वारा व्यक्त किया गया।

कूरेभार थाने के प्रभारी निरीक्षक बने अमित कुमार मिश्रा, सम्भाला कार्यभार

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। महीने भर बाद शुक्रवार को नवागत इंस्पेक्टर अमित कुमार मिश्रा ने कूरेभार थाने का कार्यभार संभाल लिया।वहीं औपचारिक बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कानून का कड़ाई से पालन कराने की जिम्मेदारी विधि सम्मत निभाई जाएगी। वहीं पेंटर हत्याकांड के मामले पर उन्होंने कहा कि पूछताछ की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। साथ ही क्षेत्र में हो रही मारपीट एवं चोरी की घटनाओं पर कहा कि रात्रि की गश्ती बढ़ा कर चोरों उचक्कों पर अंकुश लगा कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा जायेगा। नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने अपराध जगत से जुड़े लोगों को चेताते हुए कहा कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों की खैर नहीं चाहे वो कितने भी ताकतवर क्यों न हों।अपराधियों को चिन्हित कर उनके प्रति कठोर कदम उठाया जाएगा।

शिक्षकों के लिए वरदान साबित हो रही है टीचर्स सेल्फ केयर टीम

पांच शिक्षक परिवार को प्रदान की गयी दो करोड़ साठ लाख की सहायता राशि

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। टीचर्स सेल्फ केयर टीम शिक्षकों द्वारा बनाई गई शिक्षकों का शिक्षकों के लिए संगठन है। एक ऐसा संगठन है जो अपने शिक्षक सदस्य की आकस्मिक मृत्यु पर उनके परिवार का सहारा बनता है और बूंद बूंद के सहयोग से प्रदान करता है। ऐसा ही एक बार फिर टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने कर दिखाया। सुलतानपुर जनपद के स्व संतोष कुमार सिंह जो प्राथमिक विद्यालय टी पी नगरा ब्लॉक कादीपुर जनपद सुलतानपुर में कार्यरत थे जिनकी मृत्यु जुलाई माह में अचानक हो गयी। टीचर्स सेल्फ केयर टीम के लगभग एक लाख पचास हजार सदस्यों द्वारा मात्र 35 रुपये के सहयोग से 11 दिनों में उनकी नामिनी रेनू सिंह के खाते में लगभग 52 लाख का सहयोग प्रदान कर दिया। इन 11 दिनों में प्रदेश के पांच शिक्षकों के नामिनी के खातो में मात्र 35 रुपये की न्यूनतम सहयोग से कुल दो करोड़ साठ लाख रुपए से अधिक की सहायता प्रदान की गयी। जनपद सुलतानपुर के टीएससीटी संयोजक अरुण सिंह ने बताया कि टीम की स्थापना 26 जुलाई 2020 को प्रयागराज के बेसिक विद्यालय के अध्यापक विवेकानंद आर्य द्वारा अपने साथियों के साथ की गयी, तब से 137 दिवंगत साथियों के परिवारों को 35 करोड़ 51 लाख से अधिक सहायता सीधे खातों में भेजी जा चुकी है।प्रदेश के इतिहास में किसी संस्था द्वारा इतना बड़ा सहयोग पहली बार हुआ है जिसके कारण पूरे देश मे TSCT की चर्चा हो रही है। टीएससीटी प्रवक्ता वैभव सिंह ने बताया कि हर जनपद में टीम बनी हुई है। सुलतानपुर जनपद अध्यक्ष और प्रवक्ता के साथ सहसंयोजक पूनम झा, जगन्नाथ रावत, बिपिन वर्मा, रजनीश कुमार, संतोष शुक्ला, वंदना यादव , संजय पांडेय, योगेश पांडेय मीडिया प्रभारी सचिन पटेल तथा सभी ब्लाक स्तरीय टीम बनी हुई है।सुल्तानपुर जनपद से कुल 4084 से अधिक शिक्षकों ने जुडकर सहयोग किया। शिक्षक का काम ही दूसरों का जीवन संवारना होता है।ये उन सभी का स्थान तो नहीं ले सकते लेकिन दुख की इस घड़ी में वे अपने शिक्षक साथी के परिवार के साथ दो कदम अवश्य ही चल सकते हैं। हमारा सहयोग ही उनको इस दुख की घड़ी में मनोबल प्रदान करेगा।

नेमवि में मनाया गया विश्व एड्स दिवस

ललितपुर। सोसाइटी फॉर प्रगति भारत एवं रासेयो नेहरू महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में तुलसी सभागार में जिला क्षय रोग अधिकारी के मुख्य आतिथ्य एवं नेमवि प्राचार्य की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी डा.रामनरेश सोनी ने बताया कि प्रतिवर्ष 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। इसका प्रमुख उद्देश्य एचआईवी संक्रमण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि एड्स रोग से शरीर का इम्यून सिस्टम कमजोर होने लगता है जिससे रोगी विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हो जाता है। एड्स से बचाव एवं इसकी रोकथाम आवश्यक है। क्योंकि ये बीमारी एक व्यक्ति से दूसरे लोगों में भी पहुंच जाती है। लोगों में जारूकता बढ़ाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रखी है। नेमवि प्राचार्य ने कहा कि एड्स मूलरूप से असुरिक्षत यौन संबंधों और संक्रमित खून से फैलता है। ये संक्रामक बीमारी नहीं है। इसलिए एड्स के रोगी से छुआछूत की भावना नहीं रखनी चाहिए। एड्स से प्रभावित लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा एवं रोजगार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि एड्स से ग्रसित व्यक्तियों को संयम का पालन करना चाहिए। अगर समाज में नैतिकता और अनुशासन होगा तो एड्स जैसी बीमारी से हम सभी सुरक्षित रहेंगे। रासेयो वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि एड्स एक एचआईवी वायरस से होने वाली बीमारी है। असुरक्षित यौन संबंधों से बचाव एवं नियमित योग करके इस बीमारी से बचा जा सकता है।

आज होगा मौलाना सलीम मेमोरियल खेल महोत्सव का आगाज़

क्रिकेट, वोलीबाल और हाकी मैचों के होगें आयोजन

अवधनामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। बुन्देलखण्ड के महान समाज सुधारक व प्रसिद्ध शिक्षाविद हजरत मौलाना मोहम्मद सलीम जाफरी के नाम से शानदार खेल महोत्सव का आयोजन होनें जा रहा है। इस से पहले हाकी के टूर्नामेंट का आयोजन नवम्बर माह मे होता था लेकिन इस बार टूर्नामेंट को एक महोत्सव के रूप में अखिल भारतीय बनाया जा रहा है।एक पखवाड़े तक चलने वाले इस महोत्सव में तीन चरणों में क्रिकेट, बालीवाल और हाकी के टूर्नामेंट होंगे जिसको लेकर नगरपालिका अध्यक्ष और टूर्नामेंट आयोजक कमेटी के सदस्यों ने पूरी तैयारी कर ली है। बताते चलें कि पिछले कई सालों के बाद क्रिकेट का बड़ा टूर्नामेंट देखने को मिलेगा जिस को लेकर क्षेत्र वासियों मे खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कस्बे के रहमानिया कालेज खेल ग्राउंड में मदरसा रहमानिया और रहमानिया कालेज के बानी हजरत मौलाना सलीम जाफरी की याद में अखिल भारतीय खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसके पहले चरण में तीन से नौ दिसंबर के बीच अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा।वहीं दूसरे चरण में दस और ग्यारह दिसंबर को अखिल भारतीय बालीवाल टूर्नामेंट और तीसरे यानी अंतिम चरण बारह से सत्रह दिसंबर तक अखिल भारतीय हाकी टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा।जिसका उद्घाटन नगरपालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद उर्फ श्री नाथ और द्वारा किया जाएगा।इसी को लेकर खेल ग्राउंड में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद, अशरफ कमाल, मुशर्रफ कमाल, अध्यक्ष नजमुद्दीन, फहीमउददीन बबलू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।और अवाम से अधिक से अधिक संख्या में मैच का आनंद लेने के लिए खेल ग्राउंड पहुंचने की अपील की।

जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता एवम सम्मान समारोह हुआ आयोजित

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के एसपी बृजेश मिश्रा विज्ञान के क्षेत्र में जागरूक किया। उन्होंने वर्तमान में बढ़ रहे साइबर क्राइम पर भी चर्चा की। इसके साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर आर ए वर्मा द्वारा विज्ञान को चिकित्सा से जोड़ते हुए कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उनके द्वारा सभी छात्राओं द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन कर मूल्यांकन किया गया। टीम द्वारा बेहतर प्रदर्शनी के छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र चतुर्वेदी ने किया। यह कार्यक्रम नगर के केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक , राधेश्याम पांडे, ब्लाक प्रमुख सर्वेश मिश्र सहित कई लोग मौजूद रहे।

ज्ञानदान से बढ़ा दूसरा दान नहीं : द्विवेदी

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। ग्राम दैलवारा के ज्वाला बाबू शिक्षा मंदिर जूनियर हाईस्कूल में समाजसेवी बाबूलाल जैन साइकिल वालों की स्मृति में श्रद्धान्जलि सभा का आयोजन एवं बच्चों के रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल की अध्यक्षता एवं शिक्षाविद जयशंकर प्रसाद द्विवेदी के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती वंदना के साथ हुआ। उन्होंने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय की प्रगति को प्रसंशनीय बताया। उन्होने कहा कि ज्ञानदान से बड़ा कोई दूसरा दान नहीं। महेश श्रीवास्तव, सक्षम जिलाध्यक्ष अक्षय अलया, पूर्व पार्षद अनुराग जैन शैलू, मनविन्दर कौर, डा.नीलम सराफ, राजू मालवीय, गोकुल प्रसाद शर्मा, मनोज जैन ने अपने विचार व्यक्त कर बच्चों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रियेश जैन, शिवानी राजा, रश्मि बुन्देला, प्रतीक्षा जैन को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान असहायों के लिए वस्त्र आदि वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक अजय जैन साइकिल ने करते हुए विद्यालय की प्रगति से अवगत कराया। इसके पूर्व जिला अस्पताल परिसर में संचालित अन्नपूर्णा में समाजसेवी बाबूलाल जैन साइकिल की स्मृति में भोजनशाला में भोजन वितरण हुआ, जिसका शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण के मुख्यआतिथ्य एवं बुन्देलखण्ड विकास वोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे की अध्यक्षता में किया गया।

अधिवक्ता दिवस की पूर्व संध्या पर परिचर्चा संपन्न

जहां कहीं मानवीय मूल्यों का अतिक्रमण होता है वहां अधिवक्ता की उपलब्धता प्रतीत हो जाती हैः अंकित जैन एड.

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। अधिवक्ता दिवस (एडवोकेट-डे) की पूर्व संध्या पर चाय की चकल्लस के संयोजन में अधिवक्ता संवाद द्वारा अधिवक्ताओं के योगदान और भविष्य को लेकर एक परिचर्चा संपन्न हुई। परिचर्चा का संयोजन करते हुए अधिवक्ता संवाद के जिला संयोजक मुकेश लोधी बताते हैं कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिवस पर भारत भर में अधिवक्ता दिवस मनाते हैं। राजेंद्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति के साथ संविधान समिति के अध्यक्ष भी थे, इन सबके पहले वह एक विद्वान अधिवक्ता थे। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में भी अपना योगदान दिया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे। उन्होंने 12 वर्षों तक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करने के पश्चात वर्ष 1962 में अपने अवकाश की घोषणा की। सम्पूर्ण देश में अत्यन्त लोकप्रिय होने के कारण उन्हें राजेन्द्र बाबू या देशरत्न कहकर पुकारा जाता था। परिचर्चा को आगे बढ़ाते हुए रविंद्र घोष बताते हैं कि अधिवक्ता की गरिमा वर्तमान भारत में भी ज्यों की त्यों बनी हुई है। अनेकों पेशों का आज आधुनिक बाजारवादी युग में प्रवेश हुआ है पर वकालत की चमक पर कोई पॉलिश अब तक भरी नहीं हुई है। आज भी भारतभर में बड़ी संख्या में लोग अधिवक्ता के लिए रजिस्टर हो रहे हैं।हालांकि आज समय के साथ इस पेशे के अर्थ अवश्य बदल गए है। धन कमाने के उद्देश्य से आज वकालत की जाने लगी है, आज हर वर्ग विशेष का व्यक्ति वकालत में दांव खेलने आ रहा है। जो जितना योग्य और निशांत प्रतिभा का धनी है उतना वकालत में सफल है। अधिवक्ता अंकित जैन बंटी परिचर्चा में अपनी सहभागिता की भूमिका को गढते हुए बताते हैं कि अधिवक्ता के पेशे का अजीब रहस्य है कि इस ही पेशे में एक ही विषय का अध्ययन कर कोई व्यक्ति अच्छी संपदा एकत्रित कर लेता है और कोई शून्य रह जाता, इतना रहस्यमय पेशा कोई अन्य नहीं मालूम होता है। वकालत धन के मामले में संपूर्ण योग्यतावादी विचार देती है अर्थात जो जितना अधिक योग्य उतना धनवान और सफल।इन सब बाजारवादी विचारों के पूर्व अधिवक्ता आज भी मानवतावादी विचारों और तथा मानवीय स्वतंत्रता के लिए संघर्षरत है। जहां कहीं मानवीय मूल्यों का अतिक्रमण होता है वहां अधिवक्ता की उपलब्धता प्रतीत हो जाती है। अधिवक्ता संवाद के प्रदेश मंत्री राजेश पाठक बताते हैं किभारत की सारी न्याय व्यवस्था अधिवक्ता के काम पर टिकी हुई है। इतना कहना अतिश्योक्ति नहीं है कि न्याय मिल ही इसलिए रहा है क्योंकि अधिवक्ता उपलब्ध है। अधिवक्ता न्यायालय के अधिकारी है, कभी कभी वह न्यायधीश से उच्च स्तरीय प्रतीत होतें क्योंकि संपूर्ण न्याय व्यवस्था का भार इन ही काले कोट के कंधों पर है। अगर अधिवक्ता न हो तो भारत की जनता को न्याय मिलना असंभव सा हो चले। युवा अधिवक्ता आकाश झां बताते है कि यदि अधिवक्ता विषय पर अधिक विस्तृत अध्ययन किया जाए तो विधि शासन को बनाए रखने में अधिवक्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। व्यक्ति अपने अधिकारों के अतिक्रमण होने पर न्यायालय की ओर रुख करता है और न्यायालय का रास्ता वकील के मार्गदर्शन में ही पाया जाता है। भारत की विषाद न्याय व्यवस्था को समझने और उस पर कार्य करने के लिए विशेष कौशल चाहिए होता है, आम जन साधारण का ऐसा कौशल पाना सरल कार्य नहीं है। अधिवक्ता का अभ्यास ही ऐसे कौशल को जन्म देता है। अधिकारों के अतिक्रमण की दशा में अधिवक्ता की सहायता ली जाना आवश्यक है। कोई अधिवक्ता ही आपके वैधानिक और मौलिक अधिकारों के लिए न्यायालय तक आपको ला सकता है।

निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले समाजवादी टीमः रामहर्ष

अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा संगठन की मासिक बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जनपद में आज समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पार्टी संगठन की मासिक बैठक सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एड0 की अध्यक्षता मे जिला कार्यालय पर आहूत की गयी। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष जफर उल्ला खान बंटी ने किया।बैठक में अनेकों मुद्दो पर विचार मिमर्श किया गया।इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विधानसभा क्षेत्रों मे चल रहे निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा जनपद की समस्त विधानसभा क्षेत्रो मे हुई विधान सभा स्तरीय मासिक बैठकों की जानकारी व समीक्षा।बूथ व सेक्टर स्तरीय संगठन की समीक्षा।क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की गई।इस दौरान जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने बताया कि इस मासिक बैठक के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी विधानसभा अध्यक्षों व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे बूथ व सेक्टर कमेटियों द्वारा मतदाता सूची का सघन निरीक्षण करा ले ओर जिन मतदाताओं का नाम छूट गया है, या कट गया है या नये मतदाता का नाम शामिल होना है उन सभी का नाम चल रहे इस विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान मे बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करके शामिल करवाए। प्रत्येक विधानसभा मे मतदाता सूची मे नाम बढ़ाने व छूटे नामो को शामिल कराने का काम पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा युद्ध स्तर पर चल रहा है। श्री यादव ने आगे कहा कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से जनता बुरी तरह बेहाल है। भाजपा ने देश मे नफरत का माहौल फैला रखा है। प्रदेश मे आए दिन हत्या, बलात्कार, लूट, बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं की खबर देखने व सुनने को मिलती रहती है। भाजपा सरकार मे अपराधी खुले आम कानून की धज्जियां उड़ा रहे है बैठक उपरांत पूर्व मंत्री यासर शाह व अन्य नेताओं द्वारा पार्टी के नेता अजित प्रताप सिंह के पूज्य पिता जी की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गयी तत्पश्चात समाजवादी अधिवक्ता सभा बहराइच के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शकील अहमद व हजारों किलोमीटर की साईकिल यात्रा कर अखिलेश यादव की नीतियों को जन जन तक पहुचाने वाले युवा कार्यकर्ता सत्यम बाजपाई का माला पहनाकर स्वागत किया गया व हौसला-अफजाई की गयी।

स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए प्रयास किये जायें : डीएम

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने आज जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक में जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए प्रयास किये जायें, संस्थागत प्रसव की प्रगति बढ़ायें। उन्होंने एनसीडी के तहत डायबटीज और हाईपरटेंशन की स्क्रीनिंग बढ़ाने, ई-कवच पर रजिस्ट्रेशन की प्रगति में सुधार करने एवं आभा आईडी जनरेट करने पर जोर दिया।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो के लिये ई–निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:–

क्रम सं.–1, निविदा सं.: वमंविइं-टीआरडी-लजं.-ओटी-134, कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर के लखनऊ डिवीजन में लेवल क्रॉसिंग पर क्रिटिकल इम्प्लांटेशन मास्ट का प्रतिस्थापन और इनक्रिन्जमेंट मास्ट का शिफ्टिंग। ई–निविदा बन्द होने की तिथि व समय: 28-12-2023 व 15:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि व समय: 28-12-2023 व 15:30 बजे, अनुमानित लागत: ₹ 2,68,13,476.37, बयाना राशि: ₹ 2,84,100/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह।

नोट: (1) इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। **(2)** विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत–220 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

कार्यालय-जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी।

शुद्धि पत्र

सूचित किया जाता है कि पत्रांकः 21 /नि0अ0/ निविदा/जि0पं0/ 2023-24 दिनॉक : 28 नवम्बर, 2023 में अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी। के स्थान पर त्रुटिवश अभियन्ता, जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी। छप गया है जिसको पर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी पढ़ा व समझा जाये।

अभियन्ता
जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी।

ग्राम पंचायत-सूपाराजा वि.खं.-बांसी, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.12.2023 से 05.12.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 05.12.2023 को सुबह 10 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

महमूद अली
सचिव
ग्रा.पं. सूपाराजा

कुलदीप
प्रधान
ग्रा.पं. सूपाराजा

पूर्व राष्ट्रपति ने दीप प्रज्वलित कर राम कथा का किया श्रवण

- श्री राम कथा का हुआ शानदार शुभारंभ
- देश की आजादी मे भी राम नाम का रहा योगदानः गोविन्द

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। शनिवार का दिन जनपद के निवादा गांव के लिए ऐतिहासिक रहा जहाँ आयोजित श्री राम कथा कार्यक्रम में भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सम्मिलित हुए। पूर्व राष्ट्रपति के आमद से पूरे जनपद में एक अजीब सा मन्जर देखने को मिला। सभी उच्चाधिकारियों नें दिन रात मेहनत कर के इस वी वी आई पी प्रोग्राम को सफलता के शिखर तक पहुंचाया। कार्यक्रम दौरान पुर्व राष्ट्रपति नें अपने विचार भी व्यक्त किए। कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री, मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल एवं सांसद हमीरपुर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने भी प्रतिभाग किया।

इस मौके पर आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बाल कृष्ण त्रिपाठी, डीआईजी, जिलाधिकारी राहुल पांडेय, पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार मिश्रा ,एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार यादव ,एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव ,समस्त एसडीएम, मजिस्ट्रेट ,सीओ, हजारों की संख्या में श्रद्धालु व श्रोतागण की उपस्थिति कार्यक्रम की सफलत की जमानत बनें तथा इन के अलावा अन्य संबंधित भी मौजूद रहे। रामकथा का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि रामनाथ कोविंद अपने जारी प्रोटोकाल के अनुसार निर्धारित समय से लगभग 54 मिनिट की देरी से जनपद के ग्राम निवादा में बनाय गये हेलीपैड पर उनका उड़नखटोला पहुँचा। तदुपरांत वह हेलीपैड से कार द्वारा कार्यक्रम कथा मंडप स्थल पर पहुँचे। इस दौरन वह कार्यक्रम के पदाधिकारियों से मिले।तदुपरांत वह श्रीराम कथा मंच स्थल पर पहुँच राष्ट्रगान किया गया तथा इस दौरान उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

देश की आजादी में राम नाम का योगदान रहा

हमीरपुर जिले में राम कथा में शामिल होने आए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि 1947 मे आजादी की लड़ाई में भी भगवान श्री राम का सहयोग रहा है क्योंकि आजादी के सबसे बड़े योद्धा महात्मा गांधी रोज रघुपति राघव राजा राम की रामधुन गाकर आजादी ली थी और लोगो को आजादी के लिए प्रेरित करते थे । महात्मा गांधी ने अपने अंतिम समय में जब उन्हें गोली लगी तब भी वह हे राम कहते हुए धरती में गिरे थे।पूर्व राष्ट्रपति ने आगे कहां कि उनके कार्यकाल में ही सुप्रीम कोर्ट ने वो ऐतिहासिक फैसला सुनाया था जिससे राम मंदिर निर्माण पर सालो से चला आ रहा विवाद समाप्त हो गया। अब उन्हें भी अपने कार्यकाल पर गर्व होता है ।उन्होंने यह भी कहा कि जहां भी राम कथा होती है वहां पर देवी देवताओं सहित वीर बजरंग बली जी भी जरूर आते है।पूर्व राष्ट्रपति के उदबोधन के उपरांत कथा ब्यास संत श्री विजय कौशल महाराज द्वारा श्री राम कथा का शुभारंभ हुआ।श्रीराम कथा का अनुश्रवण करने के लिए हजारो की संख्या में स्थानीय व आदर जनपदीय महिलाएं और पुरुषों की भीड़ उपस्थित रही। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक आशीष गौतम संत विजय कौशल जी ,महाराज कथा वाचक, हमीरपुर महोबा सांसद कुँवर पुष्पेंद्र चन्देल, जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल,प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा शिवशंकर सिंह, आयोजन समिति के अध्यक्ष महेश चंद्र चतुर्वेदी अपर महाधिवक्ता, कार्यक्रम की सहसंयोजक जिलापंचायत अध्यक्ष जयन्ती संतराम राजपूत हमीरपुर व संयोजक राठ विधायक मनीषा अनुरागी, एमएलसी जितेंद्र सेंगर,महोबा चेयरमेन संतोष चौरसिया एवं हजारो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

सुरक्षा ब्यवस्था के रहे कड़े इंतजाम

रामकथा कार्यक्रम के दौरान पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के आगमन पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा ब्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे ।जिसको लेकर प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल से हमीरपुर राठ मार्ग में दो किमी आगे और दो किमी पीछे से ही कई स्थानों पर जगह जगह वेरीकेटिंग लगा कर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था ।जिससे कि पूर्व राष्ट्रपति के आगमन के दौरान कोई चूक न हो सके ।वही डियूटी में तैनात पुलिस जवान इस दौरान अलर्ट नजर आए ।वही जनपद के बिवांर थाने के नजदीक लगीं वेरीकेटिंग के जरिये राठ रूट से आने वाली गाड़ियों का रूट चैंज कर उन्हें बिवांर से मौदहा सुमेरपुर होते हुए मुख्यालय व कानपुर के रूट भेजा गया ।इस दौरान काफी जगह लोगो के आमगमन में हुए ठहराव की वजह से राठ कानपुर रूट पर काफी जाम जैसी स्थित दिखाई दी।

आनलाईन हाजिरी का होने लगा विरोध, सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

सुमेरपुर हमीरपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डायट प्राचार्य को सौंपकर सिम, डाटा और आईडी उपलब्ध कराने की मांग करते हुए कहा कि जब तक सिम, डाटा और आईडी नहीं उपलब्ध होगी। तब तक ऑनलाइन हाजिरी नहीं दी जाएगी।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार की अगुवाई में शिक्षकों ने विद्यालय कार्य के बाद डायट पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता को सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया है कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा मनमाने आदेश थोपकर शिक्षकों को प्रताड़ित करने का कार्य कर रहे हैं। ज्ञापन में आरोप है कि टैबलेट के माध्यम से ऑनलाइन हाजिरी का दबाव बनाया जा रहा है। जबकि किसी भी शिक्षक को अभी तक सिम, डाटा और आईडी नहीं मुहैया कराई गई है। जब तक सिम डाटा और आईडी नहीं मुहैया होगी, तब तक शिक्षक निजी सिम से सरकारी कार्य नहीं करेंगे। संघ ने मुख्यमंत्री से वेतन विसंगति दूर करने, जनपद के अंदर स्थानांतरण करने, कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने, प्रोन्नत वेतनमान देने के साथ गैर शिक्षक कार्यों में ड्यूटी न लगाए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, अमित कुमार, पवन द्विवेदी, श्यामबिहारी, पुष्पा विश्वकर्मा, ज्ञान देवी, विभा यादव, श्रुति गुप्ता,सारिका सचान, अभिषेक मिश्रा, शशिकांत, धीरेंद्र कुमार, विक्रम सिंह आदि आधा सैकड़ा शिक्षक शामिल रहे।

संक्षिप्त समाचार

सर्वोच्च न्यायालय की अधिवक्ता ने स्वामी ब्रह्मानन्द की समाधि पर लिया आशीर्वाद

राठ, हमीरपुर। आगामी 4 दिसंबर को स्वामी ब्रह्मानन्द के जन्मोत्सव समारोह को लेकर चल रहे स्वामी ब्रह्मानन्द सप्ताह के दौरान अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सीमा पटनाहा ने स्वामी ब्रह्मानन्द की समाधि पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सीमा ने कहा कि स्वामी जी को सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जब हम सभी उनके पद चिन्हों पर चलना शुरू करें। कहा कि स्वामी जी मानव ही नहीं महामानव थे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अनेकों काम किए। कहा कि वो ब्रह्मानंद महाविद्यालय को विश्वविद्यालय बनवाने के लिए प्रयासरत हैं। इस दौरान चंद्रशेखर तिवारी,राजेंद्र सेन, अनिल कुमार, अरविंद वि निर्मोद सिंह आदि मौजूद रहे।

मतदाता बनने के लिए/ मतदाता सूची में नाम शामिल करने हेतु विशेष अभियान की तिथियों में जमा करें आवेदन

हमीरपुर। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व /उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरुण कुमार मिश्रा ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2024 के आधार पर मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यकम के अनुसार दिनांक 27-10-2023 से दिनांक 09-12-2023 तक ऐसे मतदाता, जिनकी आयु 01 जनवरी, 2024 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो गयी हो और उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। वह अपने नाम फार्म-6 भरकर अपने मतदेय स्थल के बी0एल0ओ0 एवं संबंधित तहसील स्थित मतदाता पंजीकरण केन्द्रों तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आयोग द्वारा निर्धारित द्वितीय विशेष अभियान तिथियों में विशेष अभियान की तिथि 03-12-2023 (रविवार) नियत की गयी है।

बांदा टीम ने फाइनल मैच में प्रयागराज को हराया

बांदा। पुलिस लाइन ग्राउंड में अंतर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच में बांदा और प्रयागराज टीम के बीच भिड़ंत हुई। इसमें बांदा टीम ने प्रयागराज टीम को तीन विकेट से पराजित कर दिया। बांदा टीम के खिलाड़ी विक्रम प्लेयर आफ द सीरीज बने। खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया गया। पुलिस लाइन में चल रही 24वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच शुक्रवार को बांदा और प्रयागराज टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मैच में बांदा ने प्रयागराज को तीन विकेट से पराजित कर प्रतियोगिता अपने नाम कर ली। बांदा टीम ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रयागराज की टीम 18 ओवर में 84 रन पर आल आउट हो गई। प्रयागराज की ओर से अरविंद ने सर्वाधिक 24 रन बनाए।

कुसंगति से सभी को दूर रहना है हितकरः यज्ञेश

- हार्पर क्लब में श्रीराम कथा का छठवां दिवस

अवधनामा संवाददाता

बाँदा। शहर के हार्पर क्लब में चल रही श्रीराम कथा के छठवें दिन कथावाचक यज्ञेश मिश्रा ने श्रद्वालुओ से कहा कि कुसंगति के कारण कितनी वक्त आपदाओ के घेरेबन्दी से घिर जाओ कोई आश्चर्य की बात नही साबित होगी। मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु राम को अपने सगे पुत्र भरत से अधिक स्नेह माता कैकेई करती थी लेकिन मंथरा की वजह से वह राजतिलक के पूर्व कोपभवन में चली गई। कथावाचक ने राजा दशरथ से कैकेई के विवाह के साथ ही मंथरा से कहा कि राजा की सबसे बडी रानी कौशिल्या है और सुमित्रा है तुमको कैकेई के संग अयोध्या जाना होगा जिससे कि सौतन होने कुप्रभाव नही हो और मुझे बेटी के विवाह बाद अधिक चिंता नहीं रहे। सुसंगति और कुसंगति में काफी फर्क होता है कुबडी मंथरा की बातो से कैकेई ने सबसे प्रिय प्रभु राम के लिये 14 वर्ष का वन और भरत का राजतिलक का वर राजा से मांगे प्राणो से अधिक प्यारे ज्येष्ठ पुत्र राम के वनागमन के वियोग में राजा दशरथ ने प्राण त्याग दिये क्योकि विछोह की दशा होने पर मनः स्थितियां उचित-अनुचित में अन्तर स्पष्ट नही कर पाती है। श्री मिश्रा ने कहा कि जितनी शीघ्रता से कुसंगति से दूर हो जाओ उतना हितकर है अन्यथा अनिष्ट होने से इंकार नहीं किया जा सकता है समय रहते इसकी महत्ता समझिये नहीं विचार करने में देर किया कब अनर्थ हो जाये कुछ संभव नही है। कलियुग का असर को द्रष्टिगत रखने की जरूरत नहीं है जहां तक हो सके संगति और सत्कर्म को प्रमुखता देनी होगी। कथास्थल में आयोजन समिति के मुखिया नंदकिशोर तिवारी भोले महाराज के अलावा सत्यम मिश्रा आदि आस्थावानों का जमावड़ा लगा रहा।

रामार्चा महायज्ञ स्थल पर बालकों ने की आराधना

बांदा। श्रीराम कथा स्थल के समीप रामार्चा स्थल पर शनिवार को ब्राम्हण बालकों ने विधिवत सुन्दरकाण्ड का पाठ किया। इसके पश्चात प्रभु की आराधना की गई। इसमें बामदेव संस्कृत महाविद्यालय के अध्ययनरत विद्यार्थियो में शिवगणेश, उत्कर्ष व कृष्णा मिश्रा रहे। उधर कथा के पूर्व कन्या भोज व श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया, जिसमें मासूम बच्चों का सहयोग भी सराहनीय रहा। इस दौरान प्रियांशी तिवारी, भोले तिवारी शामिल रहे।

ऑपरेशन कर मरीज के पेट से निकाली 200 पथरी

सोनभद्र/रेणुकूट। हिण्डाल्को रेणुकूट द्वारा संचालित जिले के सर्वश्रेष्ठ अस्पताल हिण्डाल्को हॉस्पिटल में एक विचित्र मामला सामने आया जहां एक मरीज का ऑपरेशन कर उसके पेट से दो सौ से अधिक पत्थरी निकाली गईं। इस जटिल ऑपरेशन को हिण्डाल्को हॉस्पिटल के सीएमओ डॉ. भास्कर दत्ता ने दूरबीन विधि द्वारा सफलतापूर्वक अंजाम दिया। गौरतलब है कि हिण्डाल्को रेणुकूट के फायर एंड सेफ्टी विभाग में कार्यरत श्री मनोहर सिंह की पत्नी श्रीमती ममता कंवर के पेट में कई दिनों से गंभीर दर्द बना हुआ था। जब इन्होंने अस्पताल के सीएमओ डा. दत्ता को दिखाया तो डॉ. दत्ता ने तुरंत अल्ट्रासाउंड करने की सलाह दी। रिपोर्ट में पता चला कि पित्त की थैली में बहुत सारी पथरियां भरी हुई हैं।

निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की डीएम ने की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में कल दिनांक 01 दिसम्बर को विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान-2024 के कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गयी, समीक्षा के दौरान अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2024 के अन्तर्गत विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में किये पुनरीक्षण कार्यो कें प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी महोदय द्वारा की गयी, पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया की कुछ बी0एल0ओ0 एंव सुपरवाइजरों के द्वारा पुनरीक्षण अभियान के कार्यो में शिथलता बरती जा रही है और पुनरीक्षण अभियान का कार्य प्रभावित हो रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त उप जिलाधिकारी/समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, समस्त तहसीलदार/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एंव खण्ड शिक्षा अधिकारी/ सहायक निार्वक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वह समस्त ईआरओ एंव एईआरओ एंव बी0एल0ओ0 एंव सुपरवाईजरों की बैठक कर ले यदि बी0एल0ओ0 एंव सुपरवाईजरों द्वारा कार्य में शिथिलता बरती जा रही है तो उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए तत्काल निलम्बन एंव विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता एंव लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

सभी शिक्षक आंदोलन के लिए तैयार हैः संजय सिंह

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नव निर्वाचित महामंत्री एवं प्रांतीय संगठन मंत्री जनपद आगमन पर शिक्षक शिक्षिकाओं ने चांदी का मुकुट और फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। नवनिर्वाचित प्रांतीय महामंत्री संजय सिंह ने कहा प्रदेश के शिक्षकों के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध सभी शिक्षक आंदोलन के लिए तैयार है। क्योंकि संघ शिक्षकों के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। बहादुरगंज स्थित रोटी गोदाम परिषदीय विद्यालय के परिसर में आयोजित स्वागत समारोह में स्वागत के उपरांत नवनिर्वाचित प्रांतीय के महामंत्री श्री सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में विभाग के उच्च अधिकारी नए आदेश करके शिक्षकों का उत्पीड़न करने कर रहे हैं जिससे पूरे प्रदेश का शिक्षक आक्रोशित है यदि समय रहते इसमें सुधार न किया गया तो पूरे प्रदेश का समस्त शिक्षक ऐतिहासिक आंदोलन करने को विवश होंगे। समारोह को संबोधित करते हुए नव निर्वाचित प्रांतीय संगठन मंत्री अर्चना तिवारी ने कहा कि इस जनपद में प्रांतीय दो पदाधिकारी होने के कारण जनपद के शिक्षकों का दायित्व बढ़ गया है इसलिए संगठन के आवाहन पर प्रत्येक आंदोलन ऐतिहासिक होना चाहिए।

स्वागत समारोह में संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेई, जिला कोषाध्यक्ष रविंद्र पाल प्रजापति, मुनीश मिश्रा, राजकुमार तिवारी, अरुण सिंह भदोरिया, कौशलेंद्र सिंह भदौरिया, शिव किशोर मिश्रा, आदेश अवस्थी, सरताज अली, राजकुमार सिंह , अरविंद त्रिपाठी, आदेश सिंह तोमर , अरविंद सिंह नरेंद्र मिश्रा अरविंद गौतम, धर्मेंद्र सिंह चौहान , धर्मवीर सिंह, विकास मिश्रा, इमरान सईद, नितिन मिश्र, विजय प्रताप सिंह, संजय मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, सचिन अवस्थी, अश्विनी अवस्थी, अरविंद सिंह, राकेश रोशन,संजय भारती, वारिस अली,समर खान, प्रेमलता शुक्ला, सीमा सिंह शैली चौधरी, बबिता श्रीवास्तव, विनीता चौरसिया, पूजा भार्गव सहित सैकड़ों शिक्षकों ने स्वागत किया।

आररटीओ ने सीएमओ की गाड़ी सीज कर काटा चालान

- अपनी गाड़ी से एसीएमओ को कैंप किया रवाना

अवधनामा संवाददाता

बाँदा। जिले के बबेरू रोड में शनिवार को आरटीओ बांदा अनिल कुमार वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान इस रोड से हूटर बजाते हुए सीएमओ की गाड़ी गुजरी। यह देखते ही आरटीओ ने गाड़ी रुकवाने की कोशिश की। आरटीओ ने सीएमओ की गाड़ी सीज कर चालान काटा , और अपनी गाड़ी से एसीएमओ को कैंप किया रवाना ।जिले के बबेरू रोड में शनिवार को आरटीओ बांदा अनिल कुमार वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान इस रोड से हूटर बजाते हुए सीएमओ की गाड़ी गुजरी। यह देखते ही आरटीओ ने गाड़ी रुकवाने की कोशिश की, लेकिन गाड़ी नहीं रुकी। कहने के बावजूद गाड़ी न रोकना आरटीओ को नागवार गुजरा, गुस्से में उन्होंने अपनी गाड़ी से सीएमओ की गाड़ी को ओवरटेक किया। गाड़ी रुकने पर कागजात मांगे, लेकिन ड्राइवर कागजात नहीं दिखा सका। जिससे आरटीओ ने गाड़ी को सीज कर 37000 रुपए का चालान कर काट दिया। बबेरू कस्बे में चल रहे नसबंदी शिविर में शनिवार को एसीएमओ डॉक्टर एमके गुप्ता, सीएमओ की गाड़ी में सवार होकर जा रहे थे। गाड़ी का ड्राइवर तेज गति से गाड़ी चलाते हुए हूटर भी बजा रहा था। जब यह गाड़ी आरटीओ के पास से गुजरी तो उन्होंने हाथ देकर गाड़ी को रोकना चाहा, लेकिन ड्राइवर गाड़ी को तेज गति से भगाता हुआ ले गया। यह देखकर आरटीओ ने सीएमओ की गाड़ी को ओवरटेक किया और गाड़ी रुकने पर कागजात मांगे। लेकिन ड्राइवर मांगे गए कागज उपलब्ध नहीं कर पाया जिससे आरटीओ ने सीएमओ की गाड़ी को सीज कर दिया। साथ ही 37000 रुपए का चालान काट दिया। इस दौरान गाड़ी में सवार के एसीएमओ डॉक्टर एमके गुप्ता ने आरटीओ से अनुरोध किया कि वह बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे नसबंदी कैंप में जा रहे हैं उन्हें देर हो जाएगी, लेकिन आरटीओ ने एक नहीं सुनी।

हालांकि बाद में अपनी गाड़ी से डॉक्टर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू रवाना किया। इस बारे में आरटीओ अनिल कुमार का कहना है कि सीएमओ की गाड़ी चला रहा ड्राइवर हूटर बजाते हुए तेज गति से जा रहा था। मैंने यह देखकर गाड़ी रोकने के लिए कहा लेकिन ड्राइवर ने गाड़ी नहीं रोकी। जब गाड़ी रोकी गई तो गाड़ी के कागजात नहीं मिले जिससे गाड़ी का चलान करना पड़ा।

एसपी ने सेवा कार्यों के लिए व्यापारियों को किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। पुलिस लाइन सभागार में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के सहयोग से यातायात माह के समापन पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एसपी सिटी सुधीर जयसवाल उपस्थित थे। समारोह में ट्रैफिक इंस्पेक्टर चंद्र किरण यादव यातायात माह में सहयोग के लिए संगठन महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम व पदाधिकारियों को शील्ड प्रदान की एवं महानगर सचिन बाथम,महामंत्री सुरेंद्र सेठ, अशोक गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसपी सिटी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को जिम्मेदारी के साथ यातायात के नियमों का स्वतः पालन करना चाहिए, चालान करना या जुर्माना करना पुलिस का ध्येय नहीं होता ,मजबूरी में जब यातायात नियमों की अवहेलना की जाती है तो पुलिस को चालान करना पड़ता है। व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा यातायात नियमों के बारे में लगभग हर गाड़ी चलाने वाला जानकारी रखता है वह यह की गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल का प्रयोग ना करें दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठे स्पीड को कंट्रोल में रखें आदि जानकारियां सभी के पास होती हैं।

शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाये

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में ''सम्पूर्ण समाधान दिवस '' का आयोजन दिसम्बर महीने के प्रथम शनिवार को किया गया। मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतें बड़े ही सरल भाव से सुना गया और गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराने के साथ ही, क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया। इस मौके पर जिलाधिकरी ने सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों का समाधान सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के मौके पर विभागीय कार्मिकों की टीम द्वारा किया जायेगा और जो मामले एक या दो दिन के अन्दर निस्तारित नहीं होंगे, उनका निस्तारण उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर निस्तारित किया जायेगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार व उप जिलाधिकारी दुद्धी ने 65 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 11 मामलें निस्तारित किये गये और .2 टीमों को क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस दुद्धी में कुल 13 मामले निस्तारित हुए, बाकी 52 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी दुद्धी (न्यायिक) अश्वनी कुमार, डी.एफ.ओ. रेनुकूट, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार,डी.सी. एन.आर.एल.एम. ए.के. जौहरी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिलाधिकारी के स्टेनो राम आधार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने प्रकरणों का निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) सहदेव कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, नायब तहसीलदार आदि ने 28 शिकायतों को सुनते हुए ,मौके पर ही 02 मामलें निस्तारित किये गये, बाकी 26 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए। राबर्ट्सगंज में उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज निखिल कुमार यादव अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज निखिल यादव, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व तहसीलदार सुशील कुमार राबर्ट्सगंज आदि ने 64 शिकायतें सुनते हुए ,मौके पर ही 10 मामलें निस्तारित किये गये और 03 टीमों को क्षेत्र में भेजकर 03 प्रकरणों को निस्तारित किये गये।

छात्र छात्राओं को नया मतदाता बनाने के लिये किया जागरुक

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रेमशिला की कालेज मतदाता जागरुकता अभियान में शनिवार को कीनाराम पीजी कालेज में जाकर प्रबंधक डॉक्टर गोपाल सिंह के सहयोग से दर्जनों छात्र-छात्राओं का मतदाता पहचान पत्र का फार्म भरवाया जिसमे अनीश मौर्या, सत्यम पांडेय,करन कुमार, नन्दनी पटेल,निधि मौर्या, स्नेहा चंद्रवंशी, निशा कुमारी ,कुमारी रीना ,अनामिका, प्रीति पटेल सहित अन्य रहे।

वही महिला नेत्रियों ने शनिवार व रविवार को बूथों पर होने वाले मतदाता शिविर में छात्र-छात्राओं से आधार कार्ड, दो फोटो व हाईस्कूल के अंक पत्र ले जाकर फार्म-6 भरने की अपील की। पुष्पा सिंह बताया कि अपना दोनों का मोबाइल नम्बर भी प्राचार्य के सहयोग से छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराया जिसका परिणाम यह रहा कि कीनाराम पीजी कालेज के छात्र-छात्राओं के मोबाइल फोन मतदाता बनने के लिये जानकारी प्राप्त करने हेतु आने लगे। जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह व प्रेमशिला प्रदेश कार्य समिति सदस्य ने बताया कि नया मतदाता बनने में छात्र-छात्राओं में उत्साह है। छात्र- छात्राओं की चल रही परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए उनसे वाट्सअप पर भी आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराने को कहा गया है।

बता दें कि शहर व आसपास के विद्यालयों में नया मतदाता बनाने के लिये छात्राओं को जानकारी अवगत कराया गया जो महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह साथ इस अभियान में लगी जिला उपाध्यक्ष आशा विश्वकर्मा मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर तारा देवी मंडल महामंत्री छात्र रंगीत देवी सहित अन्य लोग हैं। कार्यक्रम में अलावा भी मौजूद रहीं। कल भी अन्य कालेजों में इसी तरीके के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

आवारा कुत्तों से परेशान हुआ शहर

बीते चार सालों में 72 हजार कुत्तों की करनी पड़ी नसबंदी

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने में नगर निगम प्रशासन मुस्तैदी से डटा है। पिछले चार साल में 72 हजार कुत्तों की नसबंदी व रैबीज वैक्सीनेशन हुआ है। जोकि कुल आबादी का 60 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त 17 नगर निगमों में बर्थ कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए हैं।

उम्मीद जताई जा रही है कि अगले आठ से दस वर्षों में कुत्तों की आबादी नियंत्रित कर ली जाएगी। यह आंकड़े जून, 2023 की सर्वे रिपोर्ट के हैं, जिसे शनिवार को रवीन्द्रालय में ह्यूमन सोसाइटी इंटरनेशनल (एचएसआई) के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में साझा किया गया। यह संस्था नगर निगम द्वारा कुत्तों की जनसंख्या नियंत्रित करने के लिए अनुबंधित संस्था है। कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा बताया गया कि सर्वे के अनुसार दिसंबर, 2019 में ज़ब संस्था ने कार्य शुरू किया था, तब कुत्तों की कुल जनसंख्या में 7.8 प्रतिशत पिल्लों की संख्या थीं, 12.7 प्रतिशत दूध पिलाने वाली श्वान मादाएं थीं। यह संख्या जून, 2023 में घटकर क्रमशः 5.1 प्रतिशत और 2.2 प्रतिशत रह गई है। इससे स्पष्ट है की कुत्तों की संख्या में कमी आ रही है। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, विशेष सचिव नगर विकास राजेंद्र पैनसिया, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविन्द राव, पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा, पशु कल्याण अधिकारी कानपुर डॉ. राम किशोर निरंजन, संस्था की प्रोग्राम डायरेक्टर कैरेन नजरथ कार्यक्रम में शामिल रहे। कार्यक्रम में श्वानों की जनसंख्या नियंत्रित करते हुए मानव श्वान संघर्ष में कमी लाने पर केंद्रित नाटक का मंचन किया गया। अंत में कार्यक्रम का समापन समाज में श्वानों की जनसंख्या नियंत्रित और मानव श्वान संघर्ष में कमी लाने वाले व्यक्तियों को सम्मानित कर किया गया।

एक और एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर की जरूरत

प्रमुख सचिव अमृत अभिजात द्वारा श्वानों की मानव जीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समाज में इस विषय पर अभी और जागरूकता तथा प्रसार की आवश्यकता है। उन्होंने कहाकि लखनऊ नगर निगम सीमा के अंतर्गत विस्तारित क्षेत्रों के शामिल होने के बाद एक और एनिमल बर्थ कण्ट्रोल सेंटर की आवश्यकता है। इससे लोगों को राहत मिलेगी। इसके लिए नगर निगम प्रशासन डीपीआर बनाकर शासन को भेजे।

दस साल में नियंत्रित होगी जनसंख्या

विशेष सचिव नगर विकास राजेंद्र पैंसिया द्वारा जारहरा स्थित श्वान बधियाकरण केंद्र का उच्चीकृत करते हुए विश्वस्तरीय ट्रेनिंग सेंटर में विकसित करने की बात कही गई। इसके लिए शासन से स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने आगे बताया कि वर्ष 2022 तक केवल दो नगर निगमों में एनिमल बर्थ कण्ट्रोल सेंटर स्थापित थे, पर वर्ष 2023 तक के डेढ़ वर्ष के कार्यकाल सभी 17 नगर निगमों में सेंटर स्थापित हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहाकि श्वानों की जनसंख्या में कमी रातोंरात नहीं हो जाएगी, बल्कि इस प्रक्रिया में श्वानों के हितों, पर्यावरण और परिस्थितिकी का संतुलन बनाए रखते हुए 8-10 वर्ष लग जायेंगे।

रिस्पांसिबल वाइल्डलाइफ टूरिज्म के लिए मिलेगा सम्मान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के सहयोग से पांच दिसंबर को नई दिल्ली बीकानेर हाउस में आयोजित समारोह में रिस्पांसिबल वाइल्डलाइफ टूरिज्म में अच्छा प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान पाने वाले विभिन्न प्रदेशों के लोग होंगे। यूके बेस्ड एनजीओ टाफ्ट की ओर से प्रत्येक चार वर्ष में यह पुरस्कार दिया जाता है। यह छठां टाफ्ट वन्यजीव पर्यटन पुरस्कार-2023 है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि टाफ्ट एनजीओ व्यक्तियों, व्यवसायों, सेवा प्रदाताओं और सामुदायिक उद्यमों सहित प्रकृति पर्यटन उद्योग में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को पहचानने और पुरस्कृत करने का काम करता है। इन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप में सस्टीनेबल प्रैक्टिस और रिस्पांसिबल टूरिज्म के प्रति गहरी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। टाफ्ट पूरे भारत में असाधारण वन्यजीव पर्यटन उद्यमों और पहलों के माध्यम से दूसरों को भी इसका अनुसरण करने और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करने की उम्मीद करता है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रचुर प्राकृतिक संसाधन और विशाल वन भंडार हैं।

लोकसभा चुनावः आजमगढ़ से ताल ठोंक सकते हैं शिवपाल

डिंपल और अखिलेश के इन सीटों से लड़ने की चर्चा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी अपने पुराने गढ़ पर पुनः काबिज होने के लिए कारगर रणनीति तैयार कर रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में आजमगढ़ से शिवपाल यादव और बदायूं से धर्मेंद्र यादव के मैदान में उतरने की पूरी संभावना है। कन्नौज से अखिलेश यादव का लड़ना भी करीब-करीब तय माना जा रहा है, जबकि फिरोजाबाद से अक्षय यादव मैदान में उतरना तय हो चुका है। मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव अगले चुनाव में एक बार फिर वहीं से सपा की उम्मीदवार होंगी।

पूर्वांचल में आजमगढ़ लोकसभा सीट सपा का गढ़ मानी जाती रही है। मोदी लहर में भी वर्ष 2014 और 2019 में यहां भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। 2014 में मुलायम सिंह यादव वहां से जीते थे, जबकि 2019 में अखिलेश यादव ने विजय पताका फहराई। लेकिन, अखिलेश के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद हुए उपचुनाव में यह सीट भाजपा ने छीन ली। मुलायम परिवार के सदस्य धर्मेंद्र यादव को भाजपा के दिनेश लाल यादव नरहुआ ने हरा दिया। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, आजमगढ़ से शिवपाल यादव को लड़ाने पर विचार किया जा रहा है। माना जा रहा है कि शिवपाल अपने सांगठनिक कौशल के कारण यहां विपक्षियों पर भारी पड़ेंगे। उनके मैदान में आने पर भितरघात की स्थिति भी न्यूनतम होगी।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में धर्मेंद्र यादव ने बदायूं, अक्षय यादव ने फिरोजाबाद और डिंपल यादव ने कन्नौज से जीत हासिल की थी, लेकिन पिछला लोकसभा चुनाव ये तीनों हार गए। 2019 में धर्मेंद्र यादव को स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी व भाजपा प्रत्याशी संघमित्रा मौर्या ने हराया और अब स्वामी प्रसाद मौर्य सपा में अहम जिम्मेदारी पर हैं। बताते हैं कि धर्मेंद्र यादव को अगला चुनाव बदायूं से ही लड़ाने पर सहमति बन चुकी है।

वर्ष 2019 के चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन होने के बावजूद कन्नौज से डिंपल यादव हार गई थीं। यह क्षेत्र भी समाजवादी गढ़ के रूप में पहचाना जाता रहा है। इस बार वहां से अखिलेश के लड़ने के पूरे आसार बताए जा रहे हैं। फिरोजाबाद से अक्षय यादव को मजबूती से लड़ाने का एलान सपा महासचिव शिवपाल यादव पहले ही कर चुके हैं। वर्ष 2019 का चुनाव शिवपाल के कारण ही अक्षय हारे थे, क्योंकि शिवपाल के मैदान में उतरने से सपा के परंपरागत वोट बंट गए थे।

यूनिटी कालेज स्पोर्ट्स-डेः कायम व लारैब ने लगायी स्वर्ण हैट्रिक

- **4 गुणे 100 रिले में गांधी हाउस चैम्पियन, इकाबाल हाउस उपविजेता**
- **जूनियर व सीनियर वर्ग में स्कूली खिलाड़ियों ने किया दमदार प्रदर्शन**

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। हुसैनाबाद स्थित यूनिटी कालेज में करीब एक महीने से चल रही खेल तैयारियां शनिवार को स्पोर्ट्स डे के रूप में सम्पन्न हो गया। सीनियर वर्ग में कायम अब्बास जैदी ने 100, 200 व 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और शॉटपुट में रजत पदक हासिल किया। जबकि लारैब ने 800, 1500 मीटर दौड़ और लॉग जम्प में स्वर्ण जीते। वहीं शॉटपुट में युसूफ को मात्र एक स्वर्ण की सफलता मिली।

इन्सान का अभ्यास उसे हजार बार दी जाने वाली शिक्षाओं से बेहतर बना सकता है। इसी भाव को प्रस्तुत करते हुए यूनिटी कॉलेज में वार्षिक खेलकूद दिवस-2023 का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व स्पोर्ट्स डे का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में एसएम कासिम आब्दी आईपीएस एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस लखनऊ, सैय्यद अली ओलम्पियन व सुजीत कुमार ओलम्पियन पूर्व सदस्य व कप्तान भारतीय हॉकी टीम ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के मैनेजिंग कमेटी के सदस्य, कॉलेज सचिव नजमुल हसन रिजवी, उपसचिव डॉ मोहम्मद तलहा एवं अभिभावकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कुरान, भागवत गीता, बाइबिल एवं गुरु ग्रन्थ साहिब की पंक्तियों के पवित्र उच्चारण के साथ हुआ। प्रधानाचार्य फ्रान्सिस केस्टिलीनो ने उपस्थित सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनन्द करते हुए कॉलेज की प्रगति रिपोर्ट पड़ी। कॉलेज के हेड ब्वाय व हेड गर्ल ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि एसएम जासिम आब्दी ने गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। कालेज सचिव नजमुल हसन रिजवी ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। ओलम्पियन सैयद अली एवं सुजीत कुमार ने मशाल प्रज्ज्वलित करके कालेज कैप्टन को सौंपी।

इसके साथ ही जूनियर एवं सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने 100 मीटर रेस फाइनल, सीनियर विद्यार्थियों ने 100 वर्ग मीटर गुणे 4 रिले रेस, सीनियर एवं जूनियर कक्षा के विद्यार्थियों ने 200 मीटर फाइनल रेस एवं शारीरिक सौष्ठव, अनुशासन एवम समन्वय का प्रदर्शन करते हुये विद्यार्थियों ने पिरामिड्स एवं जिमनास्टिक का अद्भुत प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन करते हुए कालेज सचिव नजमुल हसन रिजवी ने उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम अपने बच्चों को केवल पढ़ाई में ही नहीं बल्कि खेल-कूद एवं अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढने के लिये प्रेरित करते हैं ताकि भविष्य में वे सभी कठिनाइयों को पार करके जीवन में सफलता हासिल करें।

स्पोर्ट्स-डे के एथलेटिक्स परिणामः

100 मीटर दौड़ : कायम अब्बास जैदी (स्वर्ण पदक), लारैब (रजत पदक), वली रजा (कांस्य पदक)
200 मीटर दौड़ : कायम अब्बास जैदी (स्वर्ण पदक), लारैब (रजत पदक), नफीस रजा (कांस्य पदक)।
400 मीटर दौड़ : कायम अब्बास जैदी (स्वर्ण पदक), लारैब (रजत पदक), नफीस रजा (कांस्य पदक)।
800 मीटर दौड़ : लारैब (स्वर्ण पदक),जैनुल इमाम (रजत पदक),हशम (कांस्य पदक)
शॉटपुट : युसूफ (स्वर्ण पदक), कायम अब्बस जैदी (रजत पदक), वफा अब्बास (कांस्य पदक)।
1500 मीटर दौड़ : लारैब (स्वर्ण पदक),नफीस रजा (रजत पदक), वफा (कांस्य पदक)।
लॉग जम्प : लारैब (स्वर्ण पदक), अली जाफर (रजत पदक),वफा अब्बास (कांस्य पदक)
4 गुणे 100 रिले दौड़:
गांधी हाउस : कायम अब्बास जैदी, अयाज, शारिब, अब्बस (स्वर्ण पदक)
इकबाल हाउस: नफीस, जैनुल, अरशान, हसन (रजत पदक)
टैगोर हाउस : लारैब, पोलाड, वफा, वली (कांस्य पदक)

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य एम0 सिंधिया ने शिष्टाचार भेंट की।

मुख्यमंत्री द्वारा किसानों को दिया गया बड़ा तोहफाः राठौर

- **प्रदेश की सभी 7500 पैक्स की 750 करोड़ रू0 की ब्याज मुक्त कैश क्रेडिट क्रेडिट लिमिट हेतु बजट स्वीकृत**
- **प्रदेश की पैक्स द्वारा वर्ष में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का व्यवसाय किया जा सकेगा**

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे.पी.एस. राठौर ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा अनुपूरक बजट के माध्यम से प्रदेश के कृषकों के हित में की गई घोषणा का क्रियान्वयन करते हुए, बजट आवंटित कर दिया गया है। इसके तहत प्रदेश की सभी 7500 पैक्स की 750 करोड़ रू. की ब्याज मुक्त कैश क्रेडिट क्रेडिट लिमिट स्वीकृत की गयी हैं, जिससे प्रत्येक पैक्स वर्ष में औसतन रू.-1.20 करोड़ का व्यवसाय कर सकेगी। प्रदेश की पैक्स द्वारा वर्ष में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का व्यवसाय हो जायेगा। पैक्स पर उर्वरकों यथा-यूरिया, डी.ए.पी., बीज एवं अन्य उर्वरकों की आपूर्ति समयबद्ध सुनिश्चित होगी, जिससे पैक्स में उर्वरकों की निरन्तरता एवं उपलब्धता बनी रहेगी और कृषकों को अपनी फसलों की बुवाई के लिए समय पर उर्वरक उपलब्ध होंगे। साथ ही प्रदायकर्ताओं को भुगतान भी समय से प्राप्त होगा। रू.-10.00 लाख की लिमिट से पैक्स को एक बार में दो ट्रक यूरिया एवं दो ट्रक डी.ए.पी. की आपूर्ति हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान-2023 के दिनांक 01 सितम्बर, 2023 को शुभारम्भ करने के अवसर पर प्रदेश के पैक्स को सुदृढ़ बनाये जाने एवं कृषकों को समय से उर्वरक, बीज एवं अन्य कृषि निवेशों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु प्रदेश की 7500 पैक्स को रू0-10-10 लाख की ब्याज मुक्त कैश क्रेडिट लिमिट दिये जाने की घोषणा की गई थी।

डॉ. विपिन यादव को शिक्षक प्रकोष्ठ के महासचिव नियुक्त

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की संस्तुति पर प्रदेश कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के चेयरमैन अजय कुमार सिंह ने डॉ. विपिन यादव को शिक्षक प्रकोष्ठ का महासचिव नियुक्त किया है। डॉ. यादव वर्तमान में महाराजगंज के जवाहर लाल नेहरू कॉलेज में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। पार्टी प्रवक्ता डॉ. मनीष हिंदवी ने बताया कि डॉ. यादव विद्यार्थी जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहे और इलाहाबाद विवि की छात्र राजनीति में विभिन्न पदों पर निर्वाचित होकर काम किया।

ईसाले सवाब के लिए मजलिस आज

लखनऊ। जामिया उर्दू अलीगढ़ के केन्द्र प्रभारी और समाजसेवी डॉ. हुसैन मोहसिन जैदी के पिता स्वर्गीय हबीब हसन जैदी के ईसाले सवाब के लिए रविवार को बरसी की मजलिस होगी। हुसैन मोहसिन जैदी ने बताया कि हरदोई रोड के सरफराजगंज स्थित मस्जिद बिल्कीस जहां में रविवार को मगरिब की नमाज के बाद तिलावते कलामे पाक से मजलिस का आगाज होगा। मजलिस में हसन मोहसिन संडीलवी, बज्मी फतेहपुरी, कैफ जैदी गाजीपुरी अपने कलाम पेश करेंगे।

एसआई कैडेट और कांस्टेबल रगंरूट की पासिंग आउट परेड आयोजित

कोहरे के काराण ट्रेनों को किया निरस्त

लखनऊ। रेलवे प्रशासन ने कोहरे के कारण परिचालनिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों को निरस्त किया जायेगा। आनंद विहार टर्मिनस से 8, 15, 22, 29 दिसम्बर को तथा 5, 12, 19, 26 जनवरी, 2, 9, 16, 23 फरवरी एवं 1 मार्च को चलने वाली 15026 आनंद विहार टर्मिनस मऊ एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। आरपीएफ एसआई कैडेट और कांस्टेबल रगंरूट की पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर रेलवे के डीआरएम मनीष थपलिाल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजद रहे। आईजी व सह.निदेशक बी.वेंकटेश्वर राव ने आईआरपीएफएस प्रोबशेनर, एसआई कैडेट और कांस्टेबल रगंरूट को उनके पद के कर्तव्यों को सत्य एवं निष्ठा से पूरी करने के लिए शपथ दिलाई। आयोजन में शनिवार को कुल 21 प्रशिक्षु जिसमें एक आईआरपीएफएस प्रोबशेनर, 10 एसआई कैडेट और 10 कांस्टेबल रिक्रूट पास आउट हुए। यह काननू, रेलवे सुरक्षा, रेलवे रेलवे की कार्यप्रणाली, फोरेन्सिक ज्ञान, साइबर अपराध, शारीरक दक्षता और आधुनिक हथियार कौशल का गहन परीक्षण करने के उपरांत पास आउट हुए। रेलवे में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए आईआरपीएफएस प्रोबशेनर को 78 सप्ताह एसआई कैडेट्स और कांस्टेबल रिक्रूट को इनडोर और आउटडोर विषय में कई महीने का बुनियादी प्रशिक्षण दिया गया। सभी रंगारंग परडे में हिस्सा लेकर और शपथ लेकर रेलवे सुरक्षा बल के सदस्यश् बन गये। इस दौरान बी.वेंकटेश्वर राव ने ट्रेनिंग रिपोर्ट प्रस्तुत की। मंडल रेल प्रबंधक मनीष थपलियाल ने विजेताओं को पदक देकर पुरस्कृत किया। अपने सम्बोधन में डीआरएम ने नये जवानों को अपने परिवार में शामिल होने पर बधाई दी।

जीआरपी चारबाग ने पर्स व मोबाइल को किया गिरफ्तार

लखनऊ। थाना जीआरपी चारबाग ने रेलवे स्टेशन व ट्रेनों की भीड़भाड़ में महिला यात्रियों का पर्स व मोबाइल की चोरी करने वाले अभियुक्त मेराज अहमद को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी के दो एंड्राइड मोबाइल बरामद किये हैं। पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ की ओर से ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों पर चोरी, लूट व जहरखुरानी की घटनाओं की रोकथाम व इनामिया, वांछित और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे संजीव कुमार सिन्हा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक संजय खरवार के नेतृत्व में गठित टीम मेराज को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। ग्राम रूकनापुर डीहा बहराइच के रहने वाले 25 वर्षीय मेराज अहमद पुत्र स्वर्गीय तैय्यब अली को चारबाग सर्कुलेटिंग एरिया के मोटर साईकिल पार्किंग के पास से गिरफ्तार किया है। उसके पास से जीआरपी ने अलग अलग कम्पनी के दो मोबाइल फोन बरामद किये हैं जिनकी कीमत लगभग 16000 रुपये है।

आंध्र प्रदेश में मिचौंग तूफान के कारण ट्रेनों को किया निरस्त

लखनऊ। आंध्र प्रदेश में मिचौंग तूफान के कारण ट्रेनों को निरस्त किया गया है। गोरखपुर से 3 दिसम्बर को चलने वाली 12511 गोरखपुर कोचुवेली एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। कोचुवेली से 6 दिसम्बर को चलने वाली 12512 कोचुवेली गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। चेन्नई से 4 दिसम्बर को चलने वाली 12669 चेन्नई छपरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। छपरा से 6 दिसम्बर को चलने वाली 12670 छपरा चेन्नई एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। चेन्नई से 5 दिसम्बर को चलने वाली 16093 चेन्नई लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ जंक्शन से 7 दिसम्बर को चलने वाली 16094 लखनऊ जंक्शन चेन्नई एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बनारस से 3 दिसम्बर को चलने वाली 22536 बनारस रामेश्वरम एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। रामेश्वरम से 6 दिसम्बर को चलने वाली 22535 रामेश्वरम बनारस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। एर्नाकुलम से 2 दिसम्बर को चलने वाली 22669 एर्नाकुलम पटना एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। पटना से 5 दिसम्बर को चलने वाली 22670 पटना एर्नाकुलम एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

लखनऊ से नई ट्रेनें चलाने की तैयारी शुरू

लखनऊ। उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन लखनऊ से मुंबई, पुरी, कटरा, देहरादून और पटना के लिए नई ट्रेनें चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव से पहले लखनऊवासियों को यह तोहफा मिलने की पूरी उम्मीद है। एक ओर जहां लखनऊ से पटना, देहरादून के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चलेंगी, वहीं दूसरी ओर गोमतीनगर स्टेशन से पुरी, कटरा और मुम्बई की ट्रेनें पटरी पर उतरेंगी। गोमतीनगर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। 25 दिसंबर तक स्टेशन का अपग्रेडेशन की तैयारी है। इसी दौरान गोमतीनगर से पुरी, मुम्बई और कटरा की ट्रेनों को चलाया जायेगा और इसका रूटमैप भी बनाने का काम तेजी से चल रहा है। लखनऊ से श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा के लिए नई ट्रेन शुरू करने की घोषणा 25 दिसम्बर के बाद से चलाने की तैयारी है। इसी तरह मुम्बई के लिए भी एक सीधी ट्रेन शुरू होगी। उत्तर रेलवे लखनऊ से पटना, लखनऊ से देहरादून वाया मुरादावाद वंदे भारत चलाने के लिए समय सारणी तय करने में जुटा है। इसके नोटिफिकेशन का इंतजार है।

लखनऊ पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में जिलाधिकारी ने बच्चों को दी प्रेरणा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। पब्लिक वर्ल्ड स्कूल, गार्डेन सिटी, डी.एल.एफ, रायबरेली रोड, लखनऊ ने अपना प्रथम वार्षिकोत्सव एल.पी.एस सेक्टर-9 वृन्दावन योजना शाखा के प्रेक्षागृह में मनाया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने किया। इस अवसर पर प्रबंधक डॉ. एस. पी. सिंह, एम .डी . सुशील कुमार, पूर्व एम. एल. सी. कान्ति सिंह, ग्रेस अरुन, कैम्ब्रिज इंटरनेशनल की प्राची मेहता. डॉ राहुल दीक्षित, निदेशक हर्षित सिंह, प्रधानाचार्याएं- नवनीत कौर, भारती गोसाई, डॉ रुपाली पटेल, परीक्षा नियंत्रक योगेश कुमार गुप्ता, एचआर हेड सरिता चौधरी, अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन के माध्यम से यह प्रेरणा दी कि ज्ञान की लौ प्रज्ज्वलित करने के साथ ही साथ, उसका संरक्षण भी जरुरी है।

जहाँगीराबाद रेल हादसाः शोकसभा का किया गया आयोजन

लखनऊ। जहाँगीराबाद रेल हादसे मे जान गवाने वाले दिवंगत सिंग्नल विभाग के 25 वर्षीय रेल कर्मचारी स्वर्गीय अरविन्द कुमार की आत्मा की शांति के लिये सीनियर सेक्शन इंजीनियर ऐशबाग (सिंग्नल) के ऑफिस मे शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमे नरमू के मंडल मंत्री आर एन गर्ग जी , बादशाहनगर के शाखा मंत्री सफदर हुसैन के साथ युवा पदाधिकारी और कर्मचारी एकत्र हुए एकत्र होकर 2 मिनट का मौन रखा गया। मंडल मंत्री आर एन गर्ग ने रेल कर्मचारियों से सुरक्षित रह कार्य करने के लिये कहा, शाखा मंत्री सफदर हुसैन ने कर्मचारियों को पहले अपनी सुरक्षा, फिर रेल की सुरक्षा का नारा दिया। उसके बाद सभी पदाधिकारी इंजियरिंग कर्मचारियों से मिलने (पी डब्लू आई) ऑफिस गए वहाँ पर इंजीनियरिंग विभाग के साथियो के साथ बैठ कर उनके साथ कार्य के विषय पर चर्चा की समस्याओं को सुना और उनका निवारण करने के लिये संबंधित कर्मचारियों को फोन किया गया। इस अवसर पर मंडल मंत्री आर एन गर्ग बादशाह नगर शाखा मंत्री सफदर हुसैन, ऐशबाग युवा काऊंसिल के अध्यक्ष अनिल कुमार, चंदन यादव, अरविन्द वर्मा, त्रयमबक मौर्य, सरोज कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।